CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रो० एम० कुमारिया

1981 में आपका भविष्य

आपके व्यापार, धन, सम्पत्ति, नौकरी, व्यक्तित्व, प्रेम, उन्नति, विवाह, सन्तान विद्या, स्वास्थ्य, मित्रता, यात्रा, आदि प्रश्नों के उत्तर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हेडौं स्व श्री जयेन्द्र बम मल्ल
ज्यूको सम्झनामा रहेका
पुस्तकहरु सार्वजनिक प्रयोगका
लागि प्रदान गरिएको छ।
श्रीमती मेदिनी मल्ल

D—328

यह पुस्तक नाम राशि पर आधारित राशियों की पृष्ठ भूमि पर लिखी गयी है, इस पुस्तक में प्रत्येक राशि के नये वर्ष के बारह महीनों का दैनिक भविष्य फल दिया गया है। साथ ही नये वर्ष में व्यापारिक उतार चढ़ाव, प्रत्येक राशि के लिए शुभ रत्न एवम् सहयोगी राशियों का पूर्ण विवरण दिया गया है।

अपनी राशि अनुसार पृष्ठ पलटिए—और अगामी वर्ष में अपने भाग्य फल को जानिए।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

डायमण्ड पाकेट बुक्स में ज्योतिष विषयक पुस्तकें

○ भारतीय ज्योतिष्य	राधाकृष्ण श्रीमाली	5/-
○ ज्योतिष्य सीखिए	,, ,,	4/-
○ अंक ज्योतिष्य	,, ,,	4/-
○ ज्योतिष्य और रत्न	,, ,,	4/-
○ बृहद हस्त रेखा	,, ,,	5/-

डायमंड पाकेट बुक्स

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ज्यो स्व श्री जयेन्द्र वम मल्ल
ज्यूको सकलनमा रहेका
पुस्तकहरु सार्वजनिक प्रयोगका
लागि प्रदान गरिएको छ।
श्रीमती मेदिनी मल्ल

प्रो॰ एम॰ कुमारिया

1981 में आपका भविष्य

नाम राशि के अनुसार वर्ष भर का
दैनिक भविष्य संकेत

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

© प्रकाशकाधीन

प्रकाशक
डायमण्ड पॉकेट बुक्स
२७१५, दरियागंज, नई दिल्ली-११०००२
वितरक :
पंजाबी पुस्तक भण्डार
दरीबा कलां दिल्ली-११०००६
संस्करण : १९८०
मूल्य : चार रुपये
मुद्रक : गोयल प्रिंटर्स, भोलानाथ, नगर दिल्ली-३२

1981 Main Apka Bhavishya
By : Prof. M. Kumaria Rs. 4/-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भूमिका

संसार का शायद ही कोई ऐसा देश हो जहां ज्योतिष-शास्त्र किसी-न-किसी रूप में प्रचलित न हो। इसी शास्त्र के ज्ञान से संसार ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति जानकर संसार में होने वाली महत्त्व-पूर्ण घटनाओं, मौसम और मनुष्य के आगामी जीवन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करता है।

लेकिन इस भौतिकवादी युग में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो ज्योतिष शास्त्र पर विश्वास ही नहीं करते। भौतिक-विज्ञान तो ज्योतिष-शास्त्र को रत्ती भर भी महत्व नहीं देता। फिर भी मानव की अनादि-काल से यह सवाभाविक जिज्ञासा रही है कि वह अपने भविष्य के सम्बन्ध में जाने। क्योंकि वह अपने भविष्य को वर्तमान की अपेक्षा कहीं अधिक सुखद और सुन्दर वनाना चाहता है। यदि उसे अपने भविष्य का थोड़ा-सा भी पूर्वाभ्यास हो जाता है तो वह आने वाले संकटों और खतरों के प्रति सतर्क और सजग हो जाए और अपने वचाव का उपाय ढूंढ सके और अपने भविष्य को अपने अनुकूल वना सके। मानव को रात-दिन अपने भविष्य को सुन्दर और सुखद बनाने की ही चिन्ता लगी रहती है और इसीलिए वह रात-दिन परिश्रम करता है।

यदि मनुष्य को यह पता चल जाए कि उसका भविष्य उसके अतीत और वर्तमान की अपेक्षा कहीं अधिक सुन्दर, सुखद और स्वर्णिम तथा उज्ज्वल है तो उसे एक नया उत्साह और नयी प्रेरणा मिल जाती है। उसकी कार्यक्षमता और क्रियाशीलता में वृद्धि हो जाती है और वह अपने भविष्य को सुन्दर वनाने के लिए और अधिक सक्रिय, सचेत और क्रियाशील हो जाता है।

भारतीय ज्योतिष में ग्रहों और नक्षत्रों की खोज वहुत पुरानी है। कोई नहीं जानता कि भारतीय ज्योतिष-शास्त्र का जन्म कव हुआ और उसका जन्मदाता कौन था ? हां, इस शास्त्र के अनेक विद्वानों के सम्वन्ध में हमें उनकी पुस्तकों द्वारा हल्का-सा परिचय अवश्य मिल जाता है।

भारतीय ज्योतिष-शास्त्र के जन्मदाताओं ने ग्रह और नक्षत्रों की खोज करने के वाद उनकी गति के द्वारा मनुष्यों के भविष्य को जानने का प्रयास करते हुए अनेक खोजों और अन्वेषणों के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पश्चात कुछ सिद्धांतों का प्रतिपादन किया। वे सिद्धांत ही ज्योतिष शास्त्र के मूलभूत आधार बने। इन सिद्धांतों के मनन, चिन्तन और विवेचन के द्वारा मानव ज्योतिष-शास्त्र का जितना भी विकास करता गया ज्योतिष-शास्त्र उतना ही तर्क संगत और सत्य के निकट आता गया। और आज का मानव इस स्थिति में है कि बिना वैज्ञानिक उपकरणों के ही वह ऋतु परिवर्तनों, भूचालों आदि प्राकृतिक आपदाओं को पहले ही जान लेता है।

ज्योतिष शास्त्रियों ने वर्ष को बारह महीनों में विभाजित किया है। उनका कहना है कि सूर्य एक वर्ष में सभी बारह राशियों का भ्रमण पूरा कर लेता है। सूर्य जिस समय जिस राशि में होता है उस समय यानि उस राशि में जन्मे शिशु के सम्पूर्ण जीवन पर एक स्थायी प्रभाव पड़ता है। और उस राशि के आधार पर उस शिशु के सम्पूर्ण भविष्य को बड़ी आसानी से जान लिया जाता है। राशि का प्रभाव ही व्यक्ति के जीवन के प्रत्येक पल को प्रभावित करता है।

व्यक्ति के भविष्य फल को जानने के लिए सबसे पहले यह जानना आवश्यक है कि उस व्यक्ति की राशि क्या है।

नीचे दिए गए नामाक्षरों के अनुसार आप अपनी राशि जान सकते हैं। जिन्हें जन्म नाम ज्ञात न हो वे प्रसिद्ध नाम (बोलते नाम) के अनुसार अपनी राशि निश्चित करें।

मेष—चू चे चो ला ली लू ले लो अ
वृष—ई उ ए ओ वा वी वू वे वो
मिथुन—का की कू घ ङ छ के को ह
कर्क—ही हू हे हो डा डी डू डे डो
सिंह—मा मी मू मे मो टा टी टू टे
कन्या—टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
तुला—रा री रु रे रो ता ती तू ते
वृश्चिक—तो ना नी नू ने नो या यी यू
धनु—ये यो भा भी भू धा फा ढ़ा भे
मकर—भो जा जी खी खू खे खो गा गी
कुम्भ—गू गे गो सा सी सू से सो दा
मीन—दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

प्रो० : एम० कुमारिया

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अनुक्रमणिका

1. 1981 वर्ष के त्योहार व सरकारी छुट्टियां 9
2. विक्रमी सम्वत 2038 का सामूहिक फल 11
3. 1981 में मासिक व्यापारिक उतार चढ़ाव 12
4. शुभ विवाह महूर्त 1981 14
5. 1981 का दैनिक भविष्य संकेत
(i) मेष—चू चे चो ला ली लू ले लो अ 15
(ii) वृष—ई उ ए ओ वा वी वू वे वो 25
(iii) मिथुन—का की कू घ ड़ छ के को ह 37
(iv) कर्क—ही हूं हे हो डा डी डू डे डो 48
(v) सिंह—मा मी मू मे मो टा टी टू टे 59
(vi) कन्या—टो पा पी पू ष ण ठ पे पो 71
(viii) तुला—रा री रु रे रो ता ती तू ते 83
(viii) वृश्चिक—तो ना नी नू ने नो या यी यू 95
(ix) धनु—ये यो भा भी भू धा फा डा भे 105
(x) मकर—भो जा जी खी खू खे खो गा गी 117
(xi) कुम्भ—गू गे गो सा सी सू से सो दा 129
(xii) मीन—दी दू थ झ ञ दे दो चा ची 141
6. राशियों के अनुसार भाग्यशाली नग और हीरे 154
7. व्यावसायिक जीवन पर राशियों का प्रभाव 158

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

1981 वर्ष के त्यौहार व सरकारी छुट्टियां

नव वर्ष	गुरुवार	1	जनवरी
लोहड़ी (गुरु गोविन्दसिंह का जन्म)	चन्द्रवार	12	,,
मकर संक्रान्ति	मंगलवार	13	,,
गणतन्त्र दिवस	चन्द्रवार	26	,,
वसन्त पंचमी	चन्द्रवार	9	फरवरी
गुरु रविदास जयन्ती	बुधवार	18	,,
महाशिवरात्रि	गुरुवार	5	मार्च
होलिका दहन	शुक्रवार	20	,,
धुलैंडी (होली)	शनिवार	21	,,
संवत 2038, नवरात्रे शुरू	रविवार	5	अप्रैल
राम नवमी	,,	12	,,
वैसाखी मेष संक्रान्ति	चन्द्रवार	13	,,
महावीर जयन्ती	रविवार	19	,,
गंगा दशमी	शुक्रवार	12	जून
निर्जला एकादशी	शनिवार	13	,,
रथ यात्रा	शुक्रवार	3	जुलाई
रमजान रोजे आरम्भ	शनिवार	4	,,
गुरु पूर्णिमा	शुक्रवार	17	,,
हरियाली तीज ईदुल फितर	रविवार	2	अगस्त
स्वतन्त्रता दिवस	शनिवार	15	,,
रक्षा बन्धन	,,	,,	,,
कृष्ण जन्माष्टमी	,,	22	,,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऋषि पंचमी	गुरुवार	3	सितंबर
अनन्त चौदस	शनिवार	13	,,
महालक्ष्मी व्रत	रविवार	20	,,
नवरात्रे आरम्भ	मंगलवार	29	,,
गांधी जयन्ति	शुक्रवार	2	अक्तूबर
दुर्गाष्टमी	मंगलवार	6	,,
विजय दशमी	गुरुवार	8	,,
शरद पूर्णिमा	मंगलवार	13	,,
करवा चौथ	शुक्रवार	16	,,
धनतेरस	रविवार	25	,,
दीपावली, लक्ष्मी पूजन	मंगलवार	27	,,
अन्नकूट	बुधवार	28	,,
भैया दूज	गुरुवार	29	,,
हिजरी 1402	शुक्रवार	30	,,
गोपाष्टमी	गुरुवार	5	नवम्बर
ताजिया	रविवार	8	,,
गुरु नानक जन्मदिन	बुधवार	11	,,
क्रिसमस	शुक्रवार	25	दिसम्बर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विक्रमी संवत 2038 का सामूहिक फल

वर्ष का राजा सूर्य और मंत्री चन्द्र है। अतः स्थिति पिछले वर्ष से एकदम विपरीत होगी। राजा की स्थिति अत्याधिक मजबूत और मंत्री वर्ग कमजोर होगा। राजनैतिक दलों में परिवर्तन होगा। छोटे २ दल लुप्त होंगे। देश-विदेश में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। गोली काण्ड और राजनैतिक हत्याओं की सम्भावना रहेगी। पड़ोसी देशों का तनाव बना रहेगा। गुप्त खतरे बने रहेंगे। राजा की स्थिति मजबूत होने के बावजूद षड्यन्त्र, जान माल के खतरे बने रहेंगे। व्यापारी वर्ग परेशान रहेगा। गल्लाखोरों को हानि होगी। महत्वपूर्ण हत्याएं होंगी। मन्त्रीमण्डल में हलचल बनी रहेगी। सोने चांदी के भाव बढ़ेंगे। खाने पीने की वस्तुओं पर नियंत्रण रहेगा। छोटे वर्गों को लाभ होगा, बड़े वर्ग असन्तुष्ट रहेंगे। जरूरत की वस्तुओं पर सरकारी नियंत्रण होगा। वर्षा अनुपात से होगी। कई प्रदेशों में प्रकृति प्रकोप और बाढ़ की संभावनाएं होंगी। कुल मिलाकर ईरान, अमेरिका, चीन, पाक, अफगानिस्तान में दंगे फिसाद और युद्ध की सम्भावना रहेगी। भारत में भी उपद्रव होंगे मगर दबा दिये जायेंगे। पार्टी में विभाजन और सरकार का स्वरूप बदल जायेगा। भूमि एवं जायदाद पर सरकारी नियंत्रण रहेगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

1981 में मासिक व्यापारिक उतार चढाव

आयात और निर्यात बढ़ने के कारण खाद्यान स्थिति वैसो ही रहेगी और भाव निरन्तर बढ़ते हुए दिखाई देंगे। बीमारियों के कारण दवाइयों के भाव विशेषकर बढेंगे और बहुत-सी उपयोगी वस्तुएं बाजार में लापता दिखाई देंगी। अधिकारी वर्ग के सहयोग से कुछ लोग भाव बढ़ाने में सफल हों, स्वार्थ-साधना से सशक्त बनें। परन्तु जनता पर मंहगाई का आतंक छाया रहेगा।

देशों में निरन्तर युद्ध की स्थिति रहने के कारण तेलादि, खनिज पदार्थों के भाव बढ़ने पर औद्योगिक प्रगति पर भी प्रभाव पड़े।

31 जुलाई 1981 के सूर्यग्रहण के वाद रोग, पीड़ा और युद्ध के वादल मंडराते हुए दिखाई देवें। भारतीय उत्पादन एवं व्यापारिक स्थिति अपेक्षाकृत उत्तम हो।

जनवरी 1981 में कपास, रूई, गन्ना, अनाज और सोना चांदी आदि धातुओं के भाव बढें। रस पदार्थों में कमी। प्रजा में अशांति व हत्याकांड वृद्धि पर रहें। अधिकारीगण जनता की सेवा से उन्मुख हों।

फरवरी 1981 में राशि में शनिवक्र होने के कारण धातुओं में एकदम वृद्धि होकर कमी हो। तत्पश्चात् भाव में स्थिरता रहे अर्थव्यदस्था में गड़वड़ी के कारण अशान्ति व उपद्रव सम्भव है।

मार्च 1981 में खाद्यान्न आदि पदार्थों में प्रचुरता। आयात-निर्यात के नियम ढीले हों। जनता में व्यापारिक स्थिति उत्तम हो। अनाज के भाव मन्दे होने से किसान को हानि उठानी पड़े।

अप्रैल 1981 में वर्ष का राजा सूर्य होने से अधिकारी वर्ग प्रजा पर आतंक बनाए रखे व श्रमिक उपद्रवकारी हों। आवश्यक वस्तुएं बाजार में नजर न आयें। कई राजनैतिक षड़यंत्र सम्भव हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मई 1981 में भावों में एक बार फिर तेजी हो। जनता में अशान्ति। जल वृष्टि से कहीं लाभ तथा कहीं हानि रहे। निर्यात की वृद्धि से देश को लाभ हो।

जून 1981 अपनी चर्म सीमा तक पहुंचे। गल्ले के भाव में मन्दी। सोना, चांदी तेज रहें। वर्षा व कीड़ों से फसल की हानि भी सम्भव है।

जुलाई 1981 में पृथ्वी पर आतंक, भूकम्प और समुद्र तटों पर विशेष उपद्रव हों। पूर्णिमा के पश्चात् सूर्यग्रहण तक राजनैतिक नियमों के कारण प्रजा में विरोध, कष्टों का आतंक छाया रहे। भावों में वृद्धि तथा कई स्थानों पर व्यतिपात के कारण अन्न धन की हानि हो।

अगस्त 1981 में कहीं अत्यधिक वर्षा तथा कहीं वर्षा में कमी। गल्ले में वृद्धि। प्रजा में उपद्रव व हिंसात्मक घटनाएं हों। चांदी व किर्यानी में तेजी उत्पन्न हो।

सितम्बर 1981 में किसी विशेष अधिकारी का निधन, प्रजा में उपद्रव। खाद्यान्नों के भावों में मंदी। सोना, चांदी, तिलहन एवं खनिज पदार्थों के भाव बढ़ भी सकते हैं।

अक्तूबर 1981 में दीवाली से पहले ही लोगों में क्रय विक्रय करने की शक्ति समाप्त हो। भाव वृद्धि के कारण दीवाली नीरस सी दिखाई देवे। प्रजा में अशान्ति एवं उपद्रव के योग बन। संग्रहकारियों को लाभ और अन्य दुर्घटनाएं भी हों।

नवम्बर 1981 में रुई, कपास और सूती कपड़े के दाम बढ़ें। कपड़े की मिलों में उपद्रव। किराना के भावों में वृद्धि। किन्हीं देशों में अशान्ति और किसी देश में भारतीयों का निष्कासन। सीमाओं पर युद्ध के बादल मंडराते दिखाई दें। नैतिक भ्रष्टाचार के कारण प्रजा तटस्थ रहें।

दिसम्बर 1981 में अनेक प्रकार के उपद्रव, युद्ध, अग्निकाण्ड, प्रजा में क्षय। देश में उपद्रव रहे। इससे आगे आने वाले 6 महीनों तक घोर संकट एवं अराजकता का सामना करना पड़े।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शुभ विवाह मुहूर्त्त 1981

शुभ विवाह वैसाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, आश्विन, मगशिर, माघ और फाल्गुन में होते हैं। वर-वधु के नाम से उचित महीना निकालना आवश्यक होता है। वर की राशि से सूर्य चौथे, आठवें, बारहवें व पहले घर में नहीं होना चाहिए। सिंह के गुरु में विवाह वर्जित होते हैं। लेकिन त्योहारों और नवरात्रों में सभी राशि वालों के लिए विवाह शुभ माना जाता है। जैसे वसन्त पंचमी, वैसाखी, दशहरा, रामनवमी आदि। कुछ 1981 के विवाह मुहूर्त इस प्रकार हैं—

वैसाख शुक्ल पक्ष	14 तिथि	रविवार	स्वाति नक्षत्र
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष	2 तिथि	गुरुवार	मूल नक्षत्र
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष	9 तिथि	गुरुवार	उत्तराभाद्रपद नक्षत्र
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष	9 तिथि	गुरुवार	हस्त नक्षत्र
ज्येष्ठ ,, ,,	11 तिथि	शनिवार	स्वाति नक्षत्र
ज्येष्ठ ,, ,,	13 तिथि	चन्द्रवार	अनुराधा नक्षत्र
आषाढ़ कृष्ण पक्ष	7 तिथि	बुधवार	उत्तराभाद्रपद नक्षत्र
आषाढ़ शुक्ल पक्ष	4 तिथि	शनिवार	मघा नक्षत्र
आषाढ़ शुक्ल पक्ष	6 तिथि	मंगलवार	उत्तराफाल्गुनी
आषाढ़ ,, ,,	9 तिथि	शुक्रवार	स्वाति नक्षत्र
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष	7 तिथि	बुधवार	मघा नक्षण
,, ,, ,,	10 तिथि	शनिवार	उत्तराफाल्गुनी
,, ,, ,,	10 तिथि	,,	हस्त नक्षत्र
,, ,, ,,	11 तिथि	रविवार	,, ,,
माघ ,, ,,	5 तिथि	गुरुवार	उत्तराफाल्गुनी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मेष राशि

आपकी राशि का स्वामी मंगल है जो नेतृत्व व शक्ति का दाता है। मंगल द्वारा दी गई शक्ति के कारण आप में नेतृत्व करने और संघर्ष से जीतने की शक्ति है। मेष राशि वाले स्वभावतः दूसरों की सेवा में तत्पर रहकर समाज को अपना अनुयायी बनाने में सफल होते हैं। वे चन्द्र से आत्मविश्वास, धैर्य, साहस और सूर्य से तेज प्राप्त करते हैं। केतु से चातुर्य और शुक्र से उन्हें मनोबल प्राप्त होता है। यही कारण है आप संघर्षशील, कुशल प्रशासक होते हैं। कदम बढ़ाकर पीछे हटाना आपके लिए असम्भव हो जाता है। स्वावलम्बी होने के कारण आप दूसरों के आश्रय में नहीं जा सकते। आश्रितों को सहायता देकर आप सब को अनुयायी बनाकर ही संतुष्ट होते हैं।

नेतृत्व ही आपकी प्रबल शक्ति है। संघर्ष में डटकर मुकाबला करना आपकी विशेष क्षमता है। आप संघर्षशील रहकर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर ही लेते हैं। निर्णय लेने में अधिक विचार-विमर्श नहीं करते, शीघ्र ही कार्य कर डालते हैं। चापलूसों को फौरन पहचान लेते हैं। उनसे ज्यादा देर निर्वाह नहीं होता। उदार प्रकृति के कारण मन में आई बात रुकती नहीं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आश्रितों को सद्व्यवहार देना आपका सद्गुण है। एक बार जो मन में टिक जाए, वह निकलने नहीं पाता।

मेष व्यक्तियों के लिए विद्या प्राप्त करने के मार्ग में बाधाएं आती हैं, परन्तु वे हारते नहीं हैं, वे जो कुछ भी ग्रहण करते हैं, उसे पूर्णरूप से करते हैं। यदि तुल जाएं तो विद्या में विशेष सफलता प्राप्त कर लेते हैं। वे कुशल सैनिक, इंजीनियर, प्रशासनिक कार्यकर्त्ता, समाज सेवक एवं प्रतिष्ठायुक्त पदों पर रहते हैं।

प्रेम के मामले में आपकी प्रकृति विशेष उदार है। जहां जो मिले उसे अपनाने में नहीं हिचकिचाते। सौन्दर्य की इच्छा भी विशेष नहीं रखते। भोग की प्राप्ति होने पर बहुत सन्तुष्ट होते हैं।

मान और महत्त्व पहले से ही प्राप्त होता है। सन्तोष को प्रगति मार्ग का रोड़ा मानकर सदा परिश्रम करते हैं। किन्तु परिश्रम का जितना फल होना चाहिए उतना नहीं हो पाता। 35 वर्ष के पश्चात् धन और सम्मान बढ़ता है। सेवावृत्ति वालों की पदोन्नति 30, 36, और 45 वर्ष में अवश्य होती है। 48 से 52 वर्ष में आय के साथ-साथ समाज में विशेष प्रभुत्व भी प्राप्त होता है। आपके जीवन का सिद्धान्त है, कर्म किए चलो और बढ़े चलो। भावनाएं सदा उज्ज्वल रहती हैं।

आपमें धार्मिक भावनाएं उत्तम होती हैं परन्तु आपकी स्वेच्छाचारिता एवं हठ के अवसर पर कोई भावना नहीं टिकती। स्वभाव न्यायशील, नेतृत्वपूर्ण एवं यथार्थवादी होता है। क्रोध और आवेश से आपको कभी हानि होती है तो भी आप सफलता इन्हीं के कारण पाते हैं।

आप कुटुम्ब में मान प्राप्त करते हैं। अपना विरोध सहन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नहीं कर सकते। विरोध का कारण आमतौर पर व्यय के मामले होते हैं। समाज में प्रतिष्ठा दिनोंदिन बढ़ती है और जनसम्पर्क प्रभुत्वकारी होता है। किसी-न-किसी तरह दूसरों की सेवा के लिए समय निकाल ही लेते हैं।

1981 का दैनिक भविष्य संकेत

जनवरी 1981

1 से 3 के मध्य अपनी स्थिति को सम्भालने में समय लगाएं अन्यथा स्त्री शरीर कष्ट व वेचैनी व्यस्त रखे, 4 से 6 के मध्य नवीन योजनाएं फलप्रद हों, अधिकारी वर्ग का समर्थन, अनेक प्रकार के परिवर्तन दृष्टिगोचर हों। 7, 8 को उपयुक्त परिवर्तनों से समग्र गति धीरे-धीरे आपके अनुकूल होने वाली है। इसलिए विरोध की चिन्ता न करें। 9 से 11 के मध्य आशाओं में सफलता, धन लाभ, विगड़े हुए काम बनें। 12, 13 को कार्य व्यवसाय में वाधा, वेचैनी, 14, 15 को स्थिति में सुधार, आशाओं में सफलता, बिगड़े काम बनें। 16, 17 को कार्य व्यावसायिक क्षमता में वृद्धि, शुभ सूचना का हर्ष। 18, 19 को मनोवल एवं पराक्रम वनाए रखें। 20, 21 को अनेक प्रकार की मित्र एवं कुटुम्व की समस्याओं से छुटकारा, समय अनुकूल हैं। 22 से 24 के मध्य सन्तान से खुशी, आशाओं में सफलता, 25, 26 को शारीरिक वेचैनी, 27, 28 को स्त्रीवर्ग से हर्षोल्लास भोगप्रद हो, 29 से 31 के मध्य आप अपनी स्थिति को सुधारने में ही समय वितायें, नये कार्यों में धन लगाने से हानि।

फरवरी 1981

1 से 3 के मध्य भाग्य का सितारा सुधरे, उन्नति व प्रगति के साधन बनें, 4, 5 को अधिकारियों के समर्थन का हर्ष, आशाओं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF
में सफलता, 6, 7 को धन लाभ, आशाओं में सफलता, 8, 9 को यत्न करके विरोधी तत्त्वों से निपटना पड़े। विशेष सफलता सम्भव नहीं, कार्यकुशलता का ध्यान रखें, 10, 11 को मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, नवीन योजनाएं सफलताप्रद हों। 12, 13 को कुटुम्ब में सुख, धन लाभ, विगड़े काम बनें। 14, 15 को कार्य सफलता का हर्ष और दैनिक समस्याएं सुलझें। 16 से 18 के मध्याह्न तक कार्य व्यवसाय में फायदा, कुछ नई चिन्ताएं व मित्र वर्ग से सतर्क रहें। 19, 20 को विगड़े काम बनें, व्यवसाय क्षमता में वृद्धि, चिन्ताओं से छुटकारा। 21 से 23 के मध्य मित्रवर्ग से चिन्ता, शत्रुओं से परेशानी, कुछ व्यग्रता के साधन बनें, व्यावसायिक क्षमता से बेचैनी एवं कुछ भटकना पड़े। 24, 25 को आशाओं में सफलता. विगड़े काम बनें, स्त्रीवर्ग से हर्ष, 26 से 28 के मध्य आपको सोच-समझ कर कदम बढ़ाने चाहिए मित्र और शत्रुओं द्वारा परेशानी और दुःखों के योग हैं।

मार्च 1981

1, 2 को भाग्य का सितारा प्रबल रहे, आशाओं में सफलता, 3, 4 को कुटुम्ब की ओर से शांति। 5, 6 को आर्थिक योजनाओं में सफलता, कारोबार उत्तम, 7, 8 को समय अशुद्ध गोचर रहने से कार्य व्यवसाय में विघ्न, 9, 10 को विरोधी तत्व को मुंह की खानी पड़े, कारोबार मध्यम गति से चलता रहे। 11, 12 को कुटुम्ब में उल्लासपूर्ण वातावरण, व्यावसायिक क्षमता में वृद्धि हो। 13 से 15 के मध्य कार्य में कुशलता का हर्ष, नवीन योजना का हर्ष रहे। 16, 17 को अशुद्ध गोचर रहने से मानसिक असंतोष, कार्य मन्द गति से करते रहें। 18, 19 को समय विशेष अनुकुल है, किसी विशेष कार्य की संभावना की आशा में। 20 से 22 के मध्य अशुद्ध गोचर रहने से अस-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मंजस की स्थिति वनी रहे, धन का व्यय, 23, 24 को स्त्रीवग के योग में समय वीते, व्यवसाय की चिन्ता वनी रहे। 25 से 27 के मध्य कार्य निपुणता, के लिए चिन्ता, व्यावसायिक उपद्रव, अर्थ व्यवस्था की चिता व्यग्र रखे। 28, 29 को समय विशेष उत्तम होने से धीमी गति से कार्य कुशलता तथा सफलता की आशायें वनें। 30, 31 को आशाओं में सफलता, कुछ मानसिक चिताएं व्यग्र रख सकती हैं।

अप्रैल 1981

1 से 3 के मध्य आप अपने विशेष कार्यों को निपटाने में सफल हों, कुछ कार्यों में हानि व बाधायें सम्भव हैं। 4, 5 को मन-मुटाव से बेचैनी, अधिकारी वर्ग तंग करे। 6, 7 को समय अनुकूल है, व्यावसायिक क्षमता में वृद्धि। 8, 9 को कुटुम्व की समस्यायें सुलझें, आर्थिक योजनायें सफल हों। 10, 11 को कुटुम्व एवं मित्र के प्रोत्साहन से कार्य कुशलता का हर्ष, 12, 13 को कार्य-व्यवसाय में अशांति, स्वभाव में व्यग्रता एवं आराम में वाधा पड़े। 14 से 16 के मध्याह्न का समय शुद्ध गोचर रहने से शुभ है, व्यवसाय उत्तम, धनलाभ, सन्तान की तरफ से खुशी। 17, 18 को अशुद्ध गोचर कष्टकरक है, अचानक किसी विषमता व परेशानी का सामना करना पड़े। 19 से 21 के मध्य भावनायें संवेदनशील रहें, स्त्रीवर्ग मनोरंजनप्रद हो, कार्य-व्यवसाय उत्तम। 22, 23 को साधारण समय, कार्य मन्द गति से चलता रहे। 24 से 26 के मध्याह्न तक समय अनुकूल है, कार्य-व्यवसाय उत्तम, व्यावसायिक योजनायें सफल हों। 27, 28 को अधिकारी वर्ग से सतर्क रहें, अनावश्यक आरोप, मनोवृत्ति उदास रहे। 29, 30 को नवीन योजनायें फलप्रद हों, सन्तान की ओर से खुशी एवं प्रयोजन सिद्ध रहें।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मई 1981

1, 2 को कार्य-व्यवसाय मन्द हो, स्त्रीवर्ग के क्रोध व रोष से बचें, विशेष कार्य स्थगित रखें। 3, 4 को स्वभाव में तेजी, मानसिक बेचैनी। 5, 6 को समय विशेष अनुकूल है, कार्य-व्यवसाय उत्तम, 7, 8 को दैनिक कार्य-व्यवसाय उत्तम, कुटुम्ब चिन्ताएं बनी रहें, 9, 10 को कार्य-व्यवसाय बनते-बनते रुके, स्वभाव में उत्तेजना, स्त्रीवर्ग से उपेक्षा। 11 से 13 के मध्य समय अनुकूल, व्यावसायिक क्षमता में वृद्धि, नवीन योजनायें स्थगित रखें। 14, 15 को किसी से परेशानी, धोखा, अचानक किसी आरोप से क्रोध, 16 से 18 के मध्य समय अनुकूल है, मनोवल उत्तम, 19, 20 को समय मध्यम गति से चले, व्यवसाय में मन्द गति, 21 से 23 के मध्य समय अनुकूल है, भाग्य का सितारा साथ दे, बिगड़े काम बनें, 24, 25 को किसी विशेष अधिकारी की सहायता से उलझे हुए काम सुधरें, 26, 27 को आशानुकूल आर्थिक लाभ, मनोवल उत्तम, 28 से 31 के मध्य अशुद्ध गोचर रहने से विशेष कार्य स्थगित रखें।

जून 1981

1 से 3 के मध्याह्न तक समय अशुद्ध है, किसी परेशानी से बचें, 3, 4 तक पराक्रम एवं मनोवल उत्तम हो, सफलता के साधन बनें, 5 से 7 के मध्य समय अधिकारी वर्ग से प्रशंसनीय है, कार्य-व्यवसाय उत्तम, मित्रवर्ग से हर्ष रहे, 8, 9 को सन्तान से सन्तोष, कार्य-व्यवसाय उत्तम, कुटुम्ब में शान्ति रहे, 10, 11 को आर्थिक मामलों को स्थगित रखें अन्यथा परेशानी व चिन्ता सम्भव है। 12 से 14 के मध्य समय अनुकूल हैं, कार्य सफलता का हर्ष, स्त्रीवर्ग मनोरंजनशील रखें, 15 से 17 के मध्य कहीं आने-जाने से प्रयोजन सिद्ध हों, असमंजस व कुटुम्ब की चिन्ताएं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वनी रहें। 17 से 19 के मध्य तक का समय उत्तम है, स्त्रीवर्ग समर्थक हों एवं नवीन योजनायें सफल हों। 20, 21 को किसी विशेष व्यक्ति के सम्पर्क से सफलता का हर्ष 22 से 24 के मध्य आशानुकूल सफलता, धन लाभ, बिगड़े काम बनें, मनोरंजनशील रहें। 25, 26 तक का समय अशुद्ध गोचर है, विशेष कार्य स्थगित रखें, 27, 28 को समय अनुकूल है, बचे काम निपटा डालें, 29, 30 मानसिक परेशानी व चिन्तायें सम्भव हैं।

जुलाई 1981

1, 2 को आशानुकूल सफलता, कार्य व्यवसाय उत्तम हो। 3, 4 को सतर्क रहकर अपने कार्यों में ही ध्यान दें, मित्रवर्ग से परेशानी व चिन्ता, 5, 6 को स्त्रीवर्ग से मनोरंजन एवं नवीन मैत्री सफल हो। 7 से 9 को अधिक परिश्रम और काम बनते-बनते रुकें। 10, 12 को बिगड़े या बचे हुए काम सुधरें, 12 से 14 के मध्य मानसिक बेचैनी, उदासीनता रहे, 15, 16 को धोखे से बचने की चेष्टा करें, दैनिक कार्यगति उत्तम, मनोबल उत्साहपूर्ण रहे। 17 से 19 के मध्य अधिकारी आरोपों से कलंकित रखें, मानसिक परेशानी, 19 से 21 के मध्याह्न तक समय उत्तम है, योजनाओं में समृद्धि, कार्य सफलता का हर्ष। 22, 23 को विरोधी तत्त्व परेशान करें, चिन्ताओं से दूर रहकर विशेष कार्य स्थगित रखें। 24, 25 को समय अनुकूल है, दैनिक व्यवसाय उत्तम, 26, 27 को धन लाभ, आशाओं में सफलता, 28, 29 को मनोबल उत्तम रहे, कार्य कुशलता का हर्ष, अचानक शुभ-सूचना संवेदनशील रखे। 30, 31 को विघटनकारी तत्त्व परेशान कर सकते हैं। सुधरे हुए कामों में बाधा।

अगस्त 1981

1 से 3 के मध्य शुभ-सूचना का हर्ष, कार्य-व्यवसाय उत्तम, 4, 5 को शारीरिक कष्ट, व्यवसाय में विघ्न व अकस्मात परे-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शानी सम्भव है, 6 से 8 के मध्य स्त्रीवर्ग का मनोरंजन हर्षप्रद हो। अचानक किसी शुभ सूचना की आशा बने। 9, 10 को शारीरिक स्वास्थ्य मन्द एवं चिन्ताग्रस्त रखें। 11 से 13 के मध्य भाग्य का सितारा सफलता का साथ दे, समृद्धि के लिए तटस्थ रहें। 14, 15 को कार्य व्यवसाय उत्तम, मानसिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, 16, 17 को समय विशेष अनुकूल, विगड़े हुए काम वनें, 18, 19 को प्रतिद्वन्द्वियों के कारण विशेष स्थिति का सामना करना पड़े, 20, 21 को प्रतिष्ठा वाल-वाल वचे, मित्रवर्ग परे, शान कर सकते हैं, 22 से 24 के मध्याह्न तक आर्थिक स्थिति के लिए समय उत्तम है, कुटुम्ब की ओर से खुशी, कार्य व्यवसाय उत्तम, 25, 26 को पराक्रम एवं मनोवल उत्साहवर्धक रहे, कार्य-प्रणाली में सुधार, 27, 28 को सतर्क रहें, कोई मित्र व अधिकारी वर्ग परेशान कर सकता है, 29, 30 को भाग्यवर्धक सूचनायें मिलें, विगड़े काम वनें। 31 को विशेष कार्य स्थगित रखें।

सितम्बर 1981

1, 2 तक विघटनकारी तत्व परेशान रख सकते हैं, कार्य में वाधा, 3, 4 को समय अशुद्ध गोचर है, धीमी गति से कार्य निपटा डालें वरना काम अधूरे रह जायेंगे। 5 से 7 मध्याह्न को समय अशुद्ध गोचर रहने से वहुत यत्न कराने पर भी इष्ट मित्रों से मिलाप न हो, 8, 9 को समय उत्तम हो, रुकावटें कुछ दूर हों, 10, 11 को कार्य व्यवसाय उत्तम, दैनिक गति भी प्रभाव-शाली रहे। 12 से 14 के मध्य योजनाओं में सिद्धि, विगड़े हुए काम वनें, 15, 16 को शारीरिक वाधायें, मित्र द्वारा हानि, वेकार की दौड़-धूप वनी रहे। 17, 18 को समय शुभ है, कार्य-व्यवसाय उत्तम, नये कार्य व धन्धे उत्तम हों। 19, 20 को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कुटुम्ब में आर्थिक व्यवस्था उत्तम हो, समय हर्षप्रद रहे, 21, 22 को मनोवल उत्साहपूर्ण हो कार्य-व्यवसाय उत्तम। 23, 24 को किसी के झूठे आश्वासनों के परेशानी, थकावट, वेचैनी, 25 से 27 के मध्य मनोवल उत्साहपूर्ण हो, स्वभाव में तेजी, विरोधियों का विनाश, 28 से 30 के मध्य समय अनुकूल है, स्त्रीवर्ग विशेष भोगप्रद रहे।

अक्तूबर 1981

1 अक्तूबर का दिन महत्वपूर्ण है स्त्रीवर्ग से विशेष भोग व साधन समर्थता की प्राप्ति, 2 से 4 के मध्य अनायश्यक लोगों से मेल-मिलाप, 5, 6 को अचानक कोई खुशी झूठी सावित हो, मित्रों के प्रति क्रोध। 7 से 9 के मध्य परिश्रम करने पर भी सफलता के साधन दूर हों, व्यावसायिक गति मन्द रहे। 10, 11 को अकस्मात खुशखवरी का लाभ, 12, 13 को असमंजस की स्थिति वनी रहे। 14, 15 को समय अनुकूल, मान-प्रतिष्ठा के साधन वनें, 16, 17 को अर्थ लाभ, योजनाओं में सिद्धि, विगड़े काम वनें, 18, 19 को अपनी हिम्मत से आप रुके हुए कामों को निपटाने में सफल हों, स्त्रीवर्ग भोगप्रद रहे। 20, 21 को वेचैनी, चिन्ताएं व्यग्र रख सकती हैं, परन्तु यदि मनोवल वना रहे तो निर्णय आपके हक में होगा। 22 से 24 के मध्य आप प्रत्येक शक्ति पर प्रवल हो सकते हैं, विघटनकारी तत्वों को दूर कर अपनी सफलता के साधन जुटा सकते हैं, यदि स्वभाव में क्रोध रहे तो हानि और परेशानी से व्यग्रता सम्भव है। 25, 26 को समय अशुद्ध रहने से विशेष कार्य स्थगित रखें। 27 से 29 के मध्य भाग्य का सितारा साथ दे, स्त्रीवर्ग की सहायता, 30, 31 को आराम और चैन से रहें, शरीर में थकावट व वेचैनी,

नवम्बर 1981'

1 से 3 के मध्य तक भाग्य का सितारा उत्तम हो, काम

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

निपटा लें, 4, 5 को योजनायें फलप्रद रहें, 6, 7 को धन लाभ आशानुकूल सफलता, 8, 9 को आरोप, आक्षेप और निन्दा से परेशान न हों, 10, 11 को मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, स्त्रीवर्ग द्वारा भोग एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति, 12, 13 को अर्थ लाभ, कुटुम्ब से खुशी, 14, 15 को समय विशेष अनुकूल है, आप अपनी हिम्मत से स्वयं अपने कार्यो को निपटायें, 16 से 18 को किसी मित्र के कष्ट कारण भी व्यग्रता सम्भव है। 19, 20 को स्वभाव में क्रोध, मनोवृत्ति में उत्तेजना, 21, 22 को मानसिक उदासीनता, परेशानी, 23 से 25 के मध्य समय अनुकूल है, बहुत अधिक संवेदनशीलता व संलग्नता हानिकारक भी हो सकती है, 26, 27 को थकावट, बेचैनी, मानसिक अशान्ति, कुटुम्ब एवं व्यवसाय की चिन्ता, 28 से 30 के मध्य पराक्रम एवं मनोबल उत्साह-वर्धक रहे।

दिसम्बर 1981

1, 2 का समय विशेष अनुकूल है, इस मास से आगे का समय आपके लिए प्रभावुक है और प्रगतिदायक है। 3 से 5 के मध्य अर्थलाभ, योजनाओं में सिद्धि, 6, 7 को अधिक परिश्रम, शारीरिक थकावट, विरोधी तत्वों के गुप्त रहस्य पता चलें, 8, 9 को समय विशेष अनुकूल, मान-प्रतिष्ठा, बड़े-बड़े लोगों के मेल मिलाप से समस्यायें सुलझें, 10, 11 को कुटुम्ब की समस्यायें सुलझें, 12, 13 को आपका समय और उत्तम होने वाला है, चिन्ताओं से छुटकारा, 14, 15 को अधिकारी वर्ग परेशान रख सकते हैं, 16, 17 को कुटुम्ब एवं सन्तान से खुशी, 18 से 20 के मध्य शत्रुवर्ग से जूझना पड़े, 21, 22 को आपकी प्रबलता के साधन बनें, स्त्रीवर्ग भोग और ऐश्वर्यप्रद हों। 23 से 25 के मध्य गुप्त शत्रु से हानि सम्भव है, अधिक तेजी से हानि हो। 26, 27 को पराक्रम बढ़े, मनोवृत्ति शांत रखें, कार्य-व्यवसाय उत्तम, 28, 29 को समय विशेष अनुकूल है, कार्य-व्यवसाय व आर्थिक योजनायें ठीक चलें। 30, 31 को धनलाभ, आशाओं में सफलता।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वृष राशि

आप गम्भीर और सहनशील हैं। संघर्ष से आप घवराते नहीं। प्रकृति सौम्य रहती है। आपकी धारण शक्ति बहुमुखी होती है। हठ के मामले में आप पीछे हटना ठीक नहीं समझते। जो आप ठीक नहीं समझते उसका जनसाधारण में ही नहीं वास्तविक जीवन में भी त्याग करते हैं।

वृषभ के समान हो जाना आपका स्वभाव है। जव तक शरीर चलता है आपको थकावट का डर नहीं होता। गति अवश्य धीमी रहती है उसमें रूकावट कहीं नहीं होती। जीवन में सभी कलाओं में निपुणता धीरे-धीरे प्राप्त करते हैं और प्रगति की चरम सीमा तक पहुंच जाते हैं।

आपकी विचारधारा स्वतन्त्र रहती है, आपको जवर्दस्ती किसी कार्य के लिए वाध्य नहीं किया जा सकता। वल्कि प्रेम, स्नेह और आदर करने वालों के सेवक होते हैं। छल-कपट आपके वस का काम नहीं।

आपके स्वभाव की दृढ़ता भी बड़ी विचित्र है। बदले की भावना आने पर शेर की तरह दहाड़ मारकर उद्दण्ड हो जाते हैं और विरोध पक्ष को नीचा दिखाए विना आपको चैन नहीं आता।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अतः युद्ध में भी अपने पराक्रम का शौर्य रखते हैं।

आपके गठीले बदन में साध्य और कर्मशीलता भरी हुई है सौम्य स्वभाव वाली आपकी पैनी आंखें सबके मन को मोह लेती हैं। आपके चेहरे पर कभी मलिनता व उदासी टिक नहीं पाती। वृषभ स्त्रियां तो विशेष आकर्षण रखती हैं। एक बार देखकर भी बारम्बार उसका स्वरूप मन में घर कर लेता है। वृषभ स्त्रियां कम बोलती हैं परन्तु उनका हर शब्द नपा-तुला होता है।

आपकी भौंहें यदि जुड़ी हुई हों तो विचार-शक्ति और भी गम्भीर होती है। बौद्धिक शक्ति बहुत गहराई तक पहुंचती है, जिससे वृषभ व्यक्तियों को उच्च कोटि के मननशील एवं चिंतनशील कहा जाता है। आपकी दार्शनिकता का ज्ञान सारे समाज में अपनी दूरदर्शिता के कारण विशेष प्रभाव रखता है।

आपका मन बहुत सन्तुलित रहता है। स्वभावपूर्ण विवेकशील होता है। आप तुरन्त अपनी विचारधारा नहीं बदलते और न ही दूसरों की बातों में आकर तुरन्त विचलित होते हैं।

आपका व्यवहार पूर्णतया निष्कपट होता है। दिखावटी बातें आप पसन्द नहीं करते। अपनी प्रशंसा सुनना आपको अच्छा लगता है। यह आपकी कमजोरी है कि आप अपनी मान प्रतिष्ठा ऊंची सुनना पसन्द करते हैं।

विद्या धीरे-धीरे प्राप्त होती है। ज्ञान शक्ति केवल यथार्थ की खोज में ही लगी रहती है। साधारणतया आप सुन सब कुछ लेते हैं पर मानते नहीं। मान तभी सकते हैं यदि आपको विद्या में कुछ वास्तविकता स्पष्ट नजर आये। बुद्धि सदैव गहरे पानी पैठ की विचारधारा रखती है। लम्बे-लम्बे विचारों के कारण कभी-कभी आप अपने वास्तविक विषय को छोड़कर कल्पना के प्रवाह में भटकने लगते हैं। आपके लिए आवश्यक है कि अपने लक्ष्य एवं विषय

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

के सन्दर्भ को न छोड़ें तो आप ऊंची-ऊंची विद्या प्राप्त कर सकते हैं।

विद्या के वास्ते भी आपकी रुचि बनना बहुत आवश्यक है। जहां रुचि बनी वहीं मार्ग आसान हो जाते हैं। आपको आने वाली स्थिति पहले ही दृष्टिगोचर होने लगी है। इसीलिए आप बड़े सुरक्षात्मक ढंग से विद्या एवं ज्ञानशक्ति की चरमसीमा तक पहुंच जाते हैं।

शरीर हृष्ट-पुष्ट रहता है जो सब प्रकार की क्षमता रखता है। और कठिनाइयों को सहन कर सकता है। मानसिक गम्भीरता के कारण कभी-कभी मस्तिष्क पर अधिक जोर पड़ने से सिर दर्द हो सकता है। इसीलिए पन्ना या पुखराज आपको विशेष शक्ति प्रदान कर सकता है। ज्यादा मेहनत और परिश्रम के द्वारा आप अपनी आर्थिक स्थिति ठीक रख सकते हैं परन्तु जीवन के उत्तरार्ध से शारीरिक शिथिलता भी बढ़ सकती है।

आपके जीवन का यह ध्येय रहा है कि आप अपने आपको दूसरों पर पूरी तरह न्यौछावर कर दें और इसके फलस्वरूप आप चाहते हैं कि वह भी आपको उसी तरह प्रेम करें जैसे कि आपने उनके प्रति किया है। जीवन में जहां ऐसी स्थिति नहीं बनती वहां आपको खेद होता है। प्रेम करके निभाना आपको खूब आता है। आपके जीवन का लक्ष्य है, पूर्ण सुख प्राप्त करना, पूर्ण सुख दूसरों को देना और उसके साधन बनाना।

आपको आय की अधिक चिन्ता नहीं रहती, परन्तु व्यय के अनुशीलन की अधिक चिन्ता रहती। स्वभाव से परिश्रमी होने के कारण आर्थिक स्थिति दिन-प्रतिदिन उग्र करने की क्षमता रखते हैं। आप में सदैव अत्यधिक उपयोगिता प्राप्त करने की प्रवृत्ति ही रहती है। जीवन के प्रथम भाग में नौकरी, दूसरे भाग में उद्योग, नौकरी एवं अनेक प्रकार की व्यवस्थाएं जीवन के तीसरे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भाग में आप अपने किए हुए पहले वाले कार्यों का फल व आनन्द प्राप्त करना चाहते हैं। आर्थिक स्थिति 35 वर्ष से पहले उत्तम नहीं होती। उसके पश्चात् धीरे-धीरे 35 से 46 वर्ष तक सम्पत्ति व प्रभुत्व प्राप्त कर लेते हैं।

स्वभाव में नेतृत्व की भावना धीरे-धीरे बढ़ती है। गरीब जनता को सहयोग देना आपके जीवन का लक्ष्य बन जाता है। समाज में उत्तम स्थान अवश्य प्राप्त होता है, चतुराई और नीति द्वारा आप किसी को धोखे में नहीं रख सकते और स्पष्टवादिता के कारण दूसरों के मार्ग में निर्देशन करने के लिए तैयार रहते हैं।

माता-पिता की सेवा करना आप अपना कर्त्तव्य मानते हैं। वृष राशियों वाले व्यक्तियों का कुटुम्ब की सेवा में बहुत सा समय व्यतीत होता है। अपने चारों ओर कुटुम्ब के लोगों को देखकर और उनसे मान प्राप्त करके आपको विशेष हर्ष प्राप्त होता है।

1981 का दैनिक भविष्य संकेत

जनवरी 1981

1 का समय आपके लिए अनुकूल नहीं, विरोधी तत्व परेशान कर सकते हैं। शान्ति से समय बिताना ठीक रहेगा। 2 से 4 के मध्य समय विशेष अनुकूल है। दैनिक कार्यों में प्रशंसा विलासपूर्ण वातावरण भोगप्रद रहे। 5, 6 को व्यावसायिक कार्यों में रुकावट हो सकती है। 7, 8 को हिम्मत से आप अपनी समस्याएं सुलझा सकते हैं। 9 से 11 के मध्य अधिकारी वर्ग से विशेष समर्थन प्राप्त हो। 12, 13 को धन लाभ, मनोवृत्ति संवेदनशील रहे। इसलिए खुशी के मामलों को सम्भालकर रखें। 14, 15 को आप आलोचना के पात्र बन सकते हैं। एवं मनोबल उत्साह-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हीन-सा दिखाई दे। 16, 17 को कुटुम्ब की समस्याएं सुलझें, आशाओं में सफलता। 18, 19 को कार्य-कुशलता का हर्ष, विगड़े काम वनें। 20, 21 को सामर्थ्य में वृद्धि, दैनिक कार्यकुशलता का हर्ष रहे। 22 से 24 के मध्य सुख में वृद्धि। 25, 26 को समय विशेष अनुकूल हैं। लोगों के मेल-मिलाप से अत्यधिक लाभ उठाने में सफल हो सकते हैं। 27, 28 को यत्न करने पर भी ग्रह विलुप्त होने के कारण सफलता के साधन दूर रहें। इसलिए संकोच से ही आपको फायदा है। 29 से 31 के मध्य स्त्री वर्ग से विलासपूर्ण वातावरण मनोरंजनशील रखे।

फरवरी 1981

1 से 3 के मध्य अनायास भ्रमण, वेचैनी, व्यावसायिक चिन्ताएं। 4, 5 को अपने सामर्थ्य से सफलता के साधन जुटाने का हर्ष और योजनाओं में समृद्धि। 6, 7 को समय विशेष अनुकूल है, मान-प्रतिष्ठा वढ़े और सफलता प्राप्त हो। 8, 9 को प्रभुत्व वृद्धि, धन लाभ। 10, 11 को कार्य-व्यवसाय में वेचैनी एवं विवाद के योग वनते हैं। 12, 13 को स्त्री वर्ग से विलासपूर्ण वातावरण भोगप्रद हो। 14, 15 को कुटुम्ब की ओर से हर्ष। 16 से 18 के मध्य कार्य व्यवसाय में सफलता के साधन वनें। 19, 20 को नवीन मित्रों में समृद्धि एवं विगड़े हुए काम वनें। 21 से 23 के मध्य सन्तान की ओर से विशेष हर्ष, धन लाभ, आशाओं में सफलता। 24, 25 को अनायास किसी के हस्तक्षेप से मानसिक वेचैनी। 26 से 28 के मध्य स्त्री वर्ग का समर्थन प्राप्त करने का हर्ष रहे।

मार्च 1981

1, 2 को विशेष कार्य स्थगित रखें। 3, 4 को भाग्य का सितारा साथ दे, विगड़े काम वनें। 5, 6 को अधिकारियों के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

समर्थन का हर्ष, कार्य व्यवसाय उत्तम। 7, 8 को धन लाभ, आशाओं में सफलता। 9, 10 को समयानुकूल नहीं, स्वभाव में बेचैनी। 11, 12 को प्रभुत्व वृद्धि, मान प्रतिष्ठा बढ़े, सफलता का हर्ष। 13 से 15 मध्याह्न तक समय अनुकूल है, परिश्रम से बिगड़े हुए काम सुधार सकते हैं। 16, 17 को कार्य व्यवसाय उत्तम, दैनिक परेशानियों से छुटकारा। 18, 19 को भाग्य का सितारा साथ दे, ऐश्वर्य और सुख के साधन बनें। 20 से 22 के मध्य स्वभाव में चिड़चिड़ाहट स्थगित रखें, दैनिक परिश्रम की ओर ध्यान न कर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहें। 23, 24 को वायदों में बिलम्ब, अनायास बेचैनी, विरोध स्थगित रखें। 25 से 27 के मध्य समयानुकूल है, कार्य कुशलता का हर्ष। 28, 29 को व्यर्थ भ्रमण करना पड़े, कुछ चिन्तायें परेशान कर सकती हैं, कुछ कार्य स्थगित रखें। 30, 31 को समय अनुकूल है, अपनी कार्य प्रणाली में सुधार कर आगे बढ़ने की योजनाएं बनाएं।

अप्रैल 1981

1 से 3 के मध्य किसी शुभ समाचार का हर्ष। 4, 5 को आशानुकूलित सफलता, धन लाभ। 6, 7 को किसी विरोध व परेशानी से बचें। 8, 9 को मान-प्रतिष्ठा वृद्धि, मन संवेदनशील रहे। 10, 11 को कुटुम्ब की चिन्ताएं परेशान करें। 12, 13 को मनोबल एवं उत्साह द्वारा किए गए कार्य सफल हों। 14 से 16 मध्याह्न तक समय विशेष आरामदायक है। 17, 18 को सामाजिक प्रतिष्ठा के कार्यों में रुचि रहे। 19 से 21 के मध्य मानसिक भावनाएं परेशान करें। 22, 23 को समय विशेश अनुकूल है, मानसिक बेचैनी, कार्य व्यवसाय धीमी गति से ठीक चले, 24 से 26 के मध्य अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, अनावश्यक परिश्रम हानिकारक है। 27, 28 को प्रभावक्ता एवं समर्थन में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वृद्धि हो, दैनिक कार्य गति उत्तम। 29, 30 का समय विशेष अनुकूल है, आपके रुके हुए काम पूर्ण हों।

मई 1981

1, 2 का समय आर्थिक कार्यों को निपटाने का है, सफलता के साधन बढ़ें। 3, 4 को विघटनकारी तत्व परेशान करें, कहीं उपद्रव, मानसिक बेचैनी। 5, 6 को समयानुकल होने पर भी फल प्राप्ति में विघ्न, मान-प्रतिष्ठा होने पर शंकाएं बनी रहें। 7, 8 को धन लाभ, कार्य कुशलता का हर्ष। 9, 10 को मनोबल उत्साहवर्धक रहे। 11 से 13 के मध्य आराम व सुख पावें। 14, 15 को स्त्री वर्ग उल्लासपूर्ण रखें, दैनिक व्यवसाय उत्तम। 16 से 18 के मध्य मानसिक उदासी, यत्न करने पर थोड़ा फल प्राप्त हो। 19, 20 को विलासपूर्ण वातावरण भोगप्रद रहे, नये समझौते व व्यापारिक बातचीत होकर रह जाए। 21 से 23 के मध्य कार्यगति मन्द, स्वास्थ्य का ध्यान रखें। 24, 25 को समय अनुकूल होते हुए भी प्रतिस्पर्धा के कारण यत्न विफल हों, मनोबल ठीक रखें, व्यवसाय गति उत्तम हो। 26, 27 को समय विशेष अनुकूल है, मान-प्रतिष्ठा, सामाजिक कार्यों में वृद्धि। 28 से 31 के मध्य धन लाभ, आशाओं में सफलता, लेन-देन के मामले निपटा लें।

जून 1981

1 को अशुद्ध गोचर रहने से लेन-देन के मामले स्थगित रखें, 2, 3 को स्वभाव में क्रोध, उत्तेजना, मानसिक व्यग्रता। 3 से 5 मध्याह्न तक असमंजसता का वातावरण उपस्थित रहे, कुटुम्ब की चिन्ताएं परेशान करें। 6, 7 तक का समय विशेष अनुकूल है, थोड़ा-सा यत्न करने पर भी आप स्थिति पर काबू पा सकते हैं। 8, 9 को आनन्द एवं भोग विलास के योग बनें। 10 से 12 के मध्य सन्तान व कुटुम्ब के कार्यों में समर्थन प्राप्त करें, भोग-ऐश्वर्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

में वृद्धि, स्त्री वर्ग भोगप्रद रहे। 13, 14 को समय ठीक नहीं, कार्य करने पर भी मानसिक अशांति। 15 से 17 के मध्य स्त्री वर्ग का विरोध, स्वभाव में उत्तेजना, व्यावसायिक क्षमता में कमजोरी। 18, 19 को समय का पूर्ण फल न मिले, कार्य करने पर थोड़ी सफलता मिले, स्वास्थ्य का ध्यान रखें। 20, 21 को स्वभाव में शांति रखें, स्त्रीवर्ग का सहयोग भी फलप्रद रहेगा। 23 से 24 के मध्य समय विशेष अनुकूल है, बचे हुए काम निपटा सकते हैं। 25, 26 का समय विशेष अनुकूल है, आर्थिक लाभ, प्रयोजन सिद्धि। 27, 28 को मनोवृत्ति अशांत रहे, कार्य व्यवसाय में विघ्न। 29, 30 को समयानुकूल है परन्तु कुटुम्ब की चिन्ताएं परेशान रखें।

जुलाई 1981

1, 2 को कुटुम्ब की विषम अवस्थाएं परेशान करें। 3, 4 को अधिक परिश्रम करना पड़े, कार्य गति मन्द। 5, 6 को सुख के साधन बढ़ें, भोग व ऐश्वर्य की सामग्री बढ़े। 7 से 9 के मध्य सन्तान एवं कुटुम्ब वर्ग से सन्तोष, आर्थिक लाभ की योजनाएं बनें, 10, 11 को उदासीन भावनाएं परेशान करें। 12 से 14 के मध्य समय विशेष अनुकूल है, समृद्धि में योग बनें, स्त्री वर्ग भोगप्रद रहे। 15, 16 को विशेष कार्य स्थगित रखें, भ्रमण करने से बचें। 17 से 19 के मध्य मनोबल उत्साहवर्धक रहे, कार्य गति उत्तम हो एवं व्यावसायिक चिन्ताएं कम हों। 20, 21 को व्यावसायिक चिन्ताओं से छुटकारा, कार्य कुशलता का हर्ष, किसी का सहयोग हर्षप्रद रहे। 22, 23 को धन लाभ, बिगड़े हुए काम बनें। 24, 25 को उदासीन भावनाएं कष्टप्रद हों, परिश्रम एवं थकावट बेचैनी रखें। 26, 27 को समय विशेष अनुकूल है, सामाजिक कार्यों में मान-प्रतिष्ठा, धन लाभ। 28, 29 को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कुटुम्ब की समस्याएं सुलझा सकती हैं, विशेष हस्तक्षेप स्थगित रखना ही उत्तम होगा। 30, 31 को मनोवल उत्साहपूर्ण रखें,

अगस्त 1981

1 से 3 के मध्य अनायास लोगों से मनमुटाव, कार्य व्यवसाय की चिन्ता। 4, 5 को समस्याओं का समाधान मिलने पर भी सशक्त कार्य न हो पावे, सन्तान की तरफ से खुशी व शांति। 6 से 8 के मध्य विरोधियों व परेशानी में चिंता, अर्थ व्यवस्था में कमी, 9, 10 को समय अनुकूल है स्त्रीवर्ग के सहयोग से व्यावसायिक समृद्धि आशानुकूल सफलता के साधन वनें और नवीन योजनाएं फलप्रद हों। 11 से 13 के मध्य अनायास भ्रमण, चिंता व धन का व्यय। 14, 15 को मनोवल उत्साहपूर्ण रहे। 16, 17 को अधिकारियों के सहयोग से सफलता के साधन जुटाएं, नवीन योजनाएं फलप्रद हों। 18, 19 को अर्थलाभ, व्यवस्था उत्तम, विगड़े हुए काम सुधरें। 20 से 22 के मध्य समय अनुकूल होते हुए भी व्यग्रता, थकावट, वेचैनी, वाधा व आकस्मिक क्षमता में रुकावट वनी रहे। 23, 24 को सामाजिक कार्यों में उत्साह, मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि। 25, 26 को लेन-देन के मामले स्थगित रखें, विवाद से वचने की चेष्टा करें। 27, 28 को मनोवल साथ देवे, किसी नवीन योजना में सफलता की आशा। 29, 30 को मित्रवर्ग के साथ विशेष संघर्ष करना पड़े। कार्यगति उत्तम हो। 31 को आशानुकूल सफलता का हर्ष, धन प्राप्ति की योजनाएं सफल हों।

सितम्वर 1981

1, 2 को समय विशेष अनुकूल है, कार्य व्यवस्था उत्तम, 3, 4 को अशुद्ध गोचर रहने से विरोधी तत्व परेशान करें। 5 से 7 के मध्य समय विशेष उत्तम है, कार्य व्यवस्था में समृद्धि, तथा उल्लासपूर्ण वातावरण। 8, 9 को अशुद्ध गोचर रहने से कार्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्थगित रखें। 10, 11 को मनोबल वृद्धिकारक हो, भाग्य का सितारा साथ दे, विरोधी तत्त्वों से सावधान रहें। 12 से 14 के मध्य बड़े-बड़े लोगों से मेल-मिलाप, अधिकारी वर्ग से खुशी, चिंताओं से छुटकारा। 15, 16 को धन लाभ, आशाओं में सफलता, बिगड़े हुए काम बनें। 17, 18 तक का समय अशुद्ध है। अनेक प्रकार की परेशानियां व चिंताएं व्यग्र रखें। 19, 20 को मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, अर्थ लाभ की योजना बने। 21, 22 को धन लाभ, बिगड़े हुए काम बनें। 23, 24 को परिश्रम करने पर भी सफलता दूर दिखाई दे। 25 से 27 के मध्य मित्र एवं कुटुम्ब जनों के लिए विशेष संघर्ष करना पड़े, विरोधी तत्त्व खेद-जनक रहें एवं आराम में बाधा रहे। 28, 29 को शुद्ध गोचर होने से समयानुकूल है। 30 को किसी आकस्मिक घटना से बचने की चेष्टा करें।

अक्तूबर 1981

1 अक्तूबर का समय उत्तम नहीं, किसी मुठभेड़ से बचें, 2 से 4 के मध्य योजनाबद्ध कार्य करने से सफलता का श्रेय प्राप्त हो, बचे हुए काम निपटा लें वरन सफलता में बाधा रहे। 5, 6 को शारीरिक क्षमता में कमजोरी। 7 से 9 के मध्य का समय विशेष अनुकूल है, परिश्रम से कार्य सफलता का हर्ष। 10, 11 को मित्रवर्ग का समर्थन फलप्रद हो। 12, 13 को धन लाभ, आशाओं में सफलता। 14, 15 को अशुद्ध गोचर रहने से थकावट, बेचैनी, आराम में बाधा व्यवसाय में उत्साहहीनता एवं चिन्ताएं सम्भव हैं। 16, 17 को मान-प्रतिष्ठा बाल-बाल बचे। 18, 19 को समयानुकूल है, कुटुम्ब की ओर से खुशी। 20, 21 को मनोबल उत्साहपूर्ण रखें, थोड़े यत्न द्वारा ही आप परेशानियों से बच सकते हैं। 22 से 24 के मध्य मित्र के क्रोध व आक्रोश से बचें। 25, 26 को सन्तान से खुशी, दैनिक व्यावसायिक गति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उत्तम। 27 से 29 के मध्य अनेक प्रकार की विषम समस्याएं असमंजस में रखें। 30, 31 को समस्याएं सुलझाने में सफल हों।

नवम्बर 1981

1 से 3 के मध्य दैनिक कार्य व्यवसाय में चिंता, आकस्मिक परेशानी। 4, 5 का समय विशेष अनुकूल है, मनोवल उत्साहपूर्ण रहे। 6, 7 को मित्र एवं अधिकारी वर्ग द्वारा प्रशंसा, किसी कार्य के वनने की खुशी। 8, 9 को समय विशेष अनुकूल है, विरोधी तत्त्व पिछड़ें, धन लाभ योजनाओं में सफलता, 10, 11 को विशेष कार्य स्थगित रखें। 12, 13 को मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, स्त्री वर्ग हर्षयुक्त रखे। 14, 15 को समय अनुकूल है, व्यावसायिक क्षमता में वृद्धि, एवं चिन्ताओं से छुटकारा। 16 से 18 के मध्य मनोवल उत्साहपूर्ण रहे। 19, 20 को मित्र वर्ग की उपेक्षा से मनमुटाव, धन में वाधा। 21, 22 को समय अनुकूल है, कार्य व्यवसाय उत्तम। 23 से 25 के मध्य विरोधी तत्व परेशान रखें, आकस्मिक घटना से वचें। 26, 27 को पराक्रम एवं प्रभुत्व में वृद्धि। 28 से 30 के मध्य समय अनुकूल होते हुए भी निष्फल हो शारीरिक क्षमता में कमजोरी।

दिसम्बर 1981

1, 2 को समय विशेष अनुकूल है, चिंताओं से छुटकारा। 3 से 5 के मध्य कार्य व्यवसाय उत्तम, धन लाभ की योजनाएं हर्षप्रद रखें। 6, 7 को कुटुम्ब एवं मित्र वर्ग से प्रशंसा, व्यवसाय में वृद्धि। 8, 9 को मनोवल उत्साहहीन रहे, विशेष कार्य स्थगित रखें। 10, 11 को मनोवल उत्साहपूर्ण हो, सहयोग से रुकावटें दूर हों। 12, 13 को आकस्मिक घटना का शिकार होने से वचें, 14, 15 को वड़े परिश्रम से किसी झंझट से वचने में सफल हों,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

16, 17 को मित्र वर्ग समर्थक रहे, 18 से 20 के मध्य स्वभाव में उत्तेजना, कार्य को निपटाने की क्षमता में कुछ सफलता के साधन बनें। 21, 22 को विरोधी तत्त्वों से बचने की चेष्टा करें। 23 से 25 के मध्य समयानुकूल होते हुए भी विफलता को प्राप्त हों, दूरंगत व्यक्ति द्वारा समस्याएं सुलझें। 26, 27 को आकस्मिक दुर्घटना से बचने की चेष्टा करें। 28, 29 को समयानुकूल है, परिश्रम से बिगड़े काम सुधरें। 30, 31 को नवीन योजनाएं बनाना ही आपके लिए उत्तम है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मिथुन राशि

देवताओं के प्रतिनिधि बुध द्वारा संतुलित बौद्धिक क्षमता प्राप्त कर आपकी राशि में भोग और योग दोनों शक्तियां हैं। स्त्री पुरुष के युगल की प्रकृति आपकी विशेषता है। जिसमें आप जीवन में अनेक प्रकार के उतार-चढ़ाव सहन कर लेते हैं।

आप में मंगल द्वारा तेज, राहू द्वारा पैनी दृष्टि एवं वृहस्पति के ज्ञान के कारण आपमें सबको वश में रखने की शक्ति है। संघर्षों के आगे डटकर मुकाबला करना आपको समय सिखा देता है, तो भी भय से मैदान से नहीं भागते, आवश्यकतानुसार परिवर्तन अवश्य करते हैं। चित्तवृत्ति अनेक कार्यों में लगी रहती है। हर वक्त एक से अधिक समस्या बनाए रखना ही आप अपना लक्ष्य मानते हैं।

भावुकता प्रधान होने के कारण वासनात्म प्रवृत्तियां अधिक प्रभावित करती हैं। परन्तु आप सब परिस्थितियों से गुजर कर भी कुछ ग्रहण हीं करते हैं।

मिथुन राशि की स्त्रियों का रूप सौंदर्य अपूर्व होता है। दृष्टि मात्र से पुरुष को वश में कर लेती हैं। मिथुन राशि की अभिनेत्रियां विशेष सफल होती हैं। दूसरों के प्रति अनुराग रखना आपकी सहृदयता का विशेष गुण है। घर की वस्तुओं को नवीनता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF
से सजाकर रखने की प्रवृत्ति आपकी कुशलता की परिचायक है। आपका कलात्मक सौंदर्य मनोहारी होता है। जिस कार्य में भी हाथ डालती हैं उसे सुरुचिपूर्ण तरीके से पूरा करती हैं। मनोवृत्ति की जरा-सी भी सधीरता जीवन को भोग और ऐश्वर्य की ओर झुका देती है।

आपका व्यक्तित्व बहुत संतुलित एवं नीतिनिपुण होता है। आप सबको मोहने वाली मूर्ति धारण किए रहते हैं। मन की गहराइयों तक पहुंचकर कार्यकुशलता से सबको मोहित कर लेते हैं।

मानसिक संतुलन उच्च कोटि का होता है। आपकी मनोभावनाएं कार्य में विघ्न डालती हैं। मिथुन राशि वाले सब प्रकार से सचेष्ट रहते हुए भी कोई काम अकेले नहीं कर पाते। दूसरों का सहयोग व उत्साह ही उनकी कार्य क्षमता का रहस्य होता है।

मानसिक स्थिति के अनुसार आपको सहयोग मिलता रहे तो आप अपने जीवन में सफल हो सकते हैं। आपके मन की वृत्ति आपको अधिक प्रभावित करती है।

दूसरों को शिक्षा देने में आप बड़े चतुर हैं और उनको प्रभावित कर लेते हैं। परन्तु स्वयं की मानसिक प्रवृति एवं नीति निपुणता केवल कलात्मक वृतियों में ही जुड़ी रहती हैं। थोड़ा-सा भी कार्य आपकी इच्छा के प्रतिकूल कोई करे तो आपका मानसिक संतुलन विगड़ जाता है। और फिर आप भाव विह्वलता में क्षुब्ध रहते हैं।

विद्या आरम्भ में कठिनाई से प्राप्त होती है। अधिक प्रयत्न करने पर ही सफलता मिलती है। आपकी इच्छाएं ही विद्या में बाधा डालती हैं। महत्त्वाकांक्षी और हित साधन होने के नाते लिप्सा की प्रवृत्तियां विद्या में पूरी रुचि नहीं रहने देती।

ज्ञान शक्ति साधारण मनुष्य से बहुत ऊंची होती है। यही

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कारण है विद्यार्थी काल मे आप अनेक प्रकार के ज्ञान प्राप्त कर अपनी कार्यक्षमता उत्तम बनाते रहते हैं। जीवन में निपुणता अवश्य बढ़ जाती है परन्तु विद्या पूर्ण स्थान नहीं दे पाती। तामसिक वस्तुओं का सेवन व चिन्तायुक्त रहने से रक्तचाप बिगड़ जाता है। छाती और फॅफड़ों पर बोझा पड़ता है। अधिक दौड़-धूप परिश्रम आपकी सेहत के लिए ठीक नहीं है। अतः आपको हल्का व्यायाम करना चाहिए। अपने आपको कफ की तकलीफ से बचाने की चेष्टा करनी चाहिए। गला, कान, नाक की पीड़ा, पेट में वायु आदि रोग सम्भव हैं, इतना कुछ होते हुए भी मिथुन राशि वालों का स्वास्थ्य उनके मानसिक संतुलन पर निर्भर रहता है। क्षणभर में सोच लेनें पर ही आप अपने आपको निरोग बना सकते हैं।

प्रेमियों में प्रेमी, अनुरागियों में रागी, नर्तकों में नर्तक होना आपकी प्रवृत्ति है। भावुकता के कारण रोमांस बना रहता है। मिथुन राशि की स्त्रियां भी मानसिक उल्लास करने में चतुर होती हैं। अभिनय तथा ललित कलाओं में रुचि व सौंदर्य प्रसाधन इस राशि के गुण हैं। मिथुन राशि में ही स्त्री-पुरुष भोग और योग दोनों का आनन्द प्राप्त करते हैं। सैक्स के मामलों में आप कभी पीछे नहीं रहते और न ही आपको कोई हरा सकता है। चाहने वालों को अपने वश में करना आपका विशेष गुण है। यों तो अव्यवस्था और अनियमितता से आप घृणा करते हैं। लेकिन शारीरिक आनन्द के मामले में किसी नियम में बंधना पसन्द नहीं करते। एक से अधिक स्त्रियों में लगाव का कारण यही रहता है। भोगका आनन्द भी लेते हैं और मान प्रतिष्ठा को भी बनाए रखते हैं।

आर्थिक समृद्धि के लिए आपको जीवन के आरम्भ में ही अपने रुचिकर कारोबार के बारे में ध्यानपूर्वक विचार करना

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF
चाहिए। इच्छाओं और मनोभावनाओं के हवाई घोड़े पर सवार हुए रहने से बेहतर है।

मिथुन राशि के व्यक्ति द्विस्वभावात्मक होने के कारण एक उद्योग व व्यवसाय से संतुष्ट नहीं रहते। अनेक कार्यों में रुचि रखते हैं। हर कार्य की विषमता व गहरी उलझन को समझकर उनको ठीक भी कर लेते हैं। चित्तवृत्ति स्थिर न होने के कारण कई बार कारोबार बदलते हैं। यदि नौकरी से लगे हों तो साथ-साथ एजेन्सी व दूसरे कार्यों में रुचि लेते हैं। चतुरता के साथ-ही प्रतिस्पर्धा की भावना बलवान होती है। इसलिए प्रतियोगिता आदि में चुने जाते हैं, पुलिस, गुप्तचर विभागों में पड़ें तो अधिक सफल होते हैं। एकाग्र चित्त होकर किसी कार्य का सम्पादन करना आपके लिए बहुत आवश्यक है। अपने कार्यों की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। बराबर कार्य बदलना आपके लिए उत्तम नहीं है।

सम्पत्ति कई प्रकार की बनाने की चेष्टा करते हैं। अपनी पैतृक एवं छिपाकर रखी हुई ऐश्वर्य के लिए सुरक्षा के लिए, कन्या राशि इस प्रकार की सम्पत्ति का प्रयोजन करते हैं। ये धनहीन कम देखे जाते हैं। जीवन के आरम्भ में कुछ कमी रहती है। 28 वर्ष के बाद कई प्रकार से धन लाभ के साधन बनते हैं, 36 से 42 की आयु में सम्पत्ति अवश्य प्राप्त होनी चाहिए। आपके जीवन का ध्येय है धन कमाकर सब प्रकार का प्रभुत्व एव आनन्द प्राप्त करना। आप इसमें अवश्य सफल भी होते हैं।

व्यापारिक बुद्धि होने पर भी आरम्भ में कुछ समय दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। नौकरी में होने के साथ आपके दूसरे साधन बनाने में आप यत्नशील रहते हैं व्यावसायिक कुशलता के कारण आयु के 30 वर्ष की अवस्था के पहले ही आप दो साधन बना लेते हैं। 35 वें वर्ष तक कारोबार में परिवर्तन लाकर प्रगति अवश्य होती है। अच्छे व्यापारियों से आप सम्बन्ध स्थापित करके अपनी सैल्समैनशिप अर्थ-व्यवस्था एवं उत्तम प्रबंध क्षमता के कारण प्रतिष्ठा पद प्राप्त कर लेते हैं। असर के अनुसार गुणहीन व्यक्ति की प्रशंसा भी कर सकते हैं। आपको पता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रहता है कि कौन किस तरह प्रसन्न हो सकता है। काम निकालने में आप बहुत चतुर हैं। आप उच्च कोटि के प्रबन्धक, एकाउण्टेंट, दूत, होटल कार्यकर्त्ता एवं सेक्रेटरी बनने में सफल हो सकते हैं।

इसी कारण आप एक कुशल वकील भी बन जाते हैं। विशेषतः आपका जीवन कुशल प्रबन्ध के रूप में ही व्यतीत होता है। कभी-कभी व्यापार में दूसरों पर विश्वास करके आप धोखा खा सकते हैं। परन्तु इसी से शिक्षा-को ग्रहण करके आप अपना पद एवं व्यवस्था सम्भालने में सफल होते हैं।

धर्म कैसा भी हो, आप उसकी दार्शनिकता में जाकर उसका अनुसरण करते हैं। आप अपनी धार्मिकता में त्याग नहीं, हित की चिन्ता करते हैं अगर आर्थिक स्थिति उत्तम हो तो मन्दिर आदि बनवा कर समाज में अपनी प्रतिष्ठा प्राप्त करने में रुचि रखते हैं।

स्वभाव से ही आप व्यक्तिगत संगति उत्तम रखने की चेष्टा करते हैं और इसी से साधन सम्पन्न बनकर अपनी कुशाग्र बुद्धि से मान प्रतिष्ठा प्राप्त कर लेते हैं। आपको विरोधियों की आलोचना की चिन्ता नहीं होती, बल्कि हितों की सुरक्षा का ध्यान अधिक रहता है। नेताओं से आप सुविधा प्राप्त करने में बड़े कुशल हैं। उच्च पदवी के लोगों को किसी-न-किसी तरह प्रसन्न करके आप अपना काम बना लेते हैं।

आपका परिवार बड़ा होता है। परिवार के सदस्य भी प्रगतिशील एवं प्रभुत्वशाली होते हैं। सबके हितों का ध्यान रखने से आप कई बार कुटुम्ब के बोझ से दब जाते हैं। सन्तान भी अधिक होती है। स्त्रियों की इच्छा से भी कुटुम्ब में अधिक व्यय होता है। कई बार एक से अधिक कुटुम्बों का भार उठाना पड़ता है। कुटुम्ब में आपका आदर बना रहता है क्योंकि आप सबसे सम्बन्ध उत्तम रखते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

1981 का दैनिक भविष्य संकेत

जनवरी 1981

1, 2 को कुटुम्ब की समस्याएं सुलझें, 3, 4 को अनावश्यक कार्यों में समय बीते। 5, 6 को समय अनुकूल है, अतिथि एवं मित्र जनों में समय बीते। 7, 8 को कार्य सम्पादन में लगे रहें, व्यावसायिक क्षमता वृद्धि। 9 से 11 के मध्य शारीरिक परेशानी, चिंता एवं व्यग्रता। 12, 13 को स्त्री वर्ग से विलासपूर्ण वातावरण भोगप्रद रखें। 14, 15 को बेचैनी, कार्य करते हुए अनेक प्रकार की बाधाओं का सामना करना पड़े, कुछ व्यवस्थाओं में रुकावट। 16, 17 को अचानक मन संवेदनशील रहे, कार्य कुशलता का हर्ष बना रहे। 18, 19 को समय अनुकूल है। 20, 21 को धन लाभ, आशाओं में सफलता। 22 से 24 के मध्य समस्याओं को सुलझाने में व्यस्त रहें। 25, 26 को समय अनुकूल होते हुए भी मानसिक बोझ व दिमाग पर परेशानियां रहें। 27, 28 को समय उत्तम, हर्ष युक्त साधन बनें। 29 से 31 के मध्य मनोवल उत्साहपूर्ण रहे, कार्य व्यवस्था में सुधार, नवीन योजनायें फलप्रद हों।

फरवरी 1981

1, 2 को मित्र वर्ग से आनन्द। 3 से 5 के मध्य संवेदनशीलता में समय बीते, कार्य व्यवसाय में बाधा, बुद्धि पर नियंत्रण रखें। 6, 7 को समय अनुकूल नहीं, व्यर्थ के वाद विवाद से बचने की चेष्टा करें। 8, 9 को स्त्री की सहानुभूति फलप्रद रहे। 10, 11 को समय की गति अनुकूल नहीं अचानक दूसरों की समस्या में जुटे रहें, सतर्क रहें। 12, 13 को भाग्य का सितारा साथ दे, कष्ट, चिंताओं से निवृत्ति। 14, 15 को अधिकारी वर्ग से मनमुटाव, चिंताओं से निवृति, दैनिक कार्य विषमता के साधन बनें।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

16 से 18 के मध्य धन लाभ। 19, 20 को समय अनुकूल नहीं, 21 सें 23 के मध्य स्वभाव में चिड़चिड़ाहट। 24, 25 को धन लाभ। 26 से 28 के मध्य समय अनुकूल है।

मार्च 1981

1, 2 को अपने मित्रों के आश्वासनों से बचें। 3, 4 को समय अनुकूल है। 5, 6 को विरोधियों से निपटने की भावनायें कष्टकारक हों। 7, 8 को स्त्री वर्ग की ओर सें मनोरंजनशील रखें। 9, 10 को समय अनुकूल नहीं, अनायास वृथा परिश्रम। 11, 12 को धन खर्च, अशांति, 13, 14 को चिंताओं से निवृति, 15 से 17 के मध्य धन लाभ, कार्य में सफलता। 18, 19 को यत्न करने पर भी दूसरों से आरोप, चिंता एवं व्यग्रता। 20, 21 को धन लाभ, स्त्री वर्ग से झगड़ा, अनेक कठिनाइयों का मुकाबला करना पड़े। 22 से 24 के मध्य स्थिति में सुधार, धन लाभ। 25 से 27 के मध्य मित्र वर्ग विशेष ऐश्वर्य। 28, 29 को मित्र वर्ग द्वारा पारिश्रमिक योग जुटावें। 30, 31 को विगड़े काम वनें, स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

अप्रैल 1981

1, 2 को समय आपके लिए विशेष फलदायी है। 3 से 5 के मध्य स्त्री वर्ग उत्साहपूर्ण रखे। 6; 7 को आकस्मिक चिन्ता की स्थिति बनी रहे। 8, 9 को धन की असमर्थता के कारण स्वभाव में क्रोध। 10, 11 को अधिकारी वर्ग फलप्रद हो, नवीन योजनाएं वनें कार्य-कुशलता की आशाएं। 12, 13 को धन लाभ, चिंताएं कम हों। 14, 15 को समय अनुकूल नहीं। 16 से 18 के मध्य मानसिक चिंता में वृद्धि, स्त्री वर्ग भोगप्रद एवं ऐश्वर्ययुक्त रखें, 19, 20 को कुटुम्ब से विषाद, चिता। 21 से 23 के मध्य पराक्रम में वृद्धि, इच्छा पूर्ण। 24, 25 को मित्र वर्ग की ओर से खुशी। 26 से 28 के मध्य धन लाभ, विगडे काम वनें। 29, 30 को विघटनकारी तत्त्व घटें, मन-मुटाव।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मई 1981

1, 2 को स्त्री वर्ग की ओर से हर्ष की प्राप्ति। 3, 4 को अचानक किसी अग्नि चोट का भय। 5, 6 को समय अनुकूल है, स्त्री सामर्थ्य में वृद्धि। 7, 8 तो भाग्य का सितारा काम करे, रुके हुए काम बनें। 9, 10 को नये लोगों से मेल-मिलाप। 11, 12 को यत्न करने पर भी सफलता के साधन प्राप्त न हों। 13 से 15 के मध्य स्त्री वर्ग से विवाद, स्वभाव में चिंता व व्यग्रता। 16 से 18 के मध्य औद्योगिक सफलता का हर्ष, चिंताएं कम हों, नवीन योजनाएं सफल हों। 21 से 23 के मध्य मित्र वर्ग द्वारा समर्पण। 24, 25 को मित्र वर्ग से धोखा, दिमाग और बुद्धि पर बोझ बना रहे। 26, 27 को समय अनुकूल नहीं यत्न करने पर विफलता की प्राप्ति हो शक्ति का व्यय हो। 28 से 31 के मध्य सुख एवं सफलता के साधन बनें, स्त्री के भोग से विलासपूर्ण जीवन व्यतीत करें।

जून 1981

1 से 3 के मध्य भाग्य का सितारा साथ दे। 4, 5 को आशानुकूल कार्य की सफलता का हर्ष। 6, 7 को समय अनुकूल रहे। 8, 9 को विशेष कार्य उत्तम रखें, दैनिक चिंताओं से निवृत्ति, 10, 11 को स्त्रीवर्ग भोगप्रद हो व्यावसायिक क्षमताओं में वृद्धि। 12 से 14 के मध्य सन्तान एवं कुटुम्ब की ओर से खुशी। 15, 16 को मन खुश रहे चिन्ताओं से छुटकारा धन की प्राप्ति हो। 17 से 19 के मध्य स्वभाव में उत्तेजना कष्टकारक हो। 20, 21 को अर्थ लाभ, नवीन योजनाएं सफल हों। 22, 23 को विरोधी तत्त्व परेशान करें। 24 से 26 के मध्य स्त्री वर्ग से उल्लासपूर्ण भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति। 27, 28 को विफलत्व की प्राप्त हो, अनेक प्रकार की बाधाओं से बचें। 29, 30 को समय अनुकूल है, अधिकारियों का समर्थन।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जुलाई 1981

1, 2 को अधिकारी वर्ग के समर्थन से सेवावृत्ति वालों के लिए विशेष व समृद्धिदायक समय है। 3, 4 को धन लाभ। आशानुकूल सफलता। 5, 6 को आकस्मिक व्यय व विवाद से बचन की चेष्टा करें। 7 से 9 के मध्य शत्रु वर्ग से ऐश्वर्य सुख, सुख के बाद विवाद व झगड़े। 10, 11 को समय अनुकूल है, आर्थिक योजनाएं फलप्रद हों। 12 से 14 के मध्य मित्र वर्ग के समागम में समय बीते। ऐश और सुख के साधन बनते रहें। 15, 16 को अधिकतम विरुचिता कष्टकारक हैं सुख एवं ऐश्वर्य के साधनों का लाभ उठावें। 17 से 19 के मध्य धन लाभ, दैनिक कार्यगति उत्तम, योजनाएं फलप्रद हों। 20, 21 को आकस्मिक घटनाओं से बचने की चेष्टा करें, व्यावसायिक बाधाएं, 22, 23 को दैनिक कार्य गति उत्तम, नवीन योजनाए फलप्रद हों। 24, 25 को शक्ति को ह्रास से बचाएं, धन की ओर से हानि, मानसिक अशांति, स्वभाव में तेजी भी बनी रहे। 26, 27 को व्यावसायिक क्षमता उत्तम, कार्य कुशलता की आशा उत्तम रहे। 28, 29 को अधिकारियों का समर्थन फलप्रद रहे, व्यावसायिक क्षमता उत्तम। 30, 31 को धन लाभ, आशानुकूल सफलता, कार्यकुशलता उत्तम, समस्याएं सुलझें।

अगस्त 1981

1 से 3 के मध्य किसी विस्फोटक स्थिति से बचने की चेष्टा करे, व्यवसाय में बाधा, 4, 5 को स्त्री वर्ग से विलासपूर्ण वातावरण बने, कार्य उत्तम, नवीन योजनाएं फलप्रद हों। 6 से 8 के मध्य कुटुम्ब की समस्याएं सुलझें। 9, 10 को मनोबल उत्साहपूर्ण रहे, आपके असमंजसता के कारण कोई परेशानी तैयार खड़ी है। 11 से 13 के मध्य मित्र वर्ग द्वारा ऐश्वर्य सुख के साधन प्राप्त करें। 14, 15 को भावना द्वारा अत्याधिक संवेदनशील हों। क्षणिक सुख एवं नवीन योजनाएं फलप्रद हों, सफलता की

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ओर बढ़ें। 16, 17 को आकस्मिक घटना के कारण विवाद। 18, 19 को ऐश्वर्य सुख की प्राप्ति, मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि। 20, 21 को समय अनुकूल नहीं, विशेष कार्य स्थगित रखें। 22, 23 को समय की अनुकूलताप्रबल हो, मन उत्साहपूर्ण हों। थोड़ा-सा प्रयत्न फलप्रद हो, 24, 25 को समर्थन फलप्रद हो, नवीन योजनाएं सफल हों, 26 से 28 के मध्य आशानुकूल सफलता, विरोधियों को मुंह की खानी पड़े, 29 से 31 के मध्य समय अनुकूल नहीं, विघटनकारी तत्त्वों से बचो।

सितम्बर 1981

1, 2 को समयानुकूल है, स्वभाव में शक्ति एवं सामर्थ्य की वृद्धि, 3, 4 को धन लाभ, कार्यकुशलता का हर्ष, निवृत्ति एवं समृद्धि के साधन बनें, 5 से 7 के मध्य पराक्रम वृद्धि, मान-प्रतिष्ठा बढ़े, 8, 9 को मित्रों द्वारा ऐश्वर्य सुख के साधन बनें। 10, 11 को मनोबल उत्साहपूर्ण हो, चिन्ताओं से निवृत्ति, धन लाभ, 12 से 14 के मध्य आकस्मिक घटना से बचने की चेष्टा करें, 15, 16 को मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, सामाजिक कार्यों में रुचि, 17, 18 को ऐश्वर्य एवं सुख के साधन प्राप्त हों। 19, 20 को बिगड़े काम बनें, दैनिक कार्यगति उत्तम, चिंताओं से छुटकारा, 21, 22 को अधिकारियों का समर्थन फलप्रद हो। आकस्मिक धन लाभ, 23, 24 को समय की अनुकूलता का लाभ उठावें, 25 से 27 के मध्य विशेष कार्य स्थगित रखें, व्यथा भ्रमण से हानि, 28, से 30 के मध्य मान प्रतिष्ठा उत्तम, सामाजिक कार्यों में रुचि।

अक्तूबर 1981

1, 2 को कुटुम्ब में सुख, किसी के कार्य बनने का हर्ष। 3, 4 को मनोबल उत्साहपूर्ण हो, 5, 6 को बुद्धि द्वारा कार्य समर्थन का हर्ष, व्यावसायिक समृद्धि के साधन बनें, 7 से 9 के मध्य आशानुकूल सफलता का हर्ष, किसी का कार्य बनने की खुशी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

10, 11 को व्यथा भ्रमण, समय व्यर्थ बीते, मनोवृत्ति उदासीन हो, 12, 13 को स्त्री वर्ग उल्लासपूर्ण, भोगप्रद वातावरण बनाए रखें, 14, 15 को समय अनुकूल नहीं, अचानक पांव में चोट, शारीरिक कष्ट का भय, 16, 17 को शुभ सूचना का हर्ष, कार्य उत्तम । 18, 19 को अधिकारी वर्ग के समर्थन से फल प्राप्ति, 20, 21 को पराक्रम उत्साहपूर्ण रहे 22 से 24 के मध्य विरोधी तत्वों से आप सावधान रहें, 25, 26 को विघटन-कारी तत्त्व परेशान करें, 27 से 29 के मध्य मानसिक शक्ति का ह्रास, मानसिक भावनाएं अपना, प्रभाव रखें, 30, 31 को पराक्रम एवं मनोबल बना रहे ।

नवम्बर 1981

1 से 3 के मध्य मित्र एवं अधिकारी वर्ग के समर्थन का हर्ष, 4, 5 को समय अनुकूल है, धन लाभ, आशाओं में सफलता, 6, 7 को विघटनकारी तत्त्व परेशान करें। 8, 9 को स्त्री वर्ग के विवाद से बचें, समय प्रतिकूल होते हुए भी उत्तम फलप्रद रहे । 10, 11 को दूसरों के कार्यों में व्यर्थ समय बीते, मानसिक बेचैनी, 12, 13 को भाग्य का सितारा साथ दे, आशानुकूल सफलता, 14 से 16 के मध्य रुके हुए कामों में सफलता एवं आशा, 17, 18 को भाग्य का सितारा साथ देवे, चिड़चिड़ाहट होते हुए कुछ काम पूर्ण हों, 19, 20 को समय अनुकूल नहीं, 21, 22 को स्त्री से झगड़ा, स्थिति असमंजस में रखें। 23 से 25 के मध्य विघटनकारी तत्त्व परेशान करें कार्य अस्त-व्यस्त हो, 26, 27 को किसी शत्रु द्वारा बेचैनी। 28 से 30 के मध्य कार्य व्यवस्था उत्तम, दूसरों के कार्य में समय बीते ।

दिसम्बर 1981

1, 2 को समय विशेष अनुकूल है। कार्य समर्थन का हर्ष । 3 से 5 के मध्य झगड़े विवाद रहें, कार्यो में रुकावट; 6, 7 को अनायास विरोधी तत्त्व परेशान करें, स्त्री वर्ग से मनमुटाव चिंता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

व व्यग्रता, 8, 9 को भावनाएं संवेदनशील रहें, 10, 11 को समय अनुकूल है। 12, 13 को आकस्मिक घटनाएं तंग करें। 14, 15 को समय अनुकूल होते हुए भी फलप्रद न हो, 16 से 18 के मध्य विरोधी तत्त्वों से विवाद, झगड़े, 19, 20 को विशेष कार्य स्थगित रखें, उतार-चढ़ाव की स्थिति रहे, 21, 22 को दैनिक कार्यगति उत्तम, बिगड़े काम बनें, 23 से 25 के मध्य मनोबल उत्साहपूर्ण रहे, आप अपनी स्थिति में सुधार ला सकते हैं, 26, 27 को इच्छापूर्ण हो, मित्र एवं अधिकारी वर्ग का समर्थन हर्षप्रद रहे, विशेष कार्यों के साधन बनें, 28, 29 को व्यावसायिक गति उत्तम, सफलता का हर्ष, 30, 31 को नवीन योजनाएं बनें, विरोधी तत्त्व परेशान करें।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तुला राशि

आपकी प्रकृति वहुत संतुलित है। संतुलित होने के कारण आप अपने आपको हर समय व स्थिति के अनुकूल वना लेते हैं। इसीलिए जीवन के विकास कार्यों में विघ्न व बाधाएं आपको परेशान नहीं कर सकतीं। जीवन के प्रथम भागों में संघर्षशील रहकर आप निपुणता प्राप्त करते हैं। जिस कार्य को करते हैं उसमें पूर्ण रुचि एवं लगन द्वारा सफलता प्राप्त करना आपका ध्येय है। जीवन के मध्य भाग में राहु द्वारा कठिन परिश्रम करना पड़ता है। कई बार उथल-पुथल व परिवर्तन की स्थिति भी असमंजस उत्पन्न करती रहती है। परन्तु आकस्मिक स्थितियों में उलझने की क्षमता आप में सबसे अधिक है। मनोवल उत्तम होने के कारण सब प्रकार के संघर्ष आप हंसते-हंसते निपटा लेते हैं।

आप आशावादी हैं। अतः आपको जीवन में सफलता प्राप्त होती है। बुद्धि जिस कार्य व भावना में लग जावे उसे तब तक नहीं छोड़ती, जब तक वह कार्य पूरा नहीं हो जाता। ज्ञान शक्ति सर्वगुण सम्पन्न बनाने की क्षमता रखती। कुशल व्यापारी, भावुक प्रेमी होते हुए भी आप यथार्थ का ध्यान रखते हैं। आपकी प्रकृति शांतिप्रिय, अहिंसावादी एवं त्यागमय है। किसी के अहित

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

की चिंता नहीं करते। बड़े-बड़े विरोध को टालकर आप अपनी सहिष्णुता से अपना मार्ग बदल कर भी अपनी सफलता के साधन जुटाने में चतुर हैं। प्रतिशोध की भावनाओं में समय खराब न कर उसे सृजनशील बनाते हैं।

आपका व्यक्तित्व सुलझा हुआ है। भावनाएं स्नेह युक्त। वार्तालाप में माधुर्य एवं सुरुचिपूर्ण प्रत्युत्तर देने की क्षमता प्रशंसनीय है। आपके विरोधी भी आपका मान करते हैं। आपके अधीन कार्य करने वाले भी आपसे स्नेह रखने के कारण आपकी अवज्ञा नहीं कर पाते।

यथार्थवादी होने के कारण आपका व्यवहार उत्तम रहता है अन्याय सहन नहीं कर पाते, न ही अन्याय कर सकते हैं परन्तु अन्यायी व दुर्व्यवहार करने वाले को समय आने पर आप उनके दोष बताने में हिचकिचाते भी नहीं। आपका स्वभाव यदि उग्र नहीं तो दब्बू भी नहीं। आप अपने कर्त्तव्यों के प्रति जागरूक एवं तटस्थ रहते हैं। कर्त्तव्य पालन ही आपका धर्म है। जीवन के सम्पूर्ण भोग प्राप्त करना आपकी भावना है एवं समृद्धिशाली होना आपका स्वभाव है।

अपना प्रभुत्व बनाये रखने के लिए सामाजिक कार्यों में रुचि रखते हैं। राजनीतिक कार्यों में तो आप विशेष नीति निपुण हैं। आपकी दूरदर्शिता, विवेकशीलता एवं न्यायप्रियता के कारण आप दूसरों के झगड़ों को निफ्टाने की विशेष क्षमता रखते हैं और यही कारण है कि आप न्यायाधीश बनकर सबकी समस्याओं को भली भांति सुलझाते हैं। संकटकाल में भी आप तटस्थ रहकर विषमताओं का सामना करते हैं। सब प्रकार के भोगों का आनन्द प्राप्त करते हुए भी आप अपना व्यक्तित्व सदैव निष्कंटक रखते हैं। आप अपनी प्रतिष्ठा का दुरुपयोग नहीं होने देते। अतः आपका व्यक्तित्व धार्मिक एवं यथार्थवादी कहा जा सकता है।

संतुलित व्यवहार ही आपका प्रधान गुण है। मनोबल सदैव

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऊंचा रहकर मुश्किल-से-मुश्किल कार्य भी सुधार लेता है। आप की मधुर वाणी सब वाक्चातुर्य विरोधियों को भी वश में कर लेती है। आपको बौद्धिक जीव कहा जा सकता है। अपनी बुद्धि द्वारा मानसिक स्थिति पर आप पूर्ण संयम रखते हैं। मस्तिष्क हर समय क्रियाशील रहता है। जीवन में कई बार आकस्मिक घटनाओं के कारण आपके विवेक की परीक्षा होती है परन्तु आपकी तटस्थता बिगड़े हुए मानसिक संतुलन को भी धैर्य-शक्ति प्रदान कर विचलित नहीं होने देती है। बचपन में स्वाभाविक उच्छृंखलता सम्भव है। पर इससे भी आप पर विशेष कलंक नहीं लगता।

आप एक प्रवुद्ध नेता एवं प्रगतिशील व सुधारक होने के नाते अपनी व्यावहारिकता में कोई कमी नहीं आने देते। सबसे स्नेह करना, सबको यथोचित आदर देना और दूसरों के दुर्व्यवहार को समेटकर टाल देने से ही समाज में आप प्रशंसा के पात्र बने रहते हैं।

आप जिस विद्या को भी मन में धारण कर लें उसी में सफलता प्राप्त करते हैं। आपकी भावनाएं क्रियात्मक हैं। व्यर्थ ही आलोचना और तर्क-वितर्क आपको रुचिकर नहीं। योजनाबद्ध होकर आप ज्ञान की चरम सीमा तक पहुंचने के लिए रुचिकर रहते हैं। आपको साधन मिलने चाहिए, सफलता को प्राप्त करना कठिन नहीं। बचपन में आपका मनोबल कमजोर व लोलुप हो सकता है, अतः विद्या से यदि एक बार भी मन हट गया फिर पढ़ने में रुचि नहीं रहती। आपकी ज्ञान-शक्ति अन्वेषणात्मक है। आप हर बात की गहराई तक पहुंच कर ही चैन लेते हैं।

आप रसिक शिरोमणि हैं। प्रेम सम्बन्ध में एक उत्तम कलाकार व किसी अभिनेता से कम नहीं। किसी को अपने प्रेमजाल में आकृष्ट करने में आप कुशल हैं। इतना होते हुए भी आप भावुक नहीं। आपकी भावुकता केवल प्रदर्शन की है। भावुकता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF
की चिंता नहीं करते। बड़े-बड़े विरोध को टालकर आप अपनी सहिष्णुता से अपना मार्ग बदल कर भी अपनी सफलता के साधन जुटाने में चतुर हैं। प्रतिशोध की भावनाओं में समय खराब न कर उसे सृजनशील बनाते हैं।

आपका व्यक्तित्व सुलझा हुआ है। भावनाएं स्नेह युक्त। वार्तालाप में माधुर्य एवं सुरुचिपूर्ण प्रत्युत्तर देने की क्षमता प्रशंसनीय है। आपके विरोधी भी आपका मान करते हैं। आपके अधीन कार्य करने वाले भी आपसे स्नेह रखने के कारण आपकी अवज्ञा नहीं कर पाते।

यथार्थवादी होने के कारण आपका व्यवहार उत्तम रहता है अन्याय सहन नहीं कर पाते, न ही अन्याय कर सकते हैं परन्तु अन्यायी व दुर्व्यवहार करने वाले को समय आने पर आप उनके दोष बताने में हिचकिचाते भी नहीं। आपका स्वभाव यदि उग्र नहीं तो दब्बू भी नहीं। आप अपने कर्त्तव्यों के प्रति जागरूक एवं तटस्थ रहते हैं। कर्त्तव्य पालन ही आपका धर्म है। जीवन के सम्पूर्ण भोग प्राप्त करना आपकी भावना है एवं समृद्धिशाली होना आपका स्वभाव है।

अपना प्रभुत्व बनाये रखने के लिए सामाजिक कार्यों में रुचि रखते हैं। राजनीतिक कार्यों में तो आप विशेष नीति निपुण हैं। आपकी दूरदर्शिता, विवेकशीलता एवं न्यायप्रियता के कारण आप दूसरों के झगड़ों को निपटाने की विशेष क्षमता रखते हैं और यही कारण है कि आप न्यायाधीश बनकर सबकी समस्याओं को भली भांति सुलझाते हैं। संकटकाल में भी आप तटस्थ रहकर विषमताओं का सामना करते हैं। सब प्रकार के भोगों का आनन्द प्राप्त करते हुए भी आप अपना व्यक्तित्व सदैव निष्कंटक रखते हैं। आप अपनी प्रतिष्ठा का दुरुपयोग नहीं होने देते। अतः आपका व्यक्तित्व धार्मिक एवं यथार्थवादी कहा जा सकता है।

संतुलित व्यवहार ही आपका प्रधान गुण है। मनोबल सदैव

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऊंचा रहकर मुश्किल-से-मुश्किल कार्य भी सुधार लेता है। आप की मधुर वाणी सव वाक्चातुर्य विरोधियों को भी वश में कर लेती है। आपको बौद्धिक जीव कहा जा सकता है। अपनी बुद्धि द्वारा मानसिक स्थिति पर आप पूर्ण संयम रखते हैं। मस्तिष्क हर समय क्रियाशील रहता है। जीवन में कई बार आकस्मिक घटनाओं के कारण आपके विवेक की परीक्षा होती है परन्तु आपकी तटस्थता विगड़े हुए मानसिक संतुलन को भी धैर्य-शक्ति प्रदान कर विचलित नहीं होने देती है। वचपन में स्वाभाविक उच्छृंखलता सम्भव है। पर इससे भी आप पर विशेष कलंक नहीं लगता।

आप एक प्रवुद्ध नेता एवं प्रगतिशील व सुधारक होने के नाते अपनी व्यावहारिकता में कोई कमी नहीं आने देते। सवसे स्नेह करना, सवको यथोचित आदर देना और दूसरों के दुर्व्यवहार को समेटकर टाल देने से ही समाज में आप प्रशंसा के पात्र वने रहते हैं।

आप जिस विद्या को भी मन में धारण कर लें उसी में सफलता प्राप्त करते हैं। आपकी भावनाएं क्रियात्मक हैं। व्यर्थ ही आलोचना और तर्क-वितर्क आपको रुचिकर नहीं। योजनावद्ध होकर आप ज्ञान की चरम सीमा तक पहुंचने के लिए रुचिकर रहते हैं। आपको साधन मिलने चाहिए, सफलता को प्राप्त करना कठिन नहीं। वचपन में आपका मनोवल कमजोर व लोलुप हो सकता है, अतः विद्या से यदि एक वार भी मन हट गया फिर पढ़ने में रुचि नहीं रहती। आपकी ज्ञान-शक्ति अन्वेषणात्मक है। आप हर वात की गहराई तक पहुंच कर ही चैन लेते हैं।

आप रसिक शिरोमणि हैं। प्रेम सम्वन्ध में एक उत्तम कलाकार व किसी अभिनेता से कम नहीं। किसी को अपने प्रेमजाल में आकृष्ट करने में आप कुशल हैं। इतना होते हुए भी आप भावुक नहीं। आपकी भावुकता केवल प्रदर्शन की है। भावुकता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रकट करके आप सेक्स के मामले में अपने प्रेमपात्र के दिलों पर राज्य करते हैं। प्रेम के सम्बन्ध में कभी-कभी भावनाएं असंतुलित भी हो जाएं तो भी आपका व्यवहार नैतिक रहता है। आपकी मृदुवाणी से अपने प्रेमी को उकसा-उकसा कर आप अपनी इच्छा के अनुकूल बनाकर ही एक कुशल प्रेमी बनते हैं। प्रेम सम्बन्ध में विघ्न आने पर भी बेचैन नहीं होते, न ही भावुक होकर उदासीन निराश होते हैं। जरा-सा रास्ता बदलकर फिर अपने मनोरंजन के साधन बना लेते हैं।

दूसरों की सम्पत्ति से आप स्पर्धा रखते हैं, अपनी आर्थिक स्थिति उत्तम करने के लिए पूर्ण प्रयास करते हैं। पैतृक सम्पत्ति बहुत कम प्राप्त होती है। जीवन में आर्थिक चढ़ाव-उतार कई बार आते हैं। कई बार भाग्योदय, कई बार भाग्य की हानि हो जाती है। व्यापारिक दृष्टिकोण में अधिक विश्वास होने के कारण कई बार गलत व्यवसाय में भी फंस जाते हैं परन्तु आपकी कार्यक्षमता उत्तम कोटि की होने से आर्थिक संतुलन बना रहता है। काम-धन्धे बड़े-बड़े करते हैं जब धन आता है तो खूब समृद्ध होते हैं। धन का व्यय भी रुचिपूर्ण करते हैं। अपने व्यय और सम्पत्ति को संभाल कर चलना आपके लिए कठिन है।

आप कुशल व्यापारी हैं। आपके व्यवसाय में 'इस हाथ दे उस हाथ ले' परिपाटी निभाने की वृत्ति रहती है। जीवन के प्रथम भाग में कभी-कभी नौकरी करनी पड़ती है। प्रायः आप जनकल्याण के कार्यों में धन कमाने की प्रवृत्ति रखते हैं। आप एक कुशल व्यापारी, सेल्समैन, इंजीनियर, परामर्शदाता, न्यायाधीश, चार्टर्ड एकाउन्टेंट, वकील एवं डाक्टर बनकर जीवन में विशेष सफलता प्राप्त करते हैं। इसके अतिरिक्त कार्यों में विशेष सफलता प्राप्त नहीं होती। किसी-न-किसी प्रकार जनकार्यों में रुचि रखने के कारण समाज में उत्तम अंग बनकर अपनी ख्याति के साधन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वनाये रखते हैं।

धार्मिक वृत्ति उत्तम होती है। रूढ़िवादी प्रयासों में आपकी रुचि नहीं होती। आपका धर्म न्यायशील एवं युक्तिसंगत है। आपको जहाँ नवीनता की आवश्यकता हो आप उसे ग्रहण करके ही रहते हैं। जीवन एवं समाज में नैतिकता एवं आदर्श स्थापित करना ही आपकी धार्मिकता है। आपका धर्म है न्याय, सेवा, न्याय एवं आदर्श जन-कल्याण। सर्वजन सुखाय सर्वजन हिताय ही आपकी नैतिकता का आधार है। धर्म को आप नियम का स्वरूप मानते हैं। स्वयं पालन कर यथाशक्ति दूसरों को नियमों का आचरण करने की शिक्षा अधिक देते हैं।

कुटुम्ब वड़ा होता है, मित्र अनेक होते हैं पर आपकी मैत्री आमोद-प्रमोद एवं किसी लक्ष्य हेतु होती है। आप मित्रता को व्यावसायिक व सामाजिक गठवन्धन मानते हैं। वास्तविक त्याग मूर्ति मैत्री की खोज में रहती है। कुटुम्ब के लोग भी स्वार्थी होते हैं। आपका सहयोग प्राप्त कर जव उनके कार्य हो जाते हैं, तव आपका सम्वन्ध फीका पड़ जाता है। सन्तान से भी पूर्ण सहयोग प्राप्त नहीं होता। इसी कारण जीवन में कई बार उद्विग्नता मानसिक खिन्नता होती है। आप अपने मित्रों के हित में अपना समय लगाते हैं, परन्तु अपने हित की वात होने पर मित्र विमुख होने लगते हैं, परन्तु जीवन में आपके वड़े-बड़े कार्यों में कुटुम्ब की अपेक्षा मित्र थोड़ी देर के लिए विशेष सहायक होते हैं। वास्तव में आप यथार्थवादी होने के कारण उनकी कमियां तुरन्त पहचान कर स्वयं ही पीछे हट जाते हैं। इससे सम्पर्क भी वना रहता है। आप मैत्री में निरन्तर नवीनता की भावना रखते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

1981 का दैनिक भविष्य संकेत

जनवरी 1981

1 से 3 के मध्य कुटुम्ब की समस्याओं से निपटें, धन लाभ, 4 से 6 के मध्य पराक्रम, वुद्धि, मनोवल उत्सापूर्ण रहे, 7, 8 को मित्रवर्ग से हर्षपूर्ण वातावरण से मनोरंजन मिले, 9 से 11 के मध्य धन लाभ, आशाओं में सफलता, 12, 13 को समय साधारण मंद चले और कार्य करते रहने पर भी स्वभाव में वेचैनी, 14, 15 को स्वभाव में व्यग्रता, वेचैनी, तेजी व झगड़े संभव हैं, 16, 17 को समय विशेप अनुकूल है, आनन्ददायक सुख समाचार, 18, 19 को समय अनुकूल है, भाग्य का सितारा साथ दे, 20, 21 को समय अनुकूल नहीं, अधिकारी वर्ग से सतर्क रहें, 22 से 24 के मध्य कार्य व्यवस्था उत्तम हो, नवीन योजनाएं सफल हों, 25, 26 को समय अनुकूल नहीं, सफलताओं में वाधा व व्यग्रता सम्भव, चिन्ता वनी रहे, 27, 28 को मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, 29 से 31 के मध्य आप अपनी चिन्ताओं पर कावू पा सकते हैं, हर्षपूर्ण वातावरण, नवीन योजनायें फलीभूत हों।

फरवरी 1981

1 से 3 के मध्य उत्साह से कार्य वने, अधिकारी एवं मित्र समर्थक हों। कारोवार उत्तम, 4, 5 को अधिक परिश्रम, मित्र से मनमुटाव, 6, 7 को स्वभाव में आत्मवल, कारोवार उत्तम, आशाएं सफल हों, 8, 9 को विरोधी परेशान करें, कारोवार से परेशानी, 10, 11 को कारोवार में वृद्धि, स्त्रीवर्ग भोगप्रद रहें, 12, 13 को निजी परेशानी से वचो, दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप कष्टकारक हो, 14, 15 को सोचे हुए काम समय पर वनने से सन्तोप, 16 से 18 के मध्य अधिकारी विरोध करें। स्वभाव में उद्विग्नता, चिन्ता एवं व्यग्रता से वचो, 19, 20 को कारोवार

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उत्तम, मन संवेदनशील रहे, 21, 22 को विरोध एवं आकस्मिक कष्ट से बचें, 23 से 25 के मध्य समय अनुकूल रहे, क्षमता में वृद्धि, 26 से 28 के मध्य कुटुम्ब की चिन्ता कम हो, शुभ-सूचना का हर्ष।

मार्च 1981

1, 2 को प्रभुत्व वृद्धि, उत्साहवर्धक समाचार मिलें, 3, 4 को मित्र-मिलाप हर्षप्रद रहे, अधिकारी चिन्ताकारक हों, 5, 6 को दूसरों की बातों में न आयें, साधन सम्पन्नता के कार्यों में देरी न करें, 7, 8 को स्वभाव में उद्विग्नता, चिन्ता, किसी की वेतुकी बातों से परेशानी, 9, 10 को अपेक्षाकृत समय अनुकूल उत्तम कारोबार, 11, 12 को भोग-ऐश्वर्य से स्वभाव मंद, अनायास वृथा भ्रमण, 13 से 15 के मध्य उत्साहवर्धक विचार फलप्रद, कार्य गति उत्तम, सुख के साधन बनें, प्रेमी लोग ऐश्वर्य एवं भोगप्रद रहें, 16, 17 को किसी अधिकारी का सहयोग सुखपूर्वक रहे, धन एवं कुटुम्ब की चिंता बनी रहे, 18, 19 को भाग्य का सितारा साथ देवे, रुके व विगड़े काम बनें, 20, 21 को विशेप कार्य स्थगित रखें, कारोवार में बाधा, 22 से 24 के मध्य मान-प्रतिष्ठा वाल-वाल बचे, 25 से 27 के मध्य धन-लाभ, कार्यगति उत्तम, सुख के साधन बनें, 28, 29 को प्रयत्न सफल होवे, कार्य व्यवसाय उत्तम, सुख वृद्धि, स्त्री सुखवर्धक रहे, 30, 31 को उत्तम व्यवसाय, कार्यगति उत्तम, चिंता निवृत्ति, आशा पूर्ति का हर्ष, नये कारोबार बनें, सतर्कता फलीभूत हो।

अप्रैल 1981

1 से 3 के मध्य व्यावसायिक कार्यों से सन्तोष, मन संवेदनशील रहे, 4, 5 को विघटनकारी तत्त्व परेशान करें, चिन्ता एवं विरोध, माल-धन की हानि, 6, 7 को वृथा उत्तेजना बनी रहे, कार्यगति उत्तम, मनोवल कार्य न करे, 8, 9 को भोग सुख की आशा से कष्ट, 10, 11 को प्रयत्नशीलता से कार्य वृद्धि, वृथा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चिंता से बचें, उत्तम कारोबार को हाथ से न जाने देवें, 12, 13 को अधिकारी समर्थक होते हुए भी असमंजस में रखें, स्त्रीवर्ग से उपेक्षा।

14, 15 को समय की अनुकूलता का लाभ उठावें, दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप कष्टकारक हो, 16 से 18 के मध्य अनेक प्रकार के विघटनकारी तत्व परेशान करें, 19 से 21 के मध्य भाग्य का सितारा साथ देवे, 22, 23 को समस्याएं सुलझें, कार्य व्यवसाय उत्तम, 24 से 26 के मध्य अधिकारीगण का सहयोग कष्टप्रद रहे, 27, 28 को समय अनुकूल होते हुए भी सफलता प्राप्त न हो, 29, 30 को समय विशेष अनुकूल है, दैनिक कार्य-गति उत्तम।

मई 1981

1, 2 को समय विफलत्व को प्राप्त हो 3, 4 को स्त्रीवर्ग द्वारा भोग एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति, 5, 6 को समय अनुकूलता का लाभ उठावें, 7, 8 को विघटनकारी तत्व परेशान करें, शारी-रिक उत्तेजनशीलता बढ़े, 9, 10 को अधिकारीवर्ग चिंतित रखें व्यावसायिक कार्यों में बाधाएं उत्तेजित रहें, 11 से 13 के मध्य समय फलप्रद है, 14, 15 को विघटनकारी तत्त्व परेशान करें, 16 से 18 के मध्य समाज में मान-प्रतिष्ठा, स्त्रीवर्ग हर्षयुक्त रखें, धन का खर्च हो, 19 से 21 के मध्य मान-प्रतिष्ठा बाल-बाल बचे; 22, 23 को अर्थ-व्यवस्था उत्तम मन प्रसन्न रहे, 24, 25 को स्थिति असमंजस में रहे, मन उदासीन रहे, 26, 27 को स्वभाव की सन्देहशीलता असमंजस रखे, चित्तवृत्ति प्रसन्न हो, 28, 29 को लेन-देन के मामलों से बचें, 30, 31 को किसी घटना से परेशान होना पड़े।

जून 1981

1, 2 को कार्य व्यवसाय में हीनता की मनोवृत्ति बने, 3, 4 को शरीर अस्वस्थ रहे, चारों तरफ से मुंह की खानी पड़े।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

5 से 7 के मध्य अधिकारी वर्ग का समर्थन फलप्रद न रहे, 8, 9 को सोचे हुए कार्य बनें, व्यावसायिक उलझनें दूर हों, 10 11 को हर तरफ से मुंह ही खानी पड़े, 12 से 14 के मध्य सामाजिक हर्ष व कार्य कुशलता से लाभ, 15 से 17 के मध्य कुटुम्ब व स्त्रीवर्ग से हर्षपूर्ण सफलता, 18, 19 को अनायास व्यग्रता, 22, 23 को यात्रा से परेशानी, मनमुटाव रहे, 24 से 26 के मध्य मनमुटाव रहे, दैनिक कार्य गति ठीक न रहे, 27, 28 को कुटुम्ब एवं संतान से सन्तोष, कार्य व्यवसाय गति नवीन योजनायें लेकर प्रकट हों, 29 से 31 के मध्य शरीर सुरक्षा का ध्यान रखें, व्यग्रता एवं चिन्ता से वचो, आकस्मिक घटनाएं परेशान करें।

जुलाई 1981

1, 2 को विगड़े हुए काम बनें, अनेक योजनाओं में सफलता प्राप्त हो, 3, 4 को अधिकारियों की असमंजस की चिंता न कर कारोवार का ध्यान रखें, 5, 6 को अधिकारियों का समर्थन, 7 से 9 के मध्य अनायास समस्याएं उत्पन्न हों, समाज में प्रतिष्ठा विवाद, 10, 11 को समाज में प्रतिष्ठा, योजनाएं फलप्रद हों, 12 से 14 के मध्य कार्य व्यवसाय उत्तम, दैनिक चिंताएं दूर हों, 15 से 17 के मध्य अधिकारी असमंजस में रखें, सामाजिक एवं कुटुम्ब के कार्यों में समय बीते, 18 से 21 के मध्य दैनिक कार्य व्यवसाय में वाधा व चिंता, स्वास्थ्य खराव रहे। 22, 23 को कार्य में वाधा, विरोधी तत्व परेशान करें, 24, 25 को स्त्रीवर्ग की ओर से मन उल्लासपूर्ण रहे, 26, 27 को कौटुम्बिक समस्याएं कष्टकारक हों, 28, 29 को स्त्रीवर्ग से उल्लासपूर्ण वातावरण, चिंताओं से छुटकारा, 30, 31 को अधिकारियों का समर्थन फलप्रद हो।

अगस्त 1981

1 से 3 के मध्य समय विशेष अनुकूल है। कार्य कुशलता का हर्ष, 4, 5 को विघटनकारी तत्व परेशान करें, वाद-विवाद

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

से परेशानी, 6, 7 को समय अनुकूल है, मान-प्रतिष्ठा, 8, 9 को समस्याएं सुलझें, कार्यगति उत्तम, 10, 11 को कार्य कुशलता का हर्ष, 12, 13 को नवीन कार्य हर्षप्रद हो, 14, 15 को विघटनकारी तत्व परेशान करें, 16, 17 को आर्थिक समस्याएं सुलझें 18, 19 को समय अनुकूल है, नवीन साधना एवं सम्पन्नता के योग बनें, नवीन कार्य फलप्रद हो, 20, 21 को समय अनुकूल, 22, 23 को विशेष कार्य फलप्रद हो, समस्याएं सुलझें, 24, 25 को अधिकारियों का समर्थन प्राप्त हो। कार्य कुशलता का हर्ष, 26 से 28 के मध्य अधिकारियों का समर्थन प्राप्त हो, कार्य-कुशलता का हर्ष, 29 से 31 के मध्य समय अनुकूल है।

सितम्बर 1981

1, 2 को समय अनुकूल नहीं अधिकारी वर्ग परेशान कर सकते हैं, किसी झगड़े आदि से बचें, 3, 4 को स्त्रीवर्ग से विशेष उल्लासपूर्ण वातावरण भोगप्रद रहे, 5 से 7 के मध्य कुटुम्ब की समस्यायें सुलझें, 8, 9 को समय की अनुकूलता का लाभ उठाएं, 10, 11 को विफलत्व को प्राप्त हों, चिंता व व्यग्रता, कार्यों में विलम्ब, 12 से 14 के मध्य कार्य बनें, चिंता निवृत्ति, 15, 16 को समय ठीक नहीं, विशेष कार्य स्थगित रखें, 17, 18 को स्त्री वर्ग से विशेष विलासपूर्ण वातावरण भोगप्रद रखे, 19, 20 को समय अनुकूल है, स्त्रीवर्ग भोगप्रद रहे, 21, 22 को भाग्य का सितारा साथ दे, 23, 24 को विघटनकारी तत्व परेशान करें, 25 से 27 के मध्य कुछ समय आपके अनुकूल है, चिन्ता व व्यग्रता परेशान रखे, 28, 29 को विघटनकारी तत्व परेशान करें, 30, को अपने मनोबल व समर्थता द्वारा आप सफलता के साधन समय की अनुकूलता से उठा सकते हैं।

अक्तूबर 1981

1,2 को असमंजस की स्थिति बनी रहे, स्त्रीवर्ग से मन-मुटाव व झगड़े, 3, 4 को कुटुम्ब के साधन बनें, 5, 6 को मनो-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वल उत्साहपूर्ण हो, यत्नशीलता फलप्रद हो, 7 से 9 के मध्य अधिकारीवर्ग असमंजस में रखें, 10, 11 को समय अनुकूल है, सोचे हुए काम बनें, 12, 13 को समय अनुकूल नहीं, विशेष कार्य स्थगित रखें, 14, 15 को स्त्रीवर्ग असमंजस में रखें, कार्य सफलता में बाधा, 16, 17 को समय अनुकूल है, ऐश्वर्य व सुख के साधन बनें, 18, 19 को भाग्य का सितारा साथ दे, विगड़े हुए काम बनें, 20, 21 को अधिकारी वर्ग परेशान रखें, 22 से 24 के मध्य धनलाभ, चिंता से निर्वृत्ति, 25, 26 को व्यवसाय में बाधा, अचानक कहीं विरोध व विवाद कष्टकारक हो, विशेष कार्य स्थगित रखें, 27, 28 को मान-प्रतिष्ठा, स्त्रीवर्ग समर्थक होते हुए भी फलप्रद न हो, 29 से 31 के मध्य समय अनुकूल है। कुटुम्व की चिंताओं से निवृत्ति।

नवम्बर 1981

1 से 3 के मध्य चिंताओं से वचने की चेष्टा करें, 4, 5 को अधिकारीवर्ग का समर्थन फलप्रद हो, 6, 7 को धनलाभ, विगड़े काम वनें, 8, 9 को विघटनकारी तत्व परेशान करें, 10, 11 को समय अनुकूल है। स्त्रीवर्ग ऐश्वर्य व धर्मप्रद रहे, 12, 13 को धनलाभ, आशाओं में सफलता, 14, 15 को सामर्थ्य एवं पावन सम्पन्नता के योग बनें, 16 से 18 के मध्य अधिकारियों के आश्रित न रहें, 19, 20 को धनलाभ, आशाओं में सफलता, 21, 22 को आर्थिक चिंता व्यग्र रखे, कार्य व्यवसाय में वाधा, 23 से 25 के मध्य सामाजिक मान-प्रतिष्ठा, 26, 27 को कुटुम्ब की समस्या सुलझे, कार्य सम्पन्नता का हर्ष रहे, 28 से 30 के मध्य मनोवल उत्साहपूर्ण रहे।

दिसम्बर 1981

1, 2 को अधिकारियों का समर्थन हर्षप्रद रहे, दैनिक कार्य एवं व्यावसायिक गति उत्तम, 3 से 5 के मध्य अर्थलाभ, किसी के कार्य बनने की खुशी, 6, 7 को कार्य व्यवसाय में वाधा, विरोध

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

व विवाद, झगड़े व असमंजस की स्थिति से बचें, 8, 9 को समय अनुकूल है, स्त्रीवर्ग विशेष भोगप्रद हों, कार्य कुशलता का हर्ष, चिंता से निवृत्ति, 10, 11 को कुटुम्ब की समस्याएं सुलझें, सफलता का हर्ष, 12, 13 को दूसरों की बातों में आने से कष्ट व चिंता, 14, 15 को समय अनुकूल है, कार्य वृत्ति सफल हो, 16, 17 को धनलाभ, आशाओं में सफलता, 18 से 20 के मध्य विशेष कार्य स्थगित रखें, 21, 22 को सामाजिक मान-प्रतिष्ठा, 23 से 25 के मध्य कुटुम्ब की समस्याएं सुलझें, 26, 27 को पराक्रम से मनोबल बना रहे, परिश्रम में कार्य सफलता का हर्ष, 28, 29 को समय अनुकूल होते हुए भी अधिकारी वर्ग असमंजस में रखे, 30, 31 को समय अनुकूल है, सफलता का हर्ष ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वृश्चिक राशि

मूल प्रकृति से ही आप स्वेच्छाचारी हैं। मंगल द्वारा शक्ति पाकर और कुशल प्रशासक वनने के लिए यत्नशील रहते हैं। वृहस्पति आपको शान्ति देते हैं, परन्तु जीवन के मध्य में शनि नक्षत्र के कारण स्वभाव उग्र तथा आन्दोलन करने की शक्ति वनाता है। जीवन के उत्तरार्ध में बुद्धि द्वारा चातुर्य एवं नीति निपुणता प्राप्ति होने से आप स्वेच्छाचारी प्रशासक बनकर अपना प्रभुत्व कायम करते हैं आप उग्र होते हुए भी अपने साथियों की सुरक्षा की चिन्ता करते हैं। संघर्ष एवं युद्ध में विजय प्राने के लिए आप कठिन-से-कठिन परिस्थिति में भी कूद पड़ते हैं। आपका ध्येय है विरोध से जूझते रहना, विरोध को कुचल देना। किसी परेशानी के कारण यदि थोड़ी देर झुकें तो भी वक्त निकालने के लिए; वक्त आने पर विरोधी को आप नीचा दिखाकर रहते हैं। फिर क्षमा नाम की वस्तु आपकी राह में नहीं आती। आपका तेज प्रहार अपना कार्य करके ही रहता है।

स्वभाव से प्रेम बहुत होता है। पर जीवन भर सच्चा प्रेम व सहायक प्राप्त नहीं होता।

आप जीवन में ईमानदारी से परिश्रम करना चाहते हैं, परन्तु सामाजिक परिस्थितियां आपको उग्र बनाकर आन्दोलन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

करने पर मजबूर कर देती हैं। संघर्ष आपको चेतावनी प्रदान करता है। दूसरों की अन्तर भावनाओं को उनके चेहरों पर पढ़ने की क्षमता से आप कभी-कभी ज्योतिषी भी बन सकते हैं।

असम्भव और आश्चर्यजनक कार्य करना और धैर्य से संघर्ष मेंजुटे रहना ही आपके व्यक्तित्व का ध्येय है। छिद्रान्वेषी होने के नाते कभी-कभी आप विरोध के पात्र भी बनते हैं। मनोबल उत्तम होने के कारण कई बार मायूस होकर भी हार नहीं मानते। अपने आपको संघर्ष की अग्नि में डालकर कई मुसीबतों में फंस जाते हैं। आप शान्ति से रहना चाहते हैं परन्तु लोग आपको तर्क-वितर्क के लिए ललकार कर परेशान करते हैं। फिर आप भी डटकर मुकाबला करते हैं। झूठे आश्वासन देना-लेना आप पसन्द नहीं करते। आपको वृथा झूठ से विशेष घृणा है। आप ठोस एवं यथार्थवादी भावनाओं का आदर करते हैं।

मानसिक अवस्था और व्यावहारिकता आत्म-कल्याण के साथ-साथ जगत कल्याण की भी भावना होती है। समाज में सबसे उत्तम शक्ति एवं सामर्थ्य पाकर आप अपनी प्रतिभा के लिए समाज को कोई अमर स्मृति प्रदान करने की भावना रखते हैं। बुद्धि स्थिर रहती है। डांवाडोल होना आप अच्छा नहीं समझते। आपका ज्ञान तटस्थ एवं पूर्ण होता है। ऊंचे-ऊंचे स्थानों पर भ्रमण एवं पर्वतीय सैर की इच्छा रहती है। चुप रहना आपका स्वभाव नहीं है। अपनी बात मनवाने के लिए आप पूर्ण यत्न करते हैं। शत्रु पर दया नहीं करते। यदि किसी पर दया आ जाए तो उस पर अपना सर्वस्व न्योछावर कर देते हैं। नेतृत्व आपकी स्वाभाविक प्रवृत्ति है। अतः आपकी आज्ञा का पालन होने से आप जन-कल्याण की भावना को महत्व देने लगते हैं।

भावनाएं सदैव आन्तरिक ज्ञान का संचार करती हैं। विद्या में रुचि अपना प्रभुत्व पद प्राप्त करने की इच्छा से ही होती है। अगर ऐसी इच्छा न हो तो तकनीकी विद्या ग्रहण कर कठिन-से-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कठिन कार्य को भी हाथ में आने से आप अपनी ज्ञानशक्ति से तत्काल उसकी गहराइयों तक पहुंच जाते हैं। इसीलिए यदि आप कारीगरी में पड़ जाएं तो आपका मुकावला कोई नहीं कर सकता। विज्ञान एवं राजनीति में भी आपकी प्रतिभा चमत्कार है। कर्त्तव्य परायणता प्रवीणता एवं सिद्धहस्त होना ही आपकी विशेष विद्या है। शरीर विज्ञान एवं मनोविज्ञान में पड़ने पर आपका ज्ञान सर्वोच्च रहता है इसी कारण आप एक कुशल डाक्टर व सर्जन वन सकते हैं।

स्वास्थ्य सदैव उत्तम रहता है। अधिक आवेशयुक्त होने के कारण पेट में गैस वनती है और खट्टे डकार भी आने लगते हैं। अतः स्वास्थ्य के लिए मानसिक शक्ति आवश्यक है। एलोपैथिक चिकित्सा आपके लिए लाभकारी नहीं। केवल आयुर्वेदिक चिकित्सा से ही शान्त होते हैं।

प्रेम आपके जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रेमी के मिलने पर आपका ध्यान अन्य विषयों से हट जाता है। यौवन तो क्या बुढ़ापे में भी आप रोमांटिक रहते हैं। कामवार्ता व विषय भोग के गुप्त रहस्यों को जानने व दूसरों को वताने से आपको विशेष आनन्द प्राप्त होता है प्रेम सम्वन्ध में आप स्वतन्त्रता के पुजारी हैं। यहां मर्यादाओं को कोई महत्त्व नहीं देते। रोमांस में वाधा आने पर आप स्नायु रोगों का शिकार हो जाते है, व ऐसे अवसर पर मादक द्रव्यों का सेवन करने की आशंका हो सकती है। यदि कुसंगित में पड़ जाएं तो अन्य स्त्रीगामी हो सकते हैं। प्रेम के मामले में प्रभुत्व का ध्यान रखते हैं। कामुक चाटुकार प्रेमियों की तरह स्त्रियों के पीछे नहीं फिरते, परन्तु ऐसी स्थिति में बड़े रौब से उन्हें प्रेम के लिए राजी करते हैं।

आप व्यय के मामले में वहुत संकोच से चलते हैं। केवल प्रेम सम्वन्ध में एवं अपनी प्रतिष्ठा के लिए उदारता से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

खर्च करते हैं। जीवन का पूर्वार्द्ध आर्थिक संघर्ष में ही व्यतीत होता है। परिश्रम से धन कमाकर अपने हितों की सुरक्षा करते हैं। जीवन के उत्तरार्द्ध में भावनाएं कुछ त्यागमयी भी होती हैं। परन्तु प्रवृति अपनी महत्ता प्रकट करने की होने से आपके त्याग में भी आपका कोई-न-कोई हित होता है। 24वें वर्ष भाग्योदय अवश्य होता है। 40वें वर्ष के पश्चात् संपत्ति की प्राप्ति भी होती है। संपत्ति के विषय में आपको झगड़ों का सामना भी करना पड़ता है। कई बार झगड़े लम्बे भी हो जाते हैं परन्तु चाहे संपत्ति के मूल्य से ज्यादा झगड़ों पर व्यय हो, आप हार मानकर रास्ता बदलने के लिए बहुत कम तैयार होते हैं।

व्यापार एवं नौकरी के कार्य में आपको दुर्व्यवहार एवं अनाचार पसन्द नहीं। आपकी दस्तकारी की प्रतिभा विलक्षण होती है। अनेक प्रकार के कार्यों में दक्षता प्राप्त कर आप अच्छे टैक्नीकल व्यक्ति भी बन सकते हैं। विद्या में रुचि या तो बहुत होती है या बिल्कुल नहीं होती। आरम्भ में बहुत कार्य करना पड़ता है। छोटी नौकरी प्राप्त कर भी आप अच्छे पद पर पहुंचने की क्षमता रखते हैं। छोटे से व्यापार को आरम्भ करके भी आप बड़े-बड़े उद्योग बनाने की क्षमता रखते हैं।

आप अपने कुटुम्ब वालों को यथोचित सहयोग देकर स्वयं स्वतंत्र एवं स्वछन्द रहना चाहते हैं। घर के मुखिया बनकर संचालन करते हैं, मित्र अनेक होते है जहां दो मित्र गये, उनकी जगह चार अन्य ग्रहण कर लेते हैं। एक उत्तम, आलोचक होने के नाते आप अपने आस-पास वालों की त्रुटियों पर प्रहार करते रहते हैं। जिससे वह आपके सम्मुख टिक नहीं पाते। आप बड़ी नम्रता से मित्रों को आकृष्ट करते हैं फिर उनमें छिद्र पाकर उन्हें त्याग देते हैं। मित्रों पर प्रभुत्व एवं अधिकार रखना आपका कार्य होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

1981 का दैनिक भविष्य संकेत

जनवरी 1981

1, 2 को अनेक प्रकार की समस्याएं चिन्तित रखें, कार्य करने पर भी कुछ बेचैनी संभव है, 3, 4 को समय अनुकूल है, अपनी योजनाओं की सफलता के लिए आगे बढ़ सकते हैं, 5, 6 का कुटुम्ब की परेशानियों में व्यग्रता बढ़े, संवाद विवाद के कारण परेशानियों का सामना करना पड़े, 7, 8 को समय अनुकूल है, उत्साह एवं मनोबल से किसी पर काबू पाने में सफल हों, 9 से 11 के मध्य मित्र वर्ग की सहानुभूति फलप्रद व उत्साह-वर्धक रहे, 12, 13 को सन्तान खुशी, चिन्ताओं से छुटकारा, 14, 15 को विशेष स्थिति के कारण असमंजस बना रहे। 16, 17 को समय अनुकूल है, स्त्री वर्ग से मनोरंजन, 18,19 को समय अनुकूल नहीं, यत्न करने से कोई भी काम कर सकते है, 20, 21 को किसी के कार्य में हस्तक्षेप से असमंजस की स्थित बन सकती है, 22 से 24 के मध्य समय विशेषानुकूल है, समर्थन से रुके हुए कार्य पूरे कर सकते हैं, 25, 26 को व्यावसायिक सफलता से प्रशंसा, 27, 28 को समय अनुकूल नही, 29 से 31 के मध्य प्रबलता रहे, सफलता के साधनों में वृद्धि हो,

फरवरी 1981

1, 2 को कुटुम्ब में आशानुकूल वातावरण, 3 से 5 के मध्य साहस में वृद्धि, कार्य व्यवसाय उत्तम, 6, 7 को मित्र एवं अधिकारी वर्ग का समर्थन फलप्रद हो, 8, 9 को धाराएं अत्यधिक संवेदनशील रहें, बौद्धिक शक्तियां फलप्रद हों, 10, 11 को समय अनुकूल नहीं, विघ्न व क्लेश, शारीरिक बेचैनी व थकावट, 12, 13 को स्त्री वर्ग उल्लासपूर्ण भोगप्रद रखे, प्रेमीजनों के लिए समय अनुकूल है, 14, 15 को शरीर थकावट बेचैनी, कार्य में बाधा, कुछ विषम अवस्थाएं उत्तम हों। 16 से 18 के मध्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भाग्य का सितारा साथ दे, 19, 20 को सेवावृत्ति वालों के लिए प्रगति का समय है, 21 से 23 के मध्य सन्तान की चिन्ता, सफलता की आशा, 24, 25 को वृथा बेचैनी, धन और शक्ति का व्यय, 26 से 28 के मध्य, मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि मित्र एवं सहयोगी फलप्रद हों,

मार्च 1981

1, 2 को कुटुम्ब की समस्याएं सुलझें, 3, 4 को साहस एवं सामर्थ्य में वृद्धि, 5, 6 को यत्न विफल हों, अधिकारी एवं मित्र वर्ग असमंजस में रखें, 7, 8 को समय अनुकूल है, भाग्य का सितारा साथ दे, 9, 10 को विषम अवस्था से बचो, अनावश्यक कार्यों में धन और शक्ति का नाश, 11, 12 को कार्यगति उत्तम, धन लाभ, 13 से 15 के मध्य अनुकूल नहीं विशेष कार्य स्थगित रखें, 16, 17 को समय अनुकूल होते हुये भी फलप्रद न हो। व्यवसाय की चिन्ता। 18, 19 को अधिकारियों का समर्थन फलप्रद रहे, कार्य गति उत्तम, 20 से 22 के मध्य धन लाभ, आशाओं में सफलता, 23, 24 को समय साधारण अनुकूल है। विशेष कार्य स्थगित रखें, 25, 26 को मान-प्रतिष्ठा, स्त्री वर्ग से खुशी, 27 से 29 के मध्य आर्थिक योजनाएं सफल होने का हर्ष, 30, 31 को भाग्य का सितारा साथ दे।

अप्रैल 1981

1, 2 को मित्र एवं अधिकारियों का समर्थन हर्षप्रद हो। 3 से 5 के मध्य आर्थिक योजनाएं सफल होने का हर्ष, 6, 7 को समय अनुकूल नहीं, विरोधी तत्व परेशान करें, 8, 9 को स्त्री वर्ग विशेष सुखदायक हो, प्रेम वार्ता सफल हो। 10, 11 को मित्र एवं अधिकारी वर्ग संवेदनशील रखें, कार्य व्यवसाय उत्तम परेशानियां सम्भव है, 12, 13 को मनोबल उत्साहपूर्ण हो, 14 से 16 के मध्य धन लाभ, आशा में सफलता, 17, 18 को समय विशेष अनुकूल है, धन लाभ, 19 से 21 के मध्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्वास्थ्य नरम, चिता। 22, 23 को मान प्रतिष्ठा में वृद्धि, कार्य-गति उत्तम। 24, 25 को आर्थिक योजनाएं सफल हों। 26 से 28 के मध्य कार्य व्यवसाय में घोर प्रयत्न करने पड़ें, भाग-दौड़ व परेशानी के बाद सुख। 29, 30 को मित्र एवं अधिकारियों द्वारा मान-प्रतिष्ठा व सुख के साधन बनें।

मई 1981

1, 2 को बुद्धि अधिक संवेदनशील रहे। 3, 4 को अचानक किसी अशुभ सूचना का भय। 5, 6 को दर्दनाक वातावरण व तनाव से बचें। शारीरिक व्यवस्था मन्द हो। 7, 8 को किसी अचानक शुभ सूचना के पश्चात शारीरिक कष्ट। 9, 10 को परिश्रम सफल हो। 11 से 13 के मध्य अधिकारी लाभप्रद रहें। 14, 15 को आर्थिक लाभ, योजनाएं सफल हों, कार्य-गति उत्तम। 16, से 18 के मध्य वृथा विवाद, अशान्ति थकावट व बेचैनी से बचें। 19, 20 को समय अनुकूल है। 21 से 23 के मध्य कार्य कुशलता का हर्ष। 24, 25 को पराक्रम एवं एवं उत्साह फलप्रद हों, कार्य गति उत्तम। 26, 27 को मित्र एवं अधिकारियों का समर्थन फलप्रद हो। 28 से 31 के मध्य मनोबल उत्साहपूर्ण हो।

जून 1981

1 से 3 के मध्य दैनिक कार्यगति उत्तम, चिन्ताएं कम हों। स्त्री वर्ग से क्रोध व विरोध सम्भव है। 4, 5 को शारीरिक कष्ट आकस्मिक घटनाएं परेशान करें। 6, 7 को समय अनुकूल होते हुए भी विफल हों। 8, 9 को समय अनुकूल नहीं। 10, 11 को समय अनुकूल है। 12, 13 को अधिकारी समर्थक रहें, कार्य व्यवसाय उत्तम। 14, 15 को धन लाभ, आशा में सफलता, बिगड़े काम बनें। 16, से 18 के मध्य कुछ घटनाएं परेशान करें। 19, 20 को समय अनुकूल होते हुए भी फलप्रद न हो। 21, से 23 के मध्य अधिकारी व मित्र वर्ग का साधन संपन्न

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संकल्प रखे। 24, 25 को आर्थिक योजनाएं सफल हों, किसी शुभ सूचना का हर्ष। 26 से 28 के मध्य वृथा विवाद, मानसिक क्लेश। 29, 30 को स्त्री वर्ग उल्लासपूर्ण रखें। कार्य सफलता।

जुलाई 1981

1, 2 को समय अनुकूल नहीं। कुछ परेशानियां कष्टदायक हों। 3, 4 को पराक्रम एवं मनोवल उत्साहपूर्ण हो, स्थिति सुधरे। 5, 6 को सामाजिक कार्य में विशेष मान-प्रतिष्ठा वनें। 7 से 9 के मध्य समय से सोचे हुए कार्य की पूर्ति का हर्ष, चिन्ताएं दूर हों। 10, 11 को विशेष कार्य स्थगित रखें। लेन-देन के मामलों में चिन्ता व व्यग्रता। 12 से 14 के मध्य मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, भाग्य का सितारा साथ दे। 15, 16 को कुटुम्ब का समस्यायें सुलझें। 17, 18 को कार्य-व्यवसाय उत्साह-प्रद है। 19 से 21 के मध्य अधिकारियों का समर्थन फलप्रद रहे मित्र वर्ग हर्षयुक्त रखे। 22, 23 को आर्थिक योजनापूर्ण हो, सुख के साधन वनें, कार्य-व्यवसाय उत्तम। 24, 25 को अचानक किसी परेशानी का सामना करना पड़े, कार्य व्यवसाय में वाधा। 26, 27 को समय अनुकूल है। स्त्री वर्ग विलासपूर्ण वातावरण एवं भोगप्रद रखे। 28, 29 को शारीरिक कष्ट, चिन्ता व व्यग्रता, धन का व्यय। 30, 31 को समय अनुकूल होते हुए भी फलप्रद न हो।

अगस्त 1981

1 से 3 के मध्य समय अनुकूल है। सेवावृत्ति वाले पद एवं फल प्राप्ति में सफल हों। 4, 5 को सुख के साधन वनें, सफलता का हर्ष। 6 से 8 के मध्य कार्य व्यवसाय में बाधा। 9, 10 को स्त्री वर्ग से प्रेमवार्ता सफल हो। 11, 13 के मध्य आर्थिक योजना सफल हो, कार्य-व्यवसाय उत्तम। 14, 15 को उत्साह एवं परिश्रम द्वारा आप अपनी योजनाओं में वृद्धि करें। 16, 17 को अधिकारी वर्ग से तनावपूर्ण वातावरण से वचो। 18, 19 को मनोवृत्ति संवेदनशील रहे। 20, 21 को असमंजस की स्थिति उत्पन्न होते हुए भी दैनिक कार्य गति उत्तम। 22 से 24 के मध्य धन लाभ आशाओं में सफलता। 25, 26 को शारीरिक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कष्ट, चिंता व व्यग्रता। 17, 18 को शरीर की चिंता बनी रहे। 29 से 31 के मध्य समय की अनुकूलता का लाभ उठावें।

सितम्बर 1981

1, 2 को समय अनुकूल है। कार्य-व्यवस्था उत्तम। 3, 4 को यत्न विफल हो, कार्य व्यवसाय में बाधा। 5, 6 को मान-प्रतिष्ठा बाल-बाल बचे। 7 से 9 के मध्य कार्यकुशलता। 10, 11 को अधिक परिश्रम करने से सफलता के साधन जुटायें। 12 से 14 के मध्य अधिकारियों का समर्थन फलप्रद रहे। 15, 16 को समय विशेष अनुकूल है, आर्थिक योजना में सफलता का हर्ष। 17, 18 को विशेष कार्य स्थगित रखें। 19, 20 को स्त्री वर्ग भोगप्रद रहें। 21, 22 को शरीरिक थकावट व बेचैनी, कार्य व्यवसाय में बाधा। 23, 24 को समय अनुकूल नहीं। 25 से 27 के मध्य समय विशेष अनुकूल है, अधिकारियों का समर्थन फलप्रद हो। 28 से 30 के मध्य रुके काम बनें, कार्यव्यवसाय में समृद्धि के साधन।

अक्तूबर 1981

1 को समय अनुकूल नहीं, अनेक प्रकार की व्यग्रताएं व चिंताएं कष्टकारक हों। 2 से 4 के मध्य मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि विरोधी तत्वों से मुठभेड़। 5, 6 को समय अनुकूल है, योजनाएं सफल हों। 7, 9 के मध्य पराक्रम एवं उत्साह से कार्य सम्पन्न हो, दैनिक कार्य गति उत्तम। 10, 11 को भावनाएं संवेदनशील रहें, स्वभाव में उत्तेजना, कार्य कुशलता। 12, 13 को कार्य कुशलता का हर्ष, स्त्री से भोग-विलास। 14, 15 को समय अनुकूल नहीं, कार्य व्यवसाय प्रगट हो। 16, 17 को भाग्य का सितारा साथ दे। 18, 19 को विशेष कार्य स्थगित रखें। 20, 21 को पराक्रम एवं उत्साह द्वारा कार्य बनें, कुछ विघ्न दूर हों। 22 से 24 के मध्य स्त्री वर्ग उत्साहपूर्ण रखे, कार्य व्यवसाय उत्तम; चिंता निवृत्ति। 25, 26 को धन लाभ, कार्य व्यवसाय उत्तम। 27 से 29 के मध्य अचानक विषम अवस्थाएं। 30, 31 को मान प्रतिष्ठा, कार्यकुशलता उत्तम।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नवम्बर 1981

1, 2 को मान प्रतिष्ठा, कार्य कुशलता का हर्ष । 3 से 5 के मध्य कार्य व्यवसाय में वृद्धि । 6, 7 को धन लाभ, चिन्ताएं दूर हों । 8, 9 को आर्थिक योजनाएं सफल होने का लाभ हो । 10, 11 को अनेक कार्यों में विघ्न । 12, 13 को स्त्री वर्ग का समर्थन हर्षप्रद हो । 14, 15 को समय अनुकूल नहीं, अचानक कुछ विरोधी आरोपित करें । 16 से 18 के मध्य स्वास्थ्य का ध्यान रखें । 19 20 को अधिकारियों का समर्थन हर्षप्रद हो, कार्य गति उत्तम । 21, 22 को समय अनुकूल है । कार्य व्यवसाय गति उत्तम । 23 से 25 के मध्य विरोधी तत्व परेशान करें । 26, 27 को समय अनुकूल है । भाग्य का सितारा साथ दे । 28 से 30 के मध्य कुटुम्ब से खुशी, आर्थिक समस्याएं सुलझें ।

दिसम्बर 1981

1, 2 को मान प्रतिष्ठा के साधन बनें, उत्साह द्वारा सोचे हुए काम समय पर पूर्ण होने का हर्ष । 3, 4 को समय विशेष अनुकूल है । 5, 6 को समय विशेष अनुकूल है, विघटनकारी तत्व परेशान कर सकते हैं । 7 से 9 के मध्य कार्य-व्यवसाय में बाधा, विरोधी तत्व परेशान करें । 10, 11 को कार्यों में प्रतिष्ठा 12, 13 को घुटनों व शारीरिक अवस्था में परेशानी । 14, 15 को घाटे वाले सौदे व परेशानी से बचें । 16, 17 को अधिकारी समर्थन फलप्रद रहे, विरोधियों की चिन्ता व्यग्र रखें । 18 से 20 के मध्य आर्थिक योजना सफल हो, मानसिक अशान्ति के अनेक कारण कार्यों में नवीन बाधाएं असम्भव हैं । 21, 22 को विरोधी तत्व परेशान करें, कार्य व्यवसाय कमजोर हो । 23, 24 को समय अनुकूल है । भाग्य का सितारा साथ दे । 25, 26 को कुटुम्ब की समस्याएं जटिल । 27 से 29 के मध्य समस्याएं सुलझें, कार्य गति उत्तम हो । 30, 31 को आप अपनी स्थिति पर काबू पाने में सफल हों ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

धनु राशि

आप बहुत चैतन्य और आशावादी एवं दार्शनिक व्यक्ति हैं। अपने गुरु शुक्र और केतु के गुण आपमें पूर्णतया विद्यमान हैं। अपने शरीर को शोभायुक्त रखना, आंखों में दूसरों को सम्मोहित करने की शक्ति और वाणी में वाक् चातुर्य रखकर आप अपने लक्ष्य को सदैव प्राप्त कर लेते हैं। आपकी राशि का चिह्न प्रकृति आपकी प्रकृति और व्यक्तित्व को स्वयं ही स्पष्ट करना है। जिस प्रकार धनुष का अचूक निशाना अपने लक्ष्य तक पहुंचता है, वैसे ही आप अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हैं। आप तांत्रिक प्रकृति रखते हैं। एक शक्ति सम्पन्न पदाधिकारी एवं सहनशील निपुण कर्मचारी होते हुए आप क्षमाशील गौरवमयी प्रकृति रखते हैं। आपकी कल्पना शक्ति जीवन के आध्यात्मिक तत्वों का पूर्णतया निरीक्षण करके समुचित स्थान प्रदान करती है। निर्माणकारी कार्यों में अपनी शक्ति लगाकर आप मान-प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए सदैव आतुर रहते हैं।

आपका व्यक्तित्व बड़ा विशाल है। परोपकार की भावनाएं तथा प्रेम एवं संचालन शक्ति द्वारा अपरिचित व्यक्तियों को भी अपना बना लेना और यथाशक्ति उनकी सहायता करना आपके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

व्यक्तित्व का विशेष गुण है। ज्ञान का संचय कर उसको समाज सेवा में लगाना, उदारता से सबके अभीष्ट कार्यों में रुचि रखना परिश्रम, बुद्धि व अनुशासन से सब कुछ सुव्यवस्थित करना आपके व्यक्तित्व के प्रधान लक्षण हैं। जिस ध्येय पर आप एक बार निश्चय कर लेते हैं, उस पर सारी शक्ति लगा कर चलने की चेष्टा करते हैं, जिससे आपको आशा सफलता और जनता में सम्मान प्राप्त होता है।

व्यावहारिकता में आप विशेष निपुण हैं। समाज में विशेष प्रतिभा रखने के लिए आपकी सहानुभूति सराहनीय है और दीन तथा दरिद्रों के प्रति अपने हृदत में दया और प्रेम है। उपयोगी व्यक्तित्व होने से आप सामाजिक नेता और धार्मिक वृत्तियों के संचालन के रूप में कार्य करने की वृत्ति रखते हैं। हर बात को थोड़ी देर सोचकर सहनशीलता से जवाब देने में आप मानसिक शान्ति और धैर्य का परिचय देते हैं।

आपका ज्ञान क्षेत्र सदा खुला रहता है। विद्या में पूर्ण सफलता प्राप्त होती है। शिक्षा में नवीन आविष्कार करना, प्रत्येक कार्य को अनुशासन से चलाना आपका स्वाभाविक धर्म है। ज्ञान का संचय एवं वितरण उदारता से करते हैं। अपने अभीष्ट विषय में अभिरुचि बनी रहती है और अनेक विषयों के ज्ञाता होते हुए भी किसी एक विषय के आप एक पूर्ण पण्डित अवश्य होते हैं। विद्या में परिश्रमी और सुव्यवस्थित ढंग से सफलता प्राप्त करते हैं। कभी मानसिक अस्थिरता के कारण आप अपना ध्येय बदल भी लें, परन्तु अपना लक्ष्य और सफलता के साधन अपनी सारी शक्ति लगाकर प्राप्त कर लेते हैं।

आपका मन बहुत कोमल और सहज विश्वासी है। जिससे कई बार कुसंगति में पड़कर हानि भी उठानी पड़ती है। शारीरिक परिश्रम के कार्य में कम रुचि होने से आप बौद्धिक कार्य ही करते हैं। नीति निपुणता से आप अपने लक्ष्य को तो प्राप्त कर ही लेते

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हैं, परन्तु कार्य की अधिकता के कारण हृदय रोग और रक्तचाप बढ़ सकते है। ऋतुओं के बदलने से शारीरिक कष्ट रहता है। स्वास्थ्य की गिरावट के लक्षण आने से ही आपको सावधानी बरतनी चाहिए। फेफड़े का रोग व स्नायु रोगों को ग्रहण करने से आपका शरीर सक्षम है। कभी आवेश में आने से गले व छाती में कोई कष्ट भी हो सकता है।

यथार्थवादी होने के नाते प्रेम में वास्तविकता और स्वछन्दता रहती है। कपट एवं छल से किसी को विवश करने की भावना आप में नहीं होती, एक से अधिक स्त्रियों से विवाह करने की रुचि तीव्र होती है। सरलता से अपनी मनोवृति को नहीं दबा सकते। स्पष्टवादी होने के नाते अपने मन में सैक्स भावनाएं भी रख नहीं पाते। मिथुन राशि की स्त्रियों के साथ दाम्पत्य सुखमय होता है। विनय और नम्रता से दूसरों का दिल जीतने की क्षमता आप अधिक रखते हैं। इसलिए स्त्रियों को क्षणभर में आप राजी कर लेते हैं। धनु राशि की स्त्रियां विवेकशील धन संचय करने वाली और कुटुम्ब को प्रेम से चलाती हैं। पति की मनोभावनाओं को जीतकर उन्हें स्वयं पर मुग्ध रखती हैं और बड़ी सरलता से अपने जीवन दाम्पत्य जीवन में निर्वाह करती हैं। दूसरों को हंसाना उनके मनोरंजन का प्रबंध करना, अपने अन्तःस्थल में परेशान होते हुए भी सबके सुखों का साधन बनाना आपका स्वभाव है। वास्तविक प्रेम न प्राप्त करने से मन में उद्विग्नता रहती है, परन्तु कर्मनिष्ठ व्यक्तित्व के कारण आप अपनी कामुकता को आध्यात्मिक दायरे में बन्द रखते हैं।

भाग्योदय कुछ देर से होता है, 19 से 27 वर्ष की अवस्था के मध्य अपने प्रयत्न श्रेष्ठ रखकर अर्थव्यवस्था की चिंता करनी चाहिए। पैत्रिक सम्पत्ति भी थोड़ी प्राप्त होने के योग हैं।

प्रायः धन का सुख 36 वर्षों के पश्चात अवश्य प्राप्त होता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

है। जुआ, रेस, शेयर और सट्टे के व्यापार में आपको धन की हानि उठानी पड़ती है। सफेद वस्तुओं व कलात्मक वस्तुओं के व्यापार में धन अधिक प्राप्त होता है। बौद्धिक सम्पत्ति, सामाजिक मान-प्रतिष्ठा व प्रमुख पद के आगे आप धन को विशेष महत्त्व नहीं देते। मध्यम अवस्था के पश्चात पैसा बचाने की प्रवृत्ति आर्थिक दृढ़ता लाती हैं। आपकी विनोदप्रियता भी आर्थिक क्षमता के साधन प्रदान करती है। यदि धन कमाने को विशेष महत्व दें तो आप अपने आपको महाधनी बनाने में सफल हो सकते हैं और सब प्रकार की सम्पत्ति व सुरक्षा के साधन बना सकते हैं।

छोटा कार्य करने की रुचि नहीं रखते। सदैव उत्तम पद व प्रभुत्व की प्राप्ति के लिए यत्नशील रहते हैं। एक अच्छे कर्मचारी होने के नाते आप अपना उत्तरदायित्व कर्त्तव्यप्रायणता के साथ निभाते हैं जिससे आपकी प्रतिष्ठा बहुत होती है। प्रोफेसर, इंजीनियर, बैरिस्टर और तकनीकि यन्त्रों के व्यापारी बनकर आप खूब धन कमा सकते हैं। आपका प्रत्येक कार्य ख्याति, सफलता एवं सृजनशील वाला है। एवं आपकी अन्तरात्मा सदैव जागृत रहती है और हर व्यवस्था से गम्भीर विचार-शक्ति लोलुप-लिप्साओं पर काबू रखती है। वस्त्र व खनिज, वस्तुओं से व्यापार में आपको अधिक चिन्ता नहीं रहती। दूसरों के सहारे प्रतीक्षा करते रहना आपके लिए नुकसानदायक है। परिश्रम से व्यावसायिक सफलता प्राप्त कर व समय के अनुसार स्थिति को बदलते हुए अपने रास्ते बनाना आपके जीवन का लक्ष्य है आर्थिक लाभ को अपना अधिकार मानते हैं और अपने ध्येय में कमी कमजोरी नहीं आने देते।

संतुलित बुद्धि एवं ज्ञान के कारण आप समाज में नीति-निपुण और गुण-सम्पन्न माने जाते हैं। दूसरों को कभी हानि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पहुंचाने की भावना नहीं रखते। सदैव सबके मन को खुश रखना आपके जीवन का लक्ष्य है इसलिए समाज में आपका स्थान उत्तम रहता है। आपके स्वभाव में उग्रता और बदला लेने की भावना नहीं। परन्तु नीति-निपुणता और नम्रता से अपनी मृदु-वाणी से सबके साथ सद्व्यवहार कर उनको वश में करने की आपकी प्रवृत्ति रहती है। कठोर से कठोर बात भी आप अपने कोमल शब्दों में कहकर अपने मन की कर लेते हैं।

आपका पारिवारिक जीवन सुखी होता है। कभी परिवार में अशांति व असन्तोष पैदा हो जाए तो आप अपने विवेक और विनम्रता से ठीक कर लेते हैं। कुटुम्ब के व्यक्ति आप पर बोझ बनाए रहते हैं। कई बार उनकी परेशानियों से दुखी होकर आप एकांतवास रखने की इच्छा रखते हैं। परन्तु उनकी चिन्ता अपने मन से न हटा सकने के कारण उन पर अपनी शक्ति का व्यय करते रहते हैं। किसी को दुखी देखकर सहायता करने की भावना बलवान होती है। कई बार हर एक को हां भर देने से आपकी कार्यशक्ति में बाधा उत्पन्न होती है। आपके मुख पर 'न' कभी आती ही नहीं और आप जानते हैं कि यह कार्य नहीं हो सकता। तो भी आप मना नहीं कर सकते। मित्र पक्ष बहुत होता है। आपको मित्रों से विशेष लाभ भी होते हैं। मित्रों की सहायता के लिए आप सदैव तत्पर रहते हैं।

1981 का दैनिक भविष्य संकेत

जनवरी 1981

1 को ही आपको वर्ष में आने वाले परिवर्तन प्रकट होंगे साधारण मनोबल काबू में रखें। 2 से 4 के मध्य अचानक वाद घिर जायें और समस्या बनी रहे। 5, 6 को समयानुकूल

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अपनी स्थिति पर नियन्त्रण करने से पहले कुटुम्ब की समस्याओं से निपटें। 7, 8 को समयानुकूल होते हुए भी विषम अवस्था बनी रहे, चिन्ता। 9 से 11 के मध्य कुटुम्ब में क्लेश व व्यग्रता संभव है समय अपेक्षाकृत उत्तम है। 12, 13 को मित्र की सहायता से बिगड़े हुए काम सुधर सकते हैं। 14, 15 को समय विशेषानुकुल है। 16, 17 को विरोधी तत्वों से सावधान रहने की कोशिश करें। 18, 19 को कारोवार की व्यवस्था उत्पन्न हो, स्त्री वर्ग से उल्लासपूर्ण वातावरण भोगप्रद रहे। 20, 21 को व्यथा भ्रमण, कहीं आने-जाने में समय बीते। 22, 23 को मनोबल उत्साहपूर्ण रहे, कार्यकुशलता का हर्ष। 24 से 26 के मध्य दैनिक सफलतो के साधन वनें, प्रगति के साधन प्राप्त हों। 27, 28 को अर्थ लाभ, सन्तान की ओर से खुशी। 29 से 31 के मध्य अधिक उत्तेजनशीलता भोगपूर्ण रहने से शरीर क्षमता में कमी।

फरवरी 1981

1 से 3 मध्याह्न तक का समय विशेष अनुकूलहोने से हर्षप्रद रहे। 4, 5 अशुद्ध गोचर रहने से विशेष कार्य स्थगित रखें। 6, 7 को भाग्य का सितारा साथ दे, रुके हुए काम पूरे हों। 8, 9 को प्रभुत्व एवं सम्पन्नता में वृद्धि, विशिष्ट व्यक्तियों का मेलजोल हर्षयुक्त रखें। 10, 11 को अर्थव्यवस्था उत्तम हो, धन, लाभ। 12, 13 को मित्र वर्ग की तरफ मनमुटाव। 14, 15 को प्रभुत्व वृद्धि, मनोवल उत्तम हो। 16 से 18 के मध्य शारीरिक क्षमता का ह्रास, क्लेश। 19, 20 समय प्रभुत्वपूर्ण है, परिश्रम से कार्य सिद्ध हों। 21 से 23 के मध्य समयानुकूल है, सन्तान एवं कुटुम्ब से खुशी। 24, 25 शुद्ध गोचर रहने से अर्थलाभ, बिगड़े हुए काम बनें। 26 से 28 के मध्य कुटुम्ब एवं स्त्री वर्ग से उदासीनता बेचैनी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मार्च 1981

1, 2 को शुभ समाचार द्वारा मनोवल उत्तम, स्त्रियों से सहयोग। 3, 4 को कुटुम्ब की समस्याएं भटकाएं। 5, 6 को व्यावसायिक सललता के लिए कृपाशील रहें। 7, 8 को समय पहले की अपेक्षा अनुकूल है। 9, 10 को आशा सफलता, मानसिक वृत्ति उत्तम। 11, 12 को धन लाभ, सन्तान से खुशी, सफलता की आशा। 13 से 15 के मध्य सफलता के साधन बढ़ें स्त्री वर्ग का सहयोग फलप्रद हो। 16, 17 को समय अनुकूल नहीं है, विरोधी तत्त्वों से सावधान रहें। 18, 19 को विवाह आदि मंगल कार्य सफल हों। 20से 22 के मध्य मनोवल उत्तम रखकर साधन सम्पन्न हो। 23, 24 को समय उत्साहवर्धक है, मनोवल से वहुत कार्य सुधरें। 25, से 27 के मध्य आवश्यक कार्यो से वाहर-अन्दर आने-जाने का प्रसंग वने, भावनाएं संवेदनशील रहे। 28, 29 को अधिकारियों द्वारा सफलता के साधन वढ़ें। 30, 31 को अपनी उत्तेजक मनोवृत्ति को ठीक रखें।

अप्रैल 1981

1 से 3 के मध्य मित्र वर्ग से शुभ सूचना की प्राप्ति। मेलसिलाप से प्रतिष्ठा में वृद्धि। 4, 5 को किसी विशेष चिन्ता के कारण स्वभाव में परेशानी सम्भव है। 6, 7 को क्षमता में वृद्धि प्रशासनिक सहयोग व कुटुम्ब से शान्तिपूर्ण समाचार की प्राप्ति। 8, 9 को अचनक ही किसी कार्य में रुकावट व अस्थिरता एवं कुटुम्ब से भी परेशानी सम्भव है। 10, 11को विलासी भावनाएं मनोरंजनबद्ध रहें। भावुकता में वहना उचिन नहीं। 12, 13 को शारीरिक रोग उत्पन्न हो। किसी के टूटने से व्यावसायिक परेशानी उत्पन्न हो। 14, 16 के मध्य अधिकारी वर्ग की सहायता से सफलता, आशाओं में सफलता, मित्रों द्वारा मनोरंजन। 17, 18 को धन प्राप्ति, आशाओं में सफलता। 19, से 21 के मध्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मन संवेदनशील रहे, भोग एवं आनन्द की प्राप्ति, संतान से सुख, 22, 23 को अनावश्यक विरोध से बेचैनी । 24 से 26 के मध्य समय अनुकूल है, भाग्य में प्रबलता । 27, 28 को स्त्री वर्ग से प्रसन्नता, उल्लासपूर्ण वातावरण व मनोरंजन के साधन भोगप्रद हों । 29, 30 को मेले-मिलाप व मित्र वर्ग के मनोरंजन में समय व्यतीत हो ।

मई 1981

1, 2 को दैनिक कार्य गति उत्तम, कुछ चिंताओं से छुटकारा । 3, 4 को आशाओं में सफलता, विगड़े कार्य सुधरें । 5, 6 को व्यावसायिक विलम्बता उत्तेजित रखें, विरोधियों से कुछ बेचैनी व चिन्ता । 7, 8 को सन्तान से हर्ष एवं व्यवसाय में सफलता । 9, 10 को किसी आरोप से बचने का प्रयास करें । तेज रफतार का कोई भी वाहन आपके लिए हानिकारक है । 11, से 13 के मध्य समय उत्तम है चिन्ताओं से छुटकारा । 14, 15 को नये कार्य प्राप्त करने में सफलता की प्राप्ति, सेवावृत्ति वालों की प्रशंसा हो । 16 से 18 के मध्य प्रेमीजनों से वातावरण में उल्लासिता व मनोरंजकता रहे । 19, 20 को शत्रु वर्ग से परेशानियों से बचें । 21 से 23 के मध्य स्त्री वर्ग सम्पर्क से आशा-सफलता की प्राप्ति हो । 24, 25 को संवेदनशीलता रहे । प्रेमी वर्ग से मेल-मिलाप की प्रसन्नता, स्त्री वर्ग भोगप्रद रहें । 26, 27 को अर्थ-सफलता के साधन वनें । लेन-देन के मामले निपटा लें । 28, 29 को मन की उदारता से आप विरोधी को भी विवश कर दें । 30, 31 को सेवावृत्ति वालों के लिए उत्तम साधन वनें, रुके कार्य पूर्ण हों ।

जून 1981

1 से 3 के मध्य साधन जुटाने के लिए आपको भटकना पड़े, स्त्री वर्ग से असंतोष एवं मन मुटाव । 4, 5 को किसी तर्क-वितर्क से डरकर मुकाबला करना पड़े, । 6, 7 को अधिक ज्ञान हानि-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कारक हो, अनावश्यक चिन्तन से विरोध एवं बेचैनी रहे। 8, 9 को कुटुम्ब में वातावरण कुछ ठीक रहे, धन प्राप्ति के साधन बनें 10, 11 को आशाओं में सफलता, अधिकारियों का सहयोग। 12 से 14 के मध्य कुछ आर्थिक सुविधा प्रतीत हो, भाव संवेदनशील रहें, स्त्री वर्ग से उल्लासपूर्ण वातावरण भोगप्रद रखें। 15, 16 को किसी विरोध एवं परेशानी से बचें। 17 से 19 के मध्य प्रेमीजनों से उल्लासपूर्ण वातावरण एवं मनोरंजन रहे। 20, 21 को व्यावसायिक चिन्ता, आर्थिक दबाव परेशान रखें। 22 से 24 के मध्य समय विशेषानकूल है, आशाएं बनें। 25, 26 को धन लाभ, बिगड़े काम बनें, आशाओं में सफलता। 27, 28 को बुद्धि पर पुनः बोझ बन सकता है। 29, 30 को स्वभाव में उद्विग्नता कार्य प्रणाली में बाधा।

जौलाई 1981

1, 2 को स्त्री वर्ग सहायक हो, व्यावसायिक क्षमता में वृद्धि आर्थिक उलझनें। 3, 4 को शरीर कष्ट, स्त्री वर्ग से विवाद, शारीरिक चिता, लेन देन के मामले निपटा लें। 5, 6 को सेवावृत्ति वालों के लिए उत्तम साधन बनें। 7 से 9 के मध्य प्रतिभाशाली लोगों का सम्पर्क फलीभूत हो। 10, 11 को समय विशेषानुकूल है, विरोधियों को मुंह की खानी पड़े। 12 से 14 के मध्य किसी के कहे अपशब्दों पर ध्यान न दें। 15, 16 को निरन्तर दौड़-धूप से परेशानी बनी रहे। 17, 18 को कुटुम्ब की विषमताएं चिन्ताग्रस्त रखें। 19, से 21 के मध्य मित्र वर्ग सहायक हों, थोड़े से परिश्रम द्वारा ही आप सफलता के साधन जुटा सकते हैं। 22, 23 को यात्रा के प्रसंग से बेचैनी। 24, 25 को मान-प्रतिष्ठा की प्राप्ति। 26, 27 को मानसिक व्यग्रता, चिता उदर विकार, स्त्री कष्ट बना रहे। 28, 29 को स्त्री वर्ग का समर्थन फलीभूत हो, हाथ बढ़ाने में ही लाभ है। 30, 31 को स्त्री वर्ग से विवाद, शरीर चिता।

अगस्त 1981

1 से 3 के मध्य शुद्ध गोचर है, काम बनें, मित्रों एवं कुटुम्ब की सहायता से आनन्द। 4, 5 को समय अनुकूल है, बिगड़े काम

भ०-८

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वर्ने 6 से 8 के मध्य साधारण शुद्ध गोचर है, कार्य व्यवसाय 11 क्षमता बढ़े। 9, 10 को कुछ आर्थिक योजनाओं में बाधा। में से 13 के मध्य का समय किसी महत्त्वपूर्ण पद को प्राप्त करने का है। 14, 15 को कुटुम्ब की स्थिति में कुछ परिवर्तन, समय आशाजनक स्थिति को लेकर प्रकट हो। 16, 17 को साधारणतः स्थिति अनुकूल है। 18, 19 को योजनाएं सफलता के साधन प्राप्त हों। 20, 21 को स्त्री वर्ग द्वारा मनोरंजन भोगप्रद रहे। 22, 23 को किसी विशेष चिन्ता के कारण स्वभाव में बेचैनी सम्भव है। 24, 25 को स्त्री वर्ग से हर्ष, उल्लासपूर्ण वातावरण व मनोरंजन के साधन भोगप्रद हों। 26 से 28 के मध्य अनायास किसी कार्य में भटकना पड़े। 29 से 31 के मध्य मेल-मिलाप मित्रों के मनोरंजन में समय बीते।

सितम्बर 1981

1, 2 को प्रयत्नशीलता फलप्रद हो। उत्साहवर्धक योजनाएं तथा नये सुधार की सम्भावना है। 3, 4 को कार्य कुशलता का से खुशी। 5 से 7 के मध्य स्त्री वर्ग को शारीरिक कष्ट, व्यावसायिक मामलों में रुकावट। 8, 9 को स्त्री वर्ग भोगप्रद रहें, आशाओं में सफलता, रुके हुए कार्य पूर्ण हों। गुप्त रहस्यों पता लगने से प्रभावुकता एवं मान-वृद्धि। 10, 11 को परिस्थितियों पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक कार्यों में अधिक समय व्यतीत हो। 12 से 14 के मध्य समय विशेष अनुकूल है। इष्ट मित्रों की सहायता से कार्य सम्पन्न हों। 15, 16 को व्यावसायिक योजनाओं में सुधार हो, कार्य गति उत्तम होने की आशा है। 17, 18 को यत्नशीलता फलीभूत हो, उत्साहवर्धक योजनाएं एवं नए सुधारों की सम्भावना है। 19, 20 को स्थिति पर नियंत्रण पा सकते हैं। स्त्री वर्ग से आशाओं में सफलता की प्राप्ति व प्रेमवार्ता सफल हो। 21, 22 को संतान की तरफ से हर्ष। कार्यव्यवस्था में सुधार, आर्थिक योजनाएं सफल हों। 23, 24 को वाद-विवाद से बचें। 25, 26 को मान-प्रतिष्ठा में गति व्यावसायिक सफलता के साधन बनें। 27, 28 को समय अनुकूल है, प्रेमी वर्ग से उत्साहवर्धक सूचनाएं मिले। 29, 30 को आशाओं में सफलता, शुभ सूचना का हर्ष, अधिकारी वर्ग समर्थक रहें।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अक्तूबर 1981

1, 2 को कुटुम्ब में विरोध, अचानक कोई कष्टप्रद स्थिति उत्पन्न हो, गत्यावरोध से चिंताएं,। 3, 4 को अग्नि चोट से बचें, वाहन से सावधान। 5, 6 को नए उद्योग सफल हों, किसी की सहायता का हर्ष व परेशानी से छुटकारा। 7 से 9 के मध्य यात्रा आदि की योजना बने। 10, 11 को समय अनुकूल है। 12, 13 को आशा सफलता, शुभ समाचार का हर्ष, अधिकारी वर्ग समर्थक रहे। 14, 15 को धन लाभ, नये कार्य फलीभूत हों, भोगात्मक प्रवृत्ति में सयम आवश्यक है। 16, 17 को तनावपूर्ण वातावरण से बचें, कहीं उपहास भी हो सकता है, असमंजस व वाद-विवाद से वचें। 18, 19 को हर्षप्रद सूचनाएं उत्साहवर्धक हों, संतान की सफलता की आश बने, अर्थव्यवस्था उत्तम हो 20, 21 को कार्य क्षमता में वृद्धि, मित्र वर्ग विशेष सहायक हों, व मनोरंजन में समय बीते, दूसरों के सहयोग देने से परेशानियां 22 से 24 के मध्य धन लाभ व्यावसायिक चिन्ताएं कम हों। 25, 26 को कई प्रकार के परिवर्तन हों, साधन सम्पन्नता का हर्ष, धार्मिक कार्यो से सफलता की आशा वनें। 27, 28 को शुभ सूचनाएं हर्षप्रद रहें, कार्यगति तीव्र हो, उत्साह एवं कार्य कुशलता के हर्ष की प्राप्ति हो। 29 से 31 के मध्य स्वभाव में व्यग्रता, मानसिक परेशानी, किसी की उपेक्षा कष्टदायक रहे।

नवम्बर 1981

1 से 3 के मध्य आर्थिक व्यवस्था उत्तम रहे, व्यावसायिक-सफलता से प्रशंसा। 4, 5 को कई बार व्यावसायिक लाभ होते होते रुक जायें। नवीन मैत्री से वल। चिन्ताओं से निवृत्ति, 6, 7 को मित्र वर्ग से सहायता। 8, 9 को धीमी गति से परेशानियों से निवृत्ति, मान-प्रतिष्ठा के सावन वनें। 10, 11 को क्रोध को त्याग कर ही प्रतिष्ठा की आन हो। 12, 13 को अनेक उलझनों से परेशानी की सम्भावना, व्यावसायिक नीति को वदलें। 14, 15 को सामाजिक व राजनैति कार्यों में विपक्ष को मुंह की खानी पड़े, अधिकारी सहायक रहें। 16 से 18 के मध्य प्रतिष्ठा में खतरा। भावुकता से मानहानि, उत्तेजना को छोड़कर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तर्क से बचें। 19, 20 को अर्थ लाभ, योजनाओं में सफलता, स्वभाव में तेजी, प्रेमी का सम्पर्क लाभप्रद हो। 21, 22 को समय अनुकूल है तर्क करना उत्तम नहीं, आवश्यक कार्यों को निपटा लें। 23, से 25 के मध्य प्रयत्नशीलता फलप्रद हो, उत्साहवर्धक योजनाएं एवं नए सुधारों की सम्भावना है। 26, 27 को परिस्थिति को नियंत्रित रखें। कुटुम्ब की समस्याओं में अधिक समय व्यतीत हों। 29, 30 को समय विशेष अनुकूल है, इष्ट-मित्रों की सहायता से विगड़े कार्य सुधरें।

दिसम्बर 1981

1, 2 को समय विशेष अनुकूल है, स्त्री वर्ग से हर्ष, व्यवस्था में सुधार, प्रभुत्व वृद्धि। 3, 5 के मध्य यत्नशीलता फलीभूत हो, उत्साहवर्धक योजनाएं में सुधार सम्भव हैं। 6, 7 को रुके काम बनें, विपक्ष को मुंह की खानी पड़े, परेशानियों से छुटकारा मिले। 8, 9 को आकस्मिक प्रयोजन सिद्धि का हर्ष, प्रतिष्ठा में वृद्धि, अर्थ-लाभ। 10, 11 को आकस्मिक घटना से बचें, शरीर कष्ट, स्वास्थ्य का ध्यान रखें वने हुए कार्य रुकें। 12, 13 को आप स्थिति पर नियंत्रण पा सकते हैं स्त्री वर्ग द्वारा आशा सफलता, प्रेमवार्ता सफल हो। 14, 15 को स्त्री शरीर कष्ट, व्यावसायिक झगड़े, कार्यों में वाधाएं, चिन्ताएं व परेशानिया सम्भव हैं। 16, 17 को सामाजिक व राजनैतिक कार्यों में मान, विपक्ष को मुंह की खानी पड़े। 18 से 20 के मध्य किसी की कटु आलोचना व आरोप से बचें, अनावश्यक धन का व्यय। 21, 22 को व्यावसायिक सफलता। 23 से 25 के मध्य परिस्थितियों पर नियंत्रण रखें, अधिक समय कुटुम्ब के कार्यों में व्यतीत हो। 26, 27 को कार्यकुशलता का हर्ष, आडम्बरों से विमुक्ति एवं यथार्थ सफलता दृष्टिगोचर हो। 28, 29 को समय उत्तम है, कारोवार की सफलता से क्षमता में वृद्धि होवे, वाधाओं से छुटकारा। 30, 31 को किसी आरोप से बचने की चेष्टा करें, तेज रफतार के वाहन व सवारी आदि से दूर रहें।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF



मकर राशि

आत्मविश्वास और धैर्य से मननशील रहना ही आपकी प्रकृति है। सूर्य से उज्ज्वलता, चन्द्र से कल्पना एवं मंगल से क्रियाशक्ति को प्राप्त कर आप जीवन में सर्वाधिकार संग्रह के साधक हैं अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आप दूसरों को संबोधित कर ही लेते हैं और किसी भी प्रकार के कटु प्रहार और वुराइयों की परवाह न कर अपने हित साधन में तत्पर रहते हैं। आपकी प्रकृति अवसर के अनुकुल ढल जाती है। निपुण होते हुए भी आप गुणों का सृजन करते हैं। आपकी वाक्पटुता सवको अपने वश में रखती है। आप दूसरों को सहयोग देने की वजाय कथनी पर अधिक विश्वास करते हैं। आपकी कल्पना-शक्ति भी अद्भुत है। आप अपनी कल्पना से ही अपनी विचारधारा वनाते हैं। कई वार नदी के वहाव के विपरीत भी तैरकर समाज में सफलता के साधन वनाते हैं। धार्मिक और राजनीतिक कार्यों में वढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। परन्तु यह आवश्यक नहीं कि आप एक मन से अपनी कथनी पर विश्वास भी करें, मंत्र-तंत्र आदि की साधना से अपने कार्यों में सफलता का मार्ग अपनाने में भी कसर नहीं छोड़ते। विपत्ति आने पर आपका धैर्य नहीं डगमगाता सहनशीलता रखकर एक-न-एक दिन सफल हो ही जाते हैं।

निरन्तर गतिशील रहकर परिश्रम से प्रगति करना और

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जनसम्पर्क में एक जागरूक व्यक्तित्व रखना आपकी विशेष क्षमता है। युक्ति संगत वार्तालाप से आप सबको अपने प्रति आकर्षित रखते हैं। दूसरों को लुभाकर अपनी महानता के घेरे में लाकर अपना अनुगामी बना लेना आपकी कार्य-कुशलता है। आप में विशेष उत्तरदायित्व निभाने की शक्ति पूरी तरह विद्यमान है। पेटेंट या एक अधिकारी बनाकर आप धन अर्जित करते हैं। अपने हितों की सुरक्षा के लिए अपने मार्ग की कोई भी बाधा सहन नहीं कर सकते। चरित्र साधारण होता है। अनैतिक कार्यों में आप अधिक रुचि नहीं रखते। केवल हित साधना से कार्य निभाते हैं। अपनी प्रतिष्ठा को बनाये रखने के लिए गैर कानूनी कार्य व अनुचित व्यवसाय करना अच्छा नहीं समझते। मित्रों के साथ अपना पूरा निर्वाह करते हैं। जीवन में कभी किसी से पीछे हटकर अपनी मान-प्रतिष्ठा पर कलंक नहीं आने देते।

आपका दृष्टिकोण विशेष व्यावहारिक है। सद्व्यवहार में आप कोई कमी नहीं रखते। अपनी तर्क संगत व्यावहारिकता से सबके साथ अनुकूल स्थिति बनाये रखते हैं। आपकी नेतृत्व प्रधान शक्तियां सब प्रकार के लोगों को अपने इर्द-गिर्द इकट्ठा करती हैं। दूसरों की मनोभावनाओं पर अधिकार प्राप्त करना या उन्हें उनके हितों का वास्ता देकर अपने कार्य करवाना आप को खूब आता है। आप किसी भी व्यक्ति को किसी भी समय प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। आपकी मानसिक अवस्था महत्त्वाकांक्षी होने के लिए प्रयत्नशील रहती है। परिस्थितियों से चुपचाप समझौता कर लेना आपके वश में नहीं है।

आपकी बुद्धि तीव्र, स्थिर और ज्ञानमय है। अनुभव के आधार पर किसी बात को मान सकते हैं। धनार्जन द्वारा अपने प्रभुत्व का विकास करने के लिए लगे रहते हैं। जीवन के आरंभ में विद्या कठिनाई से प्राप्त होती है। विद्या से बाधा कुटुम्ब की समस्या के कारण आ सकती है। आपका ज्ञानतत्त्व से गहराइयों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

की खोज करता है और अपने व्यावहारिकता प्रयोग से अपनी क्रियाशीलता में आप अवश्य ही विशिष्ट स्थिति को प्राप्त करते हैं। जीवन में विद्या प्राप्ति के साधन अनेक बार आते हैं। परन्तु एक बार पढ़ाई छूटने पर दुबारा आपको विशेष परिश्रम करना पड़ता है। यदि मन उखड़ जाये तो दुबारा लगना कठिन होता है। जिस प्रकार की प्रवृत्ति की छाप बुद्धि पर पड़ जाती है, वह कभी नहीं हटती। हर कार्य में नवीन विचारधारा लाकर उसका रंग-रूप बदलने में सफल होते हैं।

स्वास्थ्य की दृष्टि से शरीर में वायु और कफ अधिक रहता है। पाचन शक्ति क्षीण होती है। गठिया, लकवा व रक्त-विकार आपको परेशान कर सकते हैं। पेट में गैस आदि बनना आपके लिए हानिकारक है। भोजन के विषय में तामसिक पदार्थों से बचना चाहिए वरना बवासीर, भगन्दर व गुर्दा रोग का भय हो सकता है। रीढ़ की हड्डी स्वभावतः शक्तिशाली होने के कारण आपकी आयु लम्बी है। जीवन के प्रारम्भिक वर्ष कष्टदायक होने से शारीरिक व्यवस्था कुछ अधिक शक्तिशाली नहीं हो पाती।

बहुत मिलनसार व उत्तम व्यवसायी होने के कारण आप स्त्रियों के साथ सम्पर्क बना लेने में कुशल हैं। स्त्रियों की रुचि को आप भलीभांति पहचानते हैं और उनके रूठने व क्रुद्ध होने पर आप परेशान नहीं होते। अपनी आकर्षण शक्ति द्वारा उनके मन में स्थान बनाकर उन्हें अपने वश में रखते हैं। दांपत्य जीवन में अगर विरोध भी हो जाए तो अपनी विनोदप्रियता से व अपनी अर्थव्यवस्था से अपने जीवन साथी की मनोभावनाओं को आकर्षित कर सकते हैं। आर्थिक रूप से समृद्धि पाकर ही आप विवाद करना उत्तम समझते हैं, प्रेम के सम्बन्ध में प्रतियोगिता व किसी प्रकार के झगड़े को जीतने में आप अपनी बुद्धि और मनोबल का प्रयोग करते हैं।

जीवन का पहला हिस्सा आर्थिक अव्यवस्था के कारण चिंता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एवं परेशानियों में गुजरता है। कुटुम्ब की आर्थिक क्षमता में कमी होने के कारण आपकी मनोभावना धन प्राप्त कर समृद्धि के लिए यत्नशील हो जाती है। आपको धनोपार्जन की चिंता में जुटे देखकर कुछ लोग आपको स्वार्थी कहने लगते हैं। किसी न किसी प्रकार 24 वर्ष के पश्चात् आपका भाग्योदय अवश्य होता है। व्यवसाय उचित हो या अनुचित, रीति हो या कुरीति, नियम का पालन हो या उल्लंघन आपकी रीति है, आत्मसम्मान की रक्षा करते हुए धन को प्राप्त करना और ख्याति प्राप्त करना। परन्तु एक बार धन प्राप्त कर सब प्रकार का पश्चात्ताप करने को तत्पर रहते हैं। दूसरों की सम्पत्ति आपको प्राप्त नहीं होती अगर हो भी तो आप उसकी इच्छा नहीं रखते।

जीवन का आरम्भ नौकरी से शुरू होता है परन्तु अधिक देर तक आप नौकरी करना उचित नहीं समझते। 28 वर्ष के पश्चात् किसी विशेष विद्या में विशिष्टता प्राप्त कर आप व्यावसायिक कार्यों में जुटने की धुन बना लेते हैं। 32 वर्ष से पूर्व ही आप कई प्रकार के कार्यों को करना आरम्भ कर देते हैं। यदि अपने लक्ष्य की पूर्ति करने के लिए नौकरी को पाने के लिए आपको आडम्बर रचना पड़े तो भी आपको संकोच नहीं होता। आपके जीवन का ध्येय है किसी न किसी प्रकार प्राप्त कर लेना आप कोई भी कार्य असम्भव नहीं मानते और प्रत्येक अवस्था में अपनी नवीन योजना से अपने कार्य को सिद्ध करने में सफल होने की क्षमता रखते हैं।

जीवन में अपने प्रभुत्व पद को प्राप्त करने के लिए सब लोगों के साथ सम्पर्क बनाए रखना आप उत्तम समझते हैं। समाज में मान और स्थान को प्राप्त करना अपने हितों के लिए जन सामान्य में रुचि रखना और किसी कार्य को निपटाने की भावना ही सहयोग प्राप्त करना आपका गुण है। स्वभाव से प्रगतिशील होने के कारण अपनी इच्छाओं को 45 वर्ष से पूर्व

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ही कर लेते हैं। स्वेच्छाचारी होने से जिम्मेदारियां अधिक देर तक नहीं निभा पाते, इसलिए समाज को अनायास संस्थाओं में अधिक रुचि लेना उचित नहीं समझते। धनिक व प्रभुत्वपूर्ण मित्रता रखते हुए सम्बन्ध बनाये रखते हैं।

आपके मित्र बहुत होते हैं। मित्रों से आपको लाभ भी होता है और आप उनकी सहायता करते हैं। अकारण मित्रता अथवा मनोरंजन के लिए मित्रता आप उचित नहीं समझते। पुराने मित्र कार्य व्यवसाय के काम में न हों, तो दूसरे मित्र जिनके साथ व्यावसायिक व्यवस्था हो, उत्पन्न हो जाते हैं। आपके जीवन का ध्येय धनी और उच्च लोगों से ही सम्बन्ध बनाने का होता है। कुटुम्ब में उदासीनता अवश्य प्राप्त होती है। परन्तु कुटुम्ब वालों की मनोभावनाओं के अन्त में न जाकर आप उनसे धीरे-धीरे अलग होकर स्वतन्त्र हो जाते हैं। जीवन के आरम्भ में कुटुम्ब वालों की सेवा करने में पूरा ध्यान करते हैं। परन्तु अन्ततोगत्वा आपको उनसे अलग होकर ही समृद्धि प्राप्त होती है। इसलिए कुटुम्ब के व्यक्ति आपको उत्तम नहीं समझते।

1981 का दैनिक भविष्य संकेत

जनवरी 1981

1 को नवीन आशाएं हर्षपूर्ण वातावरण प्रदान करें, 2 से 4 के मध्य सामाजिक धन लाभ, मनोबल उत्तम हो, 5, 6 को बनते हुए कामों में रुकावट, गत्यवरोध, 7, 8 को मनोबल उत्तम हो, समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़े 9 से 11 के मध्य कुटुम्ब से सहयोग, बिगड़े हुए काम बनें। 12, 13 को सफलता के साधन जुटाने में प्रयत्नशील रहें, 14, 15 को मित्रवर्ग के सहयोग से सफलता के साधन जुटा सकते हैं, 16, 17 को सफलता, धन लाभ, 18, 19 को कार्य सफलता का हर्ष, दैनिक कार्यों में समृद्धि के योग

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वनें, 20, 21 को फलप्रद योजनाओं के सफल होने का हर्ष, 22 से 24 के मध्य विशेष कार्य स्थगित रखें, कार्य करने पर भी सफलता न मिले। 25, 26 को समयानुकूल है, अब स्थिति में सुधार ला सकते हैं। 27, 28 को समय विशेष अनुकूल है, धन लाभ, प्रयोजन सिद्धि, 29 से 31 के मध्य समय अनुकूल है, आर्थिक योजनाओं में सफलता के साधन वनें।

फरवरी 1981

1 से 3 के मध्य भागीदारें में विषमता होने से बेचैनी हो, 4, 5 को आशा के अनुकूल सफलता प्राप्त कर प्रेमीजनों की सहायता व मनोरंजन का लाभ उठाएं। 6, 7 को स्वास्थ्य में गिरावट, वेकार भ्रमण व व्यर्थ मानसिक बेचैनी रहे, 8, 9 को योजना प्रणाली में विशेष परिवर्तन की कोशिश कीजिए पुराने तरीकों से कार्य पूर्ण न होगा। 10, 11 को सहयोगियों द्वारा मनोबल बना रहे। 12, 13 को सामाजिक बंधुत्व एवं मान-प्रतिष्ठा को प्राप्त कर किसी लक्ष्य की सफलता के तत्त्व जुटावें। 14, 15 को भ्रमणशीलता के कारण कुछ कार्यों में परेशानी रहे 16 से 18 के मध्य व्यावसायिक चिन्ताओं को त्याग कर पहले पारिवारिक समस्याओं पर ध्यान दें। 19, 20 को भागीदारों में कुटिलता होने के कारण चिंताएं हों। 21, 22 को मित्रगण और अधिकारियों द्वारा प्रशंसा के पात्र वने और इसी द्वारा कार्य आदि में सफलता पा सकते हैं। 23, 24 को अधिकारी और मित्रगण की सहायता से आपके सामर्थ्य में वृद्धि हो। 25, 26 को रुके हुए धन की प्राप्ति। 27, 28 को व्यावसायिक स्थिति सम्भव है। दैनिक कार्यों में सफलता एवं समृद्धि के साधन वनें।

मार्च 1981

1, 2 को समय में कुछ आर्थिक योजनाओं में बाधा व चिंता सम्भव है, 3, 4 को शुद्ध गोचर है, काम वनें, 5, 6 को उलझन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

में समय बीते, बनते हुए कामों में रुकावट, 7, 8 को अधिकारी वर्ग द्वारा विशेष समर्थन प्राप्त करने में सफल हों, 9, 10 को महत्त्वपूर्ण पद प्राप्त करने का समय है, व्यावहारिक दृष्टिकोण से आप सफलता के साधन जुटा सकते हैं, 11, 12 को प्रभुत्व एवं सामर्थ्य वृद्धि, मनोबल उत्साहपूर्ण रहे, 13 से 15 के मध्य कार्य व्यवसाय गति धीमी गति से उत्तम रहे, किसी विरोध एवं झगड़े का डर बना रहे, 16, 17 को मित्रों द्वारा दिये गए आश्वासनों से असफलता प्राप्त करके मन बेचैन रहे, 18, 19 को कुटुम्ब की विषमताएं असमंजस की स्थिति बना दें, 20 से 22 के मध्य पराक्रम वृद्धि, मनोबल उत्साहपूर्ण हो, शत्रु का नाश, 23, 24 को साधारण शुद्ध गोचर है, कार्य व्यवसाय बढ़े, स्त्रीवर्ग से सम्पर्क लाभप्रद हो, 25 से 27 के मध्य कुटुम्ब की स्थिति में परिवर्तन सम्भव है, 28, 29 को किसी वाद-विवाद से डरकर मुकाबला करना पड़े, 30, 31 को अधिकारी वर्ग के सहयोग से सफलता, आशा वृद्धि, मित्रों द्वारा मनोरंजन।

अप्रैल 1981

1 से 3 के मध्य मानसिक भावुकता के कारण शारीरिक शिथिलता सम्भव है, 4,5 को समय अनुकूल है, स्त्रीवर्ग से संतोष 6, 7 को अचानक किसी परिवर्तन से बचें, धन व्यय व कुटुम्ब से चिंता, 8, 9 को परिस्थितियों को नियन्त्रण में रखें, 10, 11 को कार्य कुशलता का हर्ष, समस्याओं से सुलझने का प्रयत्न करें, 12, 13 को स्त्री शरीर कष्ट, व्यावसायिक झगड़े, 14, 16 के मध्य आकस्मिक प्रयोजन का हर्ष, मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, 18, को अचानक किसी साधन प्राप्ति का हर्ष 19 से 21 के मध्य व्यावसायिक सुधार से आशाओं में वृद्धि, मान-प्रतिष्ठा उत्तम रहे, 22,23 को नये उद्योगों में सफलता की प्राप्ति, किसी की सहायता से हर्ष प्राप्ति व चिंता से छुटकारा मिले। 24 से 26 के मध्य कुटुम्ब में झगड़े, अचानक कोई चितायुक्त स्थिति उत्पन्न

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हो, 27, 28 को समय अनुकूल है किसी के समर्थन से हर्ष, योजनाओं में सफलता की आशा उत्साहवर्धक है, 29, 30 को सामान्य व्यवसाय चलता रहे, स्त्रीवर्ग से विशेष सन्तोष ।

मई 1981

1, 2 को पराक्रम में वृद्धि, मनोबल उत्साहवर्धक हो । 3, 4 को मित्रों के आश्वासनों से असफलता की प्राप्ति करके मन बेचैन रहे, किसी भी स्थिति में शांति व संयम का वातावरण न हो । 5, 6 को शुद्ध गोचर है, कार्य बने, मित्रों व परिवार की सहायता से आनन्द एवं भोग की प्राप्ति हो । 7, 8 को व्यर्थ उलझनों में समय व्यतीत हो, बनते हुए कामों में रुकावट, बेचैनी 9, 10 को स्त्रीवर्ग से सम्बन्ध संतोषजनक रहे । कार्य एवं व्यावसायिक वृद्धि के योग भी प्रकट हों । 11 से 13 के मध्य समय अनुकूल । बिगड़े हुए काम बनें व साधन सम्पन्न रहें । 16 से 18 के मध्य स्त्रीवर्ग द्वारा मनोरंजन भोगप्रद रहें, कार्य कुशलता के साधन बनें, 19, 20 को कार्य-प्रणाली में सुधार, मनोवृत्ति में उदारता के साथ आध्यात्मिक शक्ति में प्रबलता । 21 से 23 के मध्य स्वभाव में एकाग्रता, चिड़चिड़ापन व उदर विकार व चिंता सम्भव है । 24, 25 को पारिवारिक समस्याएं उलझें, व्यावसायिक गति उत्तम रहे, नवीन कामों में सिद्धि हो । 26, 27 को किसी विशेष परेशानी के कारण स्वभाव में बेचैनी । 28, 29 को सरल रूप बिगड़े हुए काम सुधर सकते हैं । 30, 31 को मित्रवर्ग से शुभ सूचना की प्राप्ति, मेल-मिलाप से प्रतिष्ठा बढ़े ।

जून 1981

1 से 3 के मध्य कुटुम्ब की व्यवस्था उत्तम हो कहीं से प्राप्ति की सम्भावन से हिम्मत में वृद्धि हो । 4, 5 को स्वास्थ्य में गिरावट । आर्थिक चिंताएं व्यग्र रखें । 6, 7 को मनोवृत्ति एवं स्वभाव पर संतुलन रखने से ही अधिकारियों की सहायता फलप्रद हो 8, 9 को व्यावसायिक विलम्बता के कारण उत्तेजना बनी रहे, 10, 11 को सन्तान से खुशी और व्यावसायिक सफलता के साधनों की प्राप्ति 12 से 14 के मध्य नए वायदे प्राप्त

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

करने में सफलता हो। सेवा-वृत्ति वाले प्रशंसा के पात्र बनें। 15, 16 को व्यावसायिक लाभ, सफलता की गुंजाइश, स्त्रीवर्ग से उल्लासपूर्ण वातावरण रहे। 17 से 19 के मध्य अर्थव्यवस्था के साधन बनें, कुटुम्ब की समस्यायें सुलझें। 20, 21 को आर्थिक सफलता के साधनों की उपलब्धि, पारिवारिक समस्याएं सुलझें। 22 से 24 के मध्य स्त्रीवर्ग के सम्पर्क से आशाओं में सफलता, वायदे पूरे हों। 25, 26 को बड़े-बड़े लोगों से तर्क लाभप्रद रहे। अधिकारियों के समर्थन का लाभ उठा सकते हैं। 27, 28 को आशाओं में सफलता, बिगड़े कार्यों में सुधार, 29, 30 को समय उत्तम है, व्यावसायिक सफलता से क्षमता में वृद्धि।

जुलाई 1981

1, 2 को धन लाभ, सन्तान से खुशी। सफलता की आशाएं रहें। 3, 4 को सफलता के साधनों में वृद्धि, स्त्रीवर्ग की सहायता लाभप्रद रहे। 5, 6 को कुटुम्ब की समस्याओं की वृद्धि के कारण चिंताएं बढ़ें। 7 से 9 के मध्य व्यावहारिक गुणों से समृद्धि के साधन बना सकते हैं। 10, 11 को समय अपेक्षाकृत उत्तम है, पुरानी स्थितियों को सुधारने में सफल हों। 12 से 14 के मध्य कुछ परिवर्तन की सम्भावना है। यह समय प्रभावोत्पादक सिद्ध हो। 15, 16 को भागीदारों में विषमता उत्पन्न होने से बेचैनी हो। 17, 18 को आशानुकूल सफलता प्राप्त कर प्रेमी-वर्ग की सहायता व मनोरंजन का आनन्द रहे। 19 से 21 के मध्य स्वास्थ्य में गिरावट, बेकार ही भ्रमण व अकारण मानसिक चिंता बनी रहे। 22, 23 को अपनी उत्तेजनापूर्ण मनोवृत्ति पर संतुलन करें। 24, 25 को अधिकारियों से सफलता के साधन बनें। कार्य गति उत्तम रहे। 26, 27 को समय उत्साहवर्धक रहे। मनोबल से कामों की स्थिति में सुधार। 28, 29 को किसी नाराजगी से चिंता व व्यग्रता की उत्पत्ति। व्यवसाय में मन्दी एवं बेकार की परेशानियां चिंताग्रस्त रखें, 30, 31 को मनोबल उत्तम रख साधन सम्पन्न हों।

अगस्त 1981

1 से 3 के मध्य मानसिक बोझ एवं खिन्नता बनी रहे, बेचैनी के कारण नया विवाद व नई समस्या उत्पन्न हो सकती

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

है। 4, 5 को समय उत्तम है। कार्य व्यवसाय में सफलता, मान-प्रतिष्ठा वढ़े। 6 से 8 के मध्य का समय सेवावृत्ति वालों के लिए उत्तम हैं, मित्रवर्ग से सुख, 9, 10 को आप अपने बचे हुए काम निपटा लें, सन्तान खुशी, 11 से 13 के मध्य भ्रमणशीलता बनी रहे, कुटुम्ब से सुख, 14, 15 को चिन्ताओं से छुटकारा, व्यवसाय में सफलता, 16, 17 को व्यर्थ भ्रमण, शारीरिक शिथिलता, अनावश्यक व्यय परेशान करें, 18, 19 को कुटुम्ब से सुख आर्थिक लाभ, 20, 21 को प्रतिष्ठा का योग है, धन लाभ, आशाओं में सफलता, 22, 23 को समय आपके अनुकूल है, मान प्रतिष्ठा में वृद्धि, 24, 25 को शत्रुवर्ग से सावधान रहें, स्वास्थ्य का ध्यान रखें वरना शारीरिक चिन्ता उदासी का कारण बने। 26 से 28 के मध्य हर्षपूर्वक रहे, मानसिक सतुष्टि, नवीन योजना का सुख मिले, 29 से 31 के मध्य समय सघर्ष में बीते, कर्मठ रहें, शक्ति एवं सामर्थ्य की वृद्धि हो।

सितम्बर 1981

1, 2 को समय आपके लिए आनन्दवर्धक है, आमोद-प्रमोद बढ़े, समस्याएं आपके अनुकूल हों, 3, 4 को अपने मनोबल और दक्षता का परिचय दें, विचारधारा में परिवर्तन, 5 से 7 के मध्य समय आपके लिए महत्त्वपूर्ण है, कार्य सिद्धि, 8 9 को सम्बन्धी जन साथ दें, भाग्य का सितारा उत्तम है, किसी अधिकारी से सांत्वना प्राप्त हो। 10, 11 को समय स्त्रियों से आनन्द प्राप्ति में सहायक है, 12 से 14 के मध्य कुटुम्ब की समस्याओं में उलझनें बढ़ने का योग है, 15, 16 को आने-जाने से कुछ समस्याएं सुलझें, कार्य व्यवहार उत्तम, 17, 18 को आकस्मिक धन लाभ का योग है, 19, 20 को समृद्धि के योग बनें, प्रशासकवर्ग सहायता प्रदान करे, 21, 22 को मानसिक दुर्बलता के कारण विरोधियों से चिन्ता, 23, 24 को अथक परिश्रम करना पड़े, मित्रवर्ग निरर्थक रहे, 25, 26 को कहीं विरोधी तत्त्वों से निपटना पड़े, शारीरिक व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें, 27, 28 को समय रुके हुए कामों की पूर्ति का है, 29, 30 को प्रशासक वर्ग सहायता प्रदान करे, आशाओं में वृद्धि, विगड़े काम बनें, प्रयत्नशील रहें।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अक्तूबर 1981

1, 2 को सामाजिक व सरकारी कार्यों में सफलता, चिंताओं से छुटकारा, 3, 4 को समय अनुकूल है, सभी प्रकार के विरोधों से आप निपट सकते हैं, टेंडर मिले, 5, 6 को भ्रमणशीलता से परेशानी, स्थिति के साथ चलना ही आपके लिए उत्तम होगा, 7 से 9 के मध्य स्त्रीवर्ग समर्थक रहे, आशा वृद्धि बिगड़े काम बनें, 10, 11 को व्यावसायिक झगड़े, कार्य में रुकावटें, स्त्री शरीर कष्ट, 12, 13 को आपका अधिकाधिक समय कुटुम्ब के कामों व्यतीत हो, 14, 15 को व्यावसायिक समझौते फलीभूत हों, स्त्रीवर्ग से विशेष विलासपूर्ण, 16, 17 को आकस्मिक घटना से बचें, शरीर कष्ट, बनते हुए कामों में रुकावट, 18, 19 को अचानक किसी परिवर्तन से बचें, धन व्यय, कुटुम्ब की चिंता, 20, 21 को व्यावसायिक झगड़े, बड़े कार्यों में रुकावटें, 22 से 24 के मध्य अचानक कोई कार्य बन जाने का हर्ष, मान-प्रतिष्ठा बढ़े, आर्थिक लाभ हो। 25, 26 को वाद-विवाद से बचें, दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप करने से खुद को शारीरिक कष्ट सम्भव, 27, 28 को समय आपके अनुकूल है, किसी के समर्थन का हर्ष एवं योजनाओं में सफलता, 29 से 31 के मध्य मानसिक भावुकता के कारण शारीरिक शिथिलता सम्भव है, स्त्रीवर्ग से विशेष रुचि युक्त एवं प्रेमपूर्ण सम्बन्ध बढ़ें।

नवम्बर 1981

1 से 3 के मध्य कुटुम्ब में विरोध, कष्टकारक स्थिति पैदा हो, 4, 5 को मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता के साधन बनें, 6, 7 को आशाओं में सफलता, शुभ समाचार का हर्ष, 8, 9 को धन लाभ, नए कार्य बनें, मन उल्लासपूर्ण एवं संवेदनशील रहें, 10, 11 को मित्रता काम आवे, प्रयोजन सिद्धि का हर्ष, 12, 13 को नए उद्योग सफल हों, सहायता से हर्ष, 14, 15 को स्वभाव में क्रोध, मानसिक बेचैनी, किसी की उपेक्षा कष्टदायक हो, 16 से 18 के मध्य धन हानि, चिंता एवं व्यग्रता रोग से परेशानी, 19, 20 को समय अनुकूल है, आप स्थिति पर काबू पा सकते हैं, विरोधी तत्त्वों से सावधान रहें, 21, 22

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

को कार्य क्षमता में वृद्धि, मित्रवर्ग विशेष सहायक हों, 23 से 25 के मध्य हर्षप्रद सूचनाएं उत्साहवर्धक हों सफलता से आशा बने, 26 27 को कार्य कुशलता का हर्ष, सरकारी कार्यों में सफलता, 28 से 30 के मध्य व्यावसायिक कार्यों की चिंता।

दिसम्बर 1981

1, 2 को मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, बिगड़े कार्य सुधरें, स्त्रीवर्ग से उल्लास एवं मनोरंजन की प्राप्ति, 3 से 5 के मध्य स्त्रीवर्ग विशेष समर्थक हों। प्रेम वार्ता सफल रहे, 6, 7 को प्रभुत्व वृद्धि, व्यवसाय उत्तम, नए कारोबार से लाभ, 8, 9 को अधिकारीगण सहायक बनें, सेवा वृत्ति वालों के लिए उन्नति के साधनों की प्राप्ति, 10, 11 को साधन सम्पन्न हों, धार्मिक कार्यों में सफलता की सम्भावना। 12, 13 को वाद-विवाद से बचें। दूसरों के मामलों में दखल देना उचित नहीं। 14, 15 को मानसिक भावुकता के कारण शारीरिक गड़बड़ की सम्भावना है। 16, 17 को भ्रमणशील रहें, आवश्यक कार्यों में व्यस्तता से व्यवसाय में बाधा, 18 से 20 के मध्य किसी महत्त्वपूर्ण कार्य के लिए नियुक्ति की सम्भावना है। मान-प्रतिष्ठा के साथ-साथ धन के साधनों की भी सम्भावना है। 21, 22 को प्रभुत्व वृद्धि, व्यवसाय उत्तम, नए कारोबार से लाभ, 23 से 25 के मध्य उत्साह से कार्य निपटा लें, व्यवस्था नियन्त्रित रखें, 26, 27 को तनावपूर्ण वातावरण से बचें, कहीं उपहास भी हो सकता है, 28, 29 को शुभ सूचनाओं का हर्ष रहे, कार्य गति तेज रहे, उत्साह एवं कार्य कुशलता की खुशी, 30, 31 को साधन संपन्न हों, कार्य परिवर्तन लाभप्रद रहे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कुम्भ राशि

सृजनकारी शक्तियों को उत्पन्न करना ही आपकी प्रकृति है कुम्भ के समान आप गम्भीर और परोपकारी हैं आपकी प्रकृति वात प्रधान है। आपको मंगल से दृढ़ता, राहू से नीति निपुणता एवं गुरु द्वारा प्रभुत्व एवं सम्पन्नता के साधन प्राप्त हैं। आपकी राशि का स्वामी शनि आपकी कार्य प्रणाली को गुप्त एवं सुनियोजित रखता है। यही कारण है कि आप जिस क्षेत्र को अपनाते हैं उसमें परोपकार और सेवा के प्रभुत्व और प्रतिष्ठा ग्रहण करते हैं। आप एक कर्मठ कर्मचारी होते हुए भी अपनी विचारधारा को विशाल रखते हैं। पुरुषार्थ में कभी कमी नहीं आने देते। अपने हितों का ध्यान पूरी तरह रखते हैं। अपने आश्रितों को पूर्ण सुख देना और उनसे पूर्ण सेवा प्राप्त करना आपको कुशलता से आता है। छोटा-सा अवसर मिलने पर आप उसका सदुपयोग करते हैं। आपकी अन्वेषण शक्ति पूरे संसार को आश्चर्यचकित कर देती हैं। आप जीवन को स्वतंत्र रखना चाहते हैं। किसी के दबाव में आकर अन्याय और अत्याचार सहन नहीं कर सकते। आप अपनी नेतृत्व शक्ति को शोषित तथा दलित वर्ग की सेवा में लगाने से भी संकोच नहीं करते।

आपका व्यक्तित्व सक्रिय जीवन बिताने का है। सफलता के मूल रहस्य प्राप्त कर बौद्धिक एवं परिश्रम निरन्तर करते रहने

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

से व्यक्तित्व स्वयं ही निखर आता है। आप जितने शान्त व चुप रहने की भावनाएं रखते हैं, व्यक्तित्व में उतनी ही गहराई तक पहुंचने की क्षमता बनती है। आपके व्यक्तित्व में आत्मविश्वास, मानसिक सतुलन एवं संघर्ष से निपटने की शक्ति है। बाधाओं से आप घबराते नहीं और अवसर आने पर आप चूकते भी नहीं। महत्त्वाकांक्षी होने के नाते आप अपने जीवन में किसी विशेष नेतृत्व को अवश्य प्राप्त करते हैं। रुढ़ियों की आपको विशेष चिन्ता नहीं रहती। कुम्भ राशि की स्त्रियां भी सम्मानीय पद पर रहकर अपनी प्रतिष्ठा का विशेष ध्यान रखती हैं उनकी रुचियां कलात्मक होती हैं और भावनाएं विशुद्ध यथार्थवादी। होती हैं प्रेम आदि के सम्वन्ध में विशेष गंभीरतान हीं रखतीं परन्तु किसी के दवाव में आकर नैतिकता को त्याग वासनात्मक भावनाओं में नहीं पड़तीं। आपकी प्रकृति का विशेष गुर दूर-दर्शिता द्वारा, शक्तियों का संग्रह कर समृद्धिशाली वनाना है। कष्ट के समय में थोड़ी देर के लिये कदाचित उत्साहहीन हो सकते हैं। परन्तु गम्भीरता से मनन करने के पश्चात अपनी संघर्ष शक्ति में प्रबलता व दृढ़ता आ जाती है।

संघर्ष में विद्या धीरे-धीरे प्राप्त होती है। वाधाएं आने पर भी आप अपनी ज्ञान शक्ति के संचय में लगे रहते हैं। किसी विशेष गुण व कार्य में क्षमता अवश्य प्राप्त करते हैं। आपकी प्रतिभा बहुमुखी होने के कारण विशेष रचनात्मक कार्यों में दक्ष होते हैं। आपकी सफलता के लिए आवश्यक है कि भावनाओं का केन्द्र एक समय में एक ही विषय को बनाकर फिर दूसरे विषय की ओर जाएं। समाज शास्त्र, चिकित्सा, जीवविज्ञान, कला-कौशल व दस्तकारी में आप स्वभाव से ही निपुण होते हैं। बाल्यकाल से यदि किसी कारण विद्या से विमुख भी हो जाएं तो आप तकनीकी विद्या ग्रहण कर दस्तकारी, शिल्प एवं किसी टैक्नीकल काम में सफलता प्राप्त कर औद्योगिक व्यवसाय अपना

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कर जीवन में प्रगति करते हैं। कल्पना शक्ति के होते हुए भी आप यथार्थवादी हैं। भावों की तरंग में न बहकर अपने जीवन को निरन्तर सुखमय बनाने के लिए प्रयत्नशील रहते हैं।

प्रेम और सैक्स के मामले में आपकी विचारधारा अन्य राशियों से भिन्न है। आप जिसे प्यार करते हैं, पूरी तरह करते हैं। जीवनसाथी आपके अनुकूल हो या न हो, आप उससे निर्वाह कर ही लेते हैं। जोवन में यदि सुन्दर सुरुचि सम्पन्न अनुकूल पत्नी मिल जाये तो प्रगति के शिखर पर पहुंचने में सफल हो सकते हैं। आपके प्रेम का आधार कल्पना शक्ति नहीं, ना ही सौंदर्य है परन्तु भावनाओं में अनुकूलता आपके प्रेम का आनन्द है। ऊपरी प्रेम से आपको घृणा है। वैसे तो ऐश्वर्य और भोग प्राप्त करने में आप हिचकिचाते नहीं, परन्तु मानसिक प्रेम आपके स्वभाव की अनुकूलता होने पर ही होता है। स्त्रियों के कार्यक्रम के वार्तालाप में आप बहुत रुचि लेते हैं, परन्तु यदि आप उन्हें आकर्षित न कर सकें तो उनके पीछे ज्यादा नहीं फिरते। आपका दाम्पत्य जीवन नैतिकता के समन्वय की दृष्टि से सफल है। न्याय की भावना ही आपको इस क्षेत्र में सफलता प्रदान करती है। आप वास्तव में स्त्रियों को अपनी इच्छाओं के अनुकूल होने पर विशेष महत्व देते है। शारीरिक मिलन तो आपके जीवन में विशेष महत्व नहीं रखता। भावनात्मक होने के कारण अपने जीवन साथी से प्रेरणा, प्रेम, आनन्द और भोग चाहते हैं। सामाजिक विषमता के कारण यदि ऐसा सम्भव न हो तो आपकी रुचियां हीनता की ओर बढ़ने लगती हैं। यही आवश्यक है कि अनुकूल राशि की स्त्री से ही विवाह व प्रेम कर आप दाम्पत्य जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

आय व्यय के मामले में आप काफी सोच-समझकर धन का व्यय करते हैं। आपकी इस प्रकृति के कारण आप कई लोगों की निगाह में कजूस माने जा सकते हैं। आप धन के सदुपयोग से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अपना प्रभुत्व बनाते हैं। भावावेश में आकर कभी-कभी जुआरियों की तरह जोखिम का मजा लेने से आपको इन्कार नहीं, परन्तु किसी भी तरह के लाटरी, व्यापार, सट्टे में आपको लाभ होना सम्भव नहीं। आपको संयोग से धन प्राप्ति के साधन कई बार जीवन में बनते हैं। परन्तु उसे जीवन में सम्भाल कर रखना कठिन होता है। संचय करना आपका मानसिक धर्म है, संग्रहशील होने के नाते कुर्म्भ की तरह धन को एकत्रित करते हैं और इसी कारण जीवन में धीरे-धीरे आप आर्थिक समृद्धि के साधन बनाने में सफल होते हैं। जीवन के उत्तरार्ध में अपनी सम्पत्ति वनाकर ही रहते हैं। समाज में अपना प्रभुत्व वनाने के लिए कई बार अपव्यय भी हो जाता है परन्तु यदा-कदा उसको पूरा करने के लिए विशेष परिश्रम व संघर्ष करना पड़ता है।

आप यदि कला कौशल, वौद्धिक व्यवसाय, लेखन, चिकित्सा व्यवस्था सेना, पुलिस एवं गुप्तचर विभाग में पड़ें तो सफल होते हैं। रचनात्मक बुद्धि होने के कारण विज्ञान एवं कला का सम्वन्ध आपकी बुद्धि में उत्तम योग रखता है। वौद्धिक व्यवसाय से भी आप उन्नति कर सकते हैं। स्वयं न्याय पर चलें या न चलें लेकिन दूसरों से इन्साफ अवश्य चाहते हैं। आपकी कार्य रुचि में आत्मविश्वास परिश्रम और स्थिति का सामना करने की शक्ति बनी रहती है। आपकी कार्यगति धीमी होती है इसलिए सफलता में कुछ समय व देर लग जाती है। जीवन के मध्य भाग में ही आप अपने परिश्रम से और बुद्धि की प्रखरता से अपने कार्य में प्रगति प्राप्त करते हैं। जीवन के प्रथम भाग में लापरवाही उद्दण्डता एवं संवेदनशीलता रहती है। जीवन के मध्य भाग में उत्पादन, उद्योग, प्रगति की भावनाएं संघर्ष कराकर आपको उत्तरार्ध में विशेष सफलता के साधन जुटा देती है।

सबकी सेवा भावना की प्रवत्ति से समाज में आपके साधन बने रहते हैं। बड़े-बड़े अधिकारियों के मेल-जोल से आप सरा-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हना के साथ-साथ प्रतिष्ठा भी प्राप्त करते हैं। सेवावृत्ति में उच्च स्तर पर पहुंचने की क्षमता आपकी कर्मशीलता एवं तटस्थता से बनी रहती है। उपलब्धिहीन कार्यों में आपकी रुचि नहीं होती। यश या आनन्द के लिए थोड़ा-सा समय सामाजिक जीवन में दे पाते हैं। आपके जीवन का ध्येय है, साधन सम्पन्न होना और समाज सेवा में नियंत्रित रहना। कुछ लोग आपको अवसरवादी समझते हैं परन्तु अपनी प्रगति के साधनों को पाकर उन्नति करना आप अपने जीवन का लक्ष्य मानते हैं और ऐसे मनुष्यों के प्रभाव में नहीं आते, आप परिश्रमी होने से अपने कार्यों को स्वयं पूरा रखने की चेष्टा करते हैं।

जीवन के हर क्षेत्र में पूरी तरह भाग लेने के कारण आपके मित्र अधिक होते हैं। मित्रों से मनोरंजन, प्रेम मिलन और भोग की प्राप्ति होती रहती है। मित्रों से आपके काम भी बनते हैं और लाभ भी होता है। स्वभावतः चरित्रहीनता व आपको कुपथ पर ले जाने वाले अनैतिक व्यक्तियों से आपकी मित्रता अधिक देर नहीं रहती। जीवन के आरम्भ में ही कुटुम्ब के लोगों का बोझ अधिक रहता है उनकी सेवा व सहायता में आप आनन्द भी प्राप्त करते हैं। परन्तु उनकी सद्भावना न रहने से आप कुटुम्ब को त्यागकर विलास की भावनाएं अपनाने लगते हैं।

1981 का दैनिक भविष्य संकेत

जनवरी 1981

1, 2 को भाग्य वर्धक योग बनें, कार्यकुशलता का हर्ष, सफलता के साधन बढ़ें। 3, 4 को धन लाभ, स्थिति में सुधार। 5, 6 को आशाओं की पूर्ति, स्त्री, सन्तान सुख। 7, 8 को कारोबार में विघ्न, कुटुम्ब क्लेश, चिन्ता। 9, 10 को कुटुम्ब सुख, कारोबार उत्तम। 11, 12 को कुटुम्ब की चिंता, स्त्री शरीर कष्ट

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दैनिक स्थिति सामान्य । 13 से 15 के मध्य समय की अनुकूलता का लाभ उठावें, सफलता के साधन बढ़ें । 16, 17 को आप विशेष सुख प्राप्त कर सकते हैं । 18, 19 को बिगड़े काम सुधरें, कारोबार उत्तम । 20, 21 को विरोधियों की उपेक्षा का ध्यान न करें, व्यावसायिक गतिशीलता चले । 22 से 24 के मध्य विवाद आदि मंगल कार्यों में व्यस्तता, सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़े, कारोबार उत्तम । 25 से 26 को समय ठीक नहीं, लेन-देन के मामले स्थगित रखें । 27, 28 को स्थिति परिवर्तनशील रखें, अनायास खर्चो से परेशान स्वभाव अशांत । 29 से 31 के मध्य कारोबार उत्तम, शुभ सूचना का हर्ष, व्यावसायिक सुख एवं समृद्धि के साधन बनें ।

फरवरी 1981

1 से 3 के मध्य सामाजिक प्रतिष्ठा, कार्य गति उत्तम, क्षमता वृद्धि, आशाओं से लाभ । 4, 5 को मानसिक असंतोष, विपक्ष से विवाद । 6, 7 को यात्रा प्रसंग से कष्ट, स्त्री शरीर कष्ट । 8, 9 को कुटुम्ब से चिन्ता, धन हानि का भय । 10, 11 को निरर्थक उत्साह, स्वभाव में बेचैनी, प्रतिष्ठा वृद्धि । 12, 13 को मित्र विरोध, भय, साधारण कार्य गति । 14, 15 को स्त्री वर्ग से खुशी, कार्य गति उत्तम । 16 से 18 के मध्य विपक्ष से विवाद, मानसिक बेचनी । 19, 20 को स्त्री सुख, प्रतिष्ठा वृद्धि, शुभ सूचना का हर्ष । 21 से 23 के मध्य सतर्कता से कार्य करें, चोट आदि का भय । 24 से 26 के मध्य अधिकारी वर्ग का समर्थन हर्षप्रद हो, स्त्री वर्ग उल्लासपूर्ण रखें । 27, 28 को व्यावसायिक समद्धि से सन्तोष, कार्य गति उत्तम ।

मार्च 1981

1, 2 को संतान से खुशी, रुके काम बनें । 3, 4 को विपक्ष से विवाद, धन का व्यय, चोरी का आरोप । 5, 6 को समय की अनुकूलता का लाभ उठावें सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़े । 7, 8 को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

